संसेक्स
76,456.59 -33.48
डॉलर
83.617 +0.102
रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,190
01 किलो 96,000

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 12 जून 2024, वर्ष-25, अंक-130, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





पेज 12
मणिपुर हिंसा और चुनाव पर मोहन भागवत के बयान...


## एक नजर

### मोहन मांझी होंगे ओडिशा के नए सीएम



**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** केन्दुझर से विधायक तथा राज्य के जनजातीय नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ ही पटनागढ़ से विधायक कनक वर्धन सिंह देव और निमापडा से विधायक प्रवाति परिडा उप मुख्यमंत्री बनेंगी। भुवनेश्वर में मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति में विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### भीषण गर्मी : 12 से 15 तक बंद रहेंगे राज्य के सभी स्कूल

**रांची।** राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी कोटि के स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश मंगलवार को जारी किया है। संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने कहा कि सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त स्कूल 12 से 15 जून तक बंद रहेंगे। नौ जून को विभाग ने कहा गया था कि सभी स्कूलों में केजी से 12 वीं तक की पढाई सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक होगी।

### अरुणाचल के लिए रविशंकर और चुघ केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चयन के लिए वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की।

# अन्नपूर्णा देवी व संजय सेठ ने संभाला मंत्रालय का कार्यभार



संजय सेठ



अन्नपूर्णा देवी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोडरमा की सांसद व केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। वहीं शास्त्री भवन में सावित्री ठाकुर ने भी मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला लिया। वहीं रांची के सांसद संजय सेठ ने भी मंगलवार को रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने एवं रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संजय सेठ का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद अन्नपूर्णा देवी ने ट्वीट करके कहा कि सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह और गौरव की अनुभूति कर रही हूं। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण और बचपन के संरक्षण-संवर्द्धन के स्मरणीय दौर का साक्षात्कार किया है। मेरा प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप देश में वुमेन डेवलपमेंट के स्थान पर वुमेन लेड डेवलपमेंट की उपलब्धि प्राप्त करे। वहीं संजय सेठ ने सांसद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्य करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने राजनाथ सिंह के साथ पहले विभिन्न पदों पर काम किया है। संजय सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्रालय की उन विभिन्न पहलों को पूरा करने का प्रयास करेंगे जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करना है।

### अच्छी विधि व्यवस्था से बनती है बेहतर छवि, विकास को मिलता है नया आयाम

# राज्य में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** विरोधी दलों खासकर भाजपा की ओर से राज्य की विधि-व्यवस्था पर लगातार उठाये जा रहे सवालों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में राज्य की विधि-व्यवस्था और अपराध-उग्रवाद नियंत्रण को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। राज्य के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिल उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ हुई इस समीक्षा बैठक में सीएम चंपई सोरेन ने अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। साथ ही वन, उत्पाद और भू- राजस्व से जुड़े मामलों की भी उच्च स्तरीय समीक्षा कर सीएम ने कई अहम निर्देश दिए।

सीएम ने कहा कि राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की छवि बेहतर बनती है। इससे विकास को नया आयाम मिलता है। यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है। यही वजह है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है।

शेष पेज 11 पर





*आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर अपराध पर करें नियंत्रण*

*सीएम ने कहा कि आज कई ऐसी तकनीकें है, जिसके जरिए अपराध को जानने- समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके साथ अन्य राज्यों में विधि व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं, उसका भी अध्ययन करें, ताकि झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप उसकी जरुरत पड़े तो उसका इस्तेमाल किया जा सके।*

### जल्द कराएं आदिवासी जमीन की दखल-दिहानी

चम्पाई सोरेने ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति से जुड़े जमीन के उन वादों में आदिवासियों को जमीन पर दखल दिलाना सुनिश्चित करें, जिसमें कोर्ट की डिग्री हो चुकी है। एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। इसके तहत दर्ज मामले पेंडिंग नहीं रहे, इस पर विशेष ध्यान दें और इसकी मॉनिटरिंग पूरी गंभीरता के साथ हो। साथ ही कहा कि उग्रवादी घटनाओं में जो जवान शहीद हुए हैं, उनके आश्रितों को सरकार की ओर से दिए जाने वाले सभी लाभ यथा समय दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस कैंप की वजह से लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। चम्पाई ने कहा कि स्नेचिंग, चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगनी चाहिए। शहरी इलाकों में गश्ती व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करें। इसकी निरंतर निगरानी होते रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था का बेहतर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। माफिया तथा पेशेवर अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई करें ताकि उनके मन में भय उत्पन्न हो।

- क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से विधि-व्यवस्था का बेहतर संचालन संभव
- दूसरे राज्यों की विधि-व्यवस्था का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें

## अहम जानकारियां

### कार्यशैली और सूचना तंत्र को मजबूत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं। नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती बढ़ जाती है। ऐसे में अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा।

### डीसी-एसपी बेहतर समन्वय से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि डीसी और एसपी के बेहतर को-ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं। राज्य के तमाम अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे। सीएम ने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होंगी, उसे सरकार पूरा करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट का नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक से इनकार

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी 2024 परीक्षा के बाद मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए जारी काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक के लिए कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। इस साल 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) तथा अन्य से जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा नहीं है कि आपने इसे किया है तो इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता।

शेष पेज 11 पर



*पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे।*

# '41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से लें सहायक आचार्य परीक्षा'

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को होने वाली सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी और 41 अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर मंगलवार सुनवाई की। सुनवाई के दौरान झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष प्रशांत कुमार अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। हाई कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया कि जिन 41 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल की है, उनके लिए अलग से परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए अदालत ने जेएसएससी को चार सप्ताह का समय दिया है। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि इस याचिका का जो भी अंतिम निष्कर्ष निकलेगा, उससे उनकी नियुक्ति प्रभावित होगी। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच में हुई। अमृता कुमारी और अन्य की ओर से पूर्व महाधिवक्ता व हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार व अपराजिता भरद्वाज ने बहस की। उन्होंने कहा कि संशोधित नियमावली को पूर्व के विज्ञापन में लागू नहीं किया जा सकता। वादी मूल नियमावली की सभी शर्तों को पूरा कर रहे हैं। इसलिए इन्हें एडमिट कार्ड मिलना चाहिए और इन्हें परीक्षा में शामिल किया जाना चाहिए।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# राहे में जन्मदिन पार्टी में पहुंचे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राहे ओपी क्षेत्र के लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन की पार्टी में सोमवार रात पहुंचे अर्जुन महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बुंडू के बीच टोला का रहने वाला था। रांची पुलिस ने हत्या के समीर कोईरी को बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। बुंडू एसडीपीओ रतीभान सिंह ने बताया कि अर्जुन महतो रात में अपने बड़े साढू झरिया महतो के राहे स्थित लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन के पार्टी में गया था। लेकिन देर होने की वजह से रात में वहीं रूक गया। इसी बीच अर्जुन महतो का छोटा साढू समीर कोईरी बाउंड्री क्रॉस कर वहां पहुंचा और उसने अर्जुन को गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। यह पूरा घटनाक्रम झरिया महतो की पत्नी पुष्पा देवी ने देखा। मौके पर मौजूद रिश्तेदार अर्जुन को रांची के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बुंडू के अर्जुन महतो तथा पुरुलिया के कोड़ाडीह निवासी समीर कोईरी के बीच किसी बात को लेकर लंबे समय से बातचीत बंद थी। दोनों अक्सर एक दूसरे को मारपीट की धमकी देते थे। अर्जुन पेशे से सब्जी कारोबारी था। वह अपने परिवार के साथ ताऊ में सब्जी का कारोबार करता था।



### रेललाइन पर बम पाए जाने के बाद पहुंची आरपीएफ की टीम

**कोडरमा।** धनबाद रेलमंडल अंतर्गत गया कोडरमा रेलखंड के यदुग्राम और बसकटवा के बीच मंगलवार को टिफिन बम पाए जाने की खबर मिली है। लोगों ने एक टिफिन नुमा संदिग्ध वस्तु को वहां देखा। आशंका है कि वह टिफिन बम हो सकता है। सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और तुरंत वहां आरपीएफ की टीम पहुंच कर इलाके की घेराबंदी की हुई है। रेल लाइन के किनारे बम पाए जाने की खबर के बाद आस-पास के लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंचे गए हैं।

# यूपी की जनता ने नफरत, हिंसा के खिलाफ वोट दिया : राहुल गांधी

एजेंसी

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद जनता का आभार जताने रायबरेली पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट किया है। भाजपा के लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे थे पर जनता ने उन्हें संविधान को माथे से लगाने के लिए मजबूर कर दिया। जनता ने बता दिया कि वो नफरत के खिलाफ है, बेरोजगारी के खिलाफ है।



रायबरेली की जनता ने इस बदलाव की शुरूआत की है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा फैजाबाद लोकसभा सीट भी हार गई। अयोध्या की जनता ने संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से किसी तरह जीते हैं। अगर वहां से प्रियंका लड़ जाती तो प्रधानमंत्री तीन-चार लाख वोटों से हारते। देश की जनता ने भाजपा को संदेश दिया कि ये मोहब्बत का देश है। जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तो किसी गरीब को, किसी आदिवासी को नहीं बुलाया गया था। सिनेमा के लोग आए थे, उद्योगपति मौजूद थे, पर किसी गरीब आदिवासी को नहीं बुलाया गया। अयोध्या में भाजपा को हराकर जनता ने संदेश दिया है।

## इंडिया



सुनील बादल

*21 मई को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश ने उन्हें समन जारी किया था और 11 जून को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया था।*

# नई जिम्मेदारी में राहुल को निभानी होगी बड़ी भूमिका

राहुल गांधी 18 जून से शुरू होने वाले संसद में नेता प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका में हो सकते हैं । विवादास्पद बयानों के कारण अक्सर वे चर्चा में रहते हैं ।कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया था । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी मामले को लेकर सुनवाई थी । 21 मई को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायधीश ने उन्हें समन जारी था और 11 जून को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया था। राहुल गांधी की ओर से कोर्ट से जारी समन को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था।2018 में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। इसको लेकर चाईबासा कोर्ट में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी।झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी पर 1000 रुपए का जुमार्ना भी लगा चुका है। ये जुमार्ना अदालत में जवाब दाखिल करने में देरी के कारण लगाया गया। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला चाईबासा सिविल कोर्ट में चल रहा है, जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी को लेकर अदालत ने जवाब मांगा था, जिसे नहीं देने पर कोर्ट ने जुमार्ना लगाया।झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मुकदमे चल रहे हैं। पहला मामला नवीन झा ने रांची की निचली अदालत में अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ चल रहा है। दूसरा मामला भी अमित शाह को लेकर है,बीजेपी नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में याचिका दायर की थी। तीसरा मामला, मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। सभी मामले की सुनवाई रांची में हो रही है।लगभग दस वर्ष पूर्व कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने बयान दिया था कि मंदिर जाने वाले लोग ही महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करते हैं। इस विवादित बयान की वजह से वह कानुपर के किदवई नगर में भाजपा कार्यकताओं ने उनका पुतला फूंका था । आरोप है कि इस बयान से सनातन धर्म का अपमान हुआ है। अपनी सेक्युलर छवि को मजबूत बनाने के लिए राहुल गांधी ने एक वर्ग विशेष को नाराज करने वाला विवादित बयान देकर फिर से अपनी किरकिरी करवाई है।



उनके इस बयान से गुस्साए भाजपा कार्यकताओं ने उनका पुतला दहन किया और मांफी मांगने को कहा।कार्यकताओं ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान पूरी तरह से सनातन धर्म और हिंदू संस्कार के विरोध में है। उन्होंने कहा कि इससे सनातन धर्म की भावनाएं आहात हुई हैं। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में हार के बाद अब कांग्रेसी नेता बौखला गए हैं और बेतुके बयान दे रहे हैं। कुछ लोग उनकी परिपक्वता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं । कई बार ऐसा हुआ है कि राहुल के बयान विवादों के घेरे में आ गए हैं। कई बार तो उनके बयानों पर सफाई देना कांग्रेस के लिए भी मुश्किल मालूम पड़ा है। 24 अक्टूबर, 2013 को इंदौर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा था , मुजफ़्फ़रनगर में जो आग लगी है।ऐसे 10-15 लड़के हैं, मुसलमान लड़के हैं, जिनके भाई-बहनों को मारा गया है।पाकिस्तान के लोग उनसे बात कर रहे हैं ।पाकिस्तान की खुफि या एजेंसी के लोग उन लड़कों से बात करना शुरू कर रहे हैं और मैं, उनसे बात कर रहा हूं, कह रहा हूं कि इनके बहकावे में मत आओ।चंडीगढ़ के एक विश्वविद्यालय में 11 अक्टूबर, 2012 को भाषण देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यूरोप के राजदूत ने कहा कि आने वाली सदी भारत की है क्योंकि यहां ह्यूमन रिसोर्स बहुत अच्छा है।लेकिन पंजाब के ह्यूमन रिसोर्स का क्या हो रहा है ।यहां 10 में से सात युवा नशे की गिरफ़्त में हैं।हाल ही में चुनाव पूर्व राहुल गांधी के एक वायरल वीडियो में राजा-महाराजाओं को लेकर की गई टिप्पणी पर घमासान शुरू हो गया। केंद्र शासित प्रदेश दमन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि राजा-महाराजा मनमानी करते थे। जब चाहते थे कमजोर, एससी व एसटी की जमीन छीन लेते थे।पूर्व गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज यह भूल गए की राजा-महाराजाओं ने अपनी रियासतें देश को अर्पण की थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को लूटने का काम तो कांग्रेस की सरकार करती थी। क्षत्रिय राजपूत संकलन समिति के प्रमुख करण सिंह चावड़ा ने राहुल के बयान को राजा-महाराजाओं का अपमान बताते हुए कहा कि वे मनमर्जी से जमीन छीन लेते थे, पूरी तरह से गलत है। कहा कि समिति की कोर कमेटी में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी।ब देखना है कि नए नेता प्रतिपक्ष राजनीतिक रणनीति के तहत समाचारों में बने रहने के लिए ऐसे बयान देते रहे हैं या नहीं?

## एक नजर

### दो अलग स्थानों पर चोरी

**चान्हो।** थाना अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बिजुपाड़ा बस्ती और करकट पंचायत भवन में जलमीनार में लगे सोलर पैनल और कंट्रोलर की चोरी कर ली गई है। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब दो लाख बताया जा रहा है। इन दोनो जलमीनार से लगभग तीन दर्जन घरों में पेयजल की आपूर्ति होती थी जो अब बाधित हो गई है। पेयजल की आपूर्ति बंद होने से चिलचिलाती गर्मी में दर्जनों घरों के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इधर मामले की जानकारी विभागीय जेई द्वारा थाने को दी गई है।

### जेपीएससी मुख्य परीक्षा का आवेदन अब 14 जून तक जमा होगा

**रांची।** 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून को होनी है। इधर, जेपीएससी ने कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा में पास जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए और 3 दिन का समय दिया जाता है। जेपीएससी ने कहा कि अब अभ्यर्थी 14 जून तक जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

### डीडीसी ने मुरहू प्रखंड का दौरा किया

**खूंटी।** उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड की कोड़ाकेल और कुड़ापूर्ति पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गावों का भ्रमण कर क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति का भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### जेएसएससी सहायक आचार्य परीक्षा आज से, निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी), रांची द्वारा आयोजित झारखंड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 इंटरमीडिएट ट्रेंड सहायक आचार्य (क्लास 1 से 5) आगामी 12 जून एवं 13 से 22 जून तक प्रथम पाली 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक एवं द्वितीय पाली 01:30 बजे अपराह्न से 03:30 बजे अपराह्न तक होगी। ग्रैजुएट ट्रेंड सहायक आचार्य (क्लास 6 से 8) परीक्षा आगामी 23 जून से 29 जून तक प्रथम पाली में 08:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक, द्वितीय पाली में12:30 बजे अपराह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक तथा तृतीय पाली में 04:30 बजे अपराह्न से 06:30 बजे शाम तक विभिन्न छह परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त रांची एवं एसएसपी, रांची ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी है। साथ ही, सदर एसडीओ ने दंप्रसं की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है।

# सर्वेक्षण रिपोर्ट गलत, जमा हुए प्रपत्रों को निरस्त कर पुनः सर्वेक्षण करवाने की मांग



**नवीन मेन संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली 11 जून को कुड़माली छात्र संगठन के द्वारा जिला शिक्षा उपयुक्त रांची,जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची,और जिला शिक्षा अधीक्षक को सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का सर्वेक्षण में गलत सर्वे रिपोर्ट जमा हुए प्रपत्रों को निरस्त कर पुनः सर्वेक्षण करवाने को लेकर आवेदन दिया गया। कुड़मालि छात्र संगठन के अगुवा नेता राजु महतो ने कहा कि वर्तमान में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पूरे राज्य में प्राथमिक स्तर पर भाषाई सर्वेक्षण करवाया जा रहा है।ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यालय बंद रहने के कारण एवं मतदान कार्य में व्यस्त रहने पर विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा मनमानी तरीके से सिल्ली, सोनाहातु, राहे, बुंडू, तमाड़ आदि इलाकों में रिपोर्ट तैयार कर जमा कर दी गई है।जॉच करने पर पता चला कि कुड़मि जनजाति की मातृभाषा कुड़मालि न दर्ज कर कहीं पंचपरगनिया,नागपुरी तो कहीं बांग्ला भाषा दर्ज किया गया है,जो न्यायोचित नहीं है। जिस प्रकार संतालों की भाषा संताली,मुंडाओं की मुंडारी, हो की हो, खड़िया की खड़िया ठीक वैसे ही अन्य समुदायों की तरह कुड़मि की मातृभाषा कुड़मालि है।लेकिन साजिश के तहत सर्वेक्षण में इनकी मातृभाषा कुड़माली के स्थान पर अन्य भाषा दर्ज कर हमारे बच्चों को अपनी मातृभाषा से दूर करने या वंचित करने का एक गहरा षडयंत्र रचा जा रहा है। अतः त्रुटी पूर्ण सर्वेक्षण को निरस्त कर पुनः सर्वेक्षण कराएं।अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरा कुड़मालि छात्र संगठन और कुड़मि समाज जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मुनिलाल महतो,अनिल चन्द्र महतो,रीता कुमारी, राजेश महतो, मनोज महतो, संदीप महतो, कुलदीप महतो, विष्णु प्रसाद महतो, कलेश्वर महतो, संजय महतो, लालेश्वर महतो,सुभाष महतो,पप्पु महतो व अन्य मौजूद थे।

**मातृभाषा कुड़माली के स्थान पर अन्य भाषा दर्ज कर हमारे बच्चों को अपनी भाषा से दूर करने या वंचित करने का एक गहरा षडयंत्र रचा जा रहा है**

# मुरी पुलिस की गश्ती वाहन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की अहले सुबह लगभग 5 बजे कुतरु भारत पेट्रोलियम के पास मुरी पुलिस की गश्ती वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर (जे एच 01बीएफ/5373) को एक अज्ञात हाईवा वाहन ने टक्कर मारी। टक्कर मारने के बाद वाहन मौके से भाग निकला। जानकारी के अनुसार मुरी ओपी के उप निरीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में उक्त पुलिस गाड़ी गश्ती कर रही थी उसी दरमियान दुर्घटना हुई। दुर्घटना में पुलिस के वाहन चालक विलास कुमार झा की हाथ टूट गई एवं एक अन्य आरक्षी सृष्टिधर महतो के सिर में चोट लगी और खून बहने लगा। आनन-फानन में घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई और घायल जवानों को सिल्ली समुदायिक अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर बेहतर चिकित्सा के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। थाना प्रभारी कुंदन कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटना कारित वाहन को मुरी थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर जप्त किया गया जबकि वाहन का ड्राइवर मौके का लाभ उठाते हुए भाग निकला। मुरी ओ पी के द्वारा इस संबंध में प्राथमिक दर्ज की गई एवं अग्रतर कार्रवाई करते हुए विशेष बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा कार्यकर्ता सुधीर सोनार के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने जताया शोक



**सिल्ली।** भाजपा के सक्रिय एवं पुराने कार्यकर्ता सिल्ली निवासी सुधीर सोनार के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ ने शोक व्यक्त किया है एवं परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि वे मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पदभार ग्रहण हेतू अभी नई दिल्ली में हैं जैसे ही सूचना मिली विश्वास नहीं हुआ सुधीर सोनार भाजपा के सच्चे एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे उनका असामायिक निधन संगठन के अपूर्णीय है। दिल्ली से लौटते ही परिजनों से मुलाकात करेंगे। वहीं भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने भी इनके निधन पर दुःख और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है।

### रिम्स की जमीन को मुक्त कराने के लिए निदेशक ने बड़गाई के सीओ से की बात

**रांची।** राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल रिम्स 56 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें डीआईजी ग्राउंड की ओर काफी जमीन पर जमीन दलालों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसे बेच दिया है। रिम्स की कई जगहों पर से दीवार तोड़ दी गई है, तो कहीं घर और दुकान होने के बाद भी आज तक अतिक्रमण मुक्त करने का प्रयास नहीं किया गया। अब जरूरत महसूस होने पर रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए बड़गाईं अंचल के सर्किल अफसर (सीओ) के साथ बैठक कर उन्हें अतिक्रमित जमीन को जल्द से जल्द मुक्त कराने को कहा है। वर्तमान में रिम्स की जमीन पर 148 अतिक्रमणकारियों का कब्जा बना हुआ है। निदेशक ने कहा कि अतिक्रमण की हुई सभी जमीन जल्द से जल्द विधि सम्मत तरीके खाली होनी चाहिए। इस संदर्भ में निदेशक ने कहा है कि उनकी डीजीपी से भी चर्चा हुई है और पुलिस और प्रशासन की मदद से रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

### झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले की सुनवाई 19 जून को


**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करे। पूर्व में सरकार की ओर से दोनों रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई थी। चूंकि, विधानसभा के पटल पर एसजे मुखोपाध्याय आयोग की ही रिपोर्ट केवल प्रस्तुत की गई थी। इसलिए सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रखा।कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी, जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है।

### चलती पल्सर आरएस बाइक में लगी अचानक आग, पिता-पुत्र ने कूद कर बचाई अपनी जान



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दोलैचा पुरनापानी मुख्य सड़क पर मंगलवार को रोगाडीह पतरा टोली के पास सुबह लगभग 10:15 बजे अचानक एक चलती पल्सर बाइक में आग लग गई। बाइक सवार नेहालु पंचायत के कपरिया गांव निवासी बाइक चालक बुधू महली एवं उसके पुत्र संदीप महली ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। बुधु महली अपनी पल्सर आर एस मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01 एफडी 9086 पर सवार होकर अपने बेटे के साथ उसकी शादी का निमंत्रण कार्ड बाटने निकला था तभी अचानक सुबह 10 :15 बजे बजे रोगाडीह पतरा टोली मोड़ के पास पल्सर मोटरसाइकिल में चलते चलते अपने आप आग लग गई। बुधु महली एवं उसके बेटे संदीप ने बाइक में लगी आग का अहसास होने पर किसी प्रकार से कूद कर अपनी जान बचाई तथा आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझा और बाइक पुरी तरह जल गया। इस घटना में किसी को भी किसी प्रकार की चोट नहीं लगी। जलती बाइक देखकर गुजर रहे लालगंज निवासी चरकु साहु एवं रायटोली के सचिन कुमार राय अपनी बाइक रोककर उनकी मदद करने का प्रयास किया।

### बरकट्ठा से चोरी की गई हाइवा पुलिस ने भागलपुर बिहार से किया बरामद



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोसमा स्थित जीटी रोड सिक्सलेन चौड़ीकरण कार्य करा रही राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्लांट से आठ जून को हुई हाइवा को बरकट्ठा पुलिस ने गजरौली ,भागलपुर, बिहार से बरामद किया। विदित हो हाइवा संख्या जेएच 02 एडब्लू 8076 जीटी रोड सिक्सलेन चौड़ीकरण कार्य में कई महीनों से चल रहा था। वहीं 8 जून को रात्रि में हाइवा चोरी होने के बाद हाइवा मालिक हेमराज मेहता पिता लालमन मेहता ,दारु ,हजारीबाग निवासी ने नौ जून को बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस ने वाहन में लगे जीपीएस के माध्यम से हाइवा को बिहार से बरामद किया। बताया जाता है कि इसमें हाइवा चालक की मिलीभगत से गाड़ी को चोरी की गई थी। फिलहाल हाइवा को बरकट्ठा पुलिस बिहार से बरकट्ठा थाना ले आई है। और इसमें किसी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है।

### टायर फटा और मिस्त्री की हो गई मौत

**रांची।** मौत इस तरह भी अचानक आती है, यह देखने को मिला जब टायर फटने से मिस्त्री की मौत हो गयी। जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बिंडोमोह के समीप टायर पंचर की दुकान मे खड़े जेसीबी (बैकहो लोडर) का टायर ब्लास्ट होने से टायर मिस्त्री की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयीं। मृतक की पहचान बिंडोमोह निवासी 51 वर्षीय इजहार खान के रूप मे की गयीं है। जानकारी अनुसार मृतक उक्त मार्ग पर अपनी छोटी सी दुकान में पंचर टायर बनाने का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। प्रत्येक दिन की तरह सोमवार की रात भी वो अपने दुकान मे मौजूद था। जेसीबी (बैकहो लोडर) वहां टायर बनाने के लिए पहुंचा। इसी दौरान एकाएक जेसीबी का टायर फट गया और वहां मौजूद टायर मिस्त्री इजहार उसके चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले प्रदेश के कांग्रेसी

# चुनाव की आज करेंगे समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित वरीय नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर झारखंड के संदर्भ में लोकसभा चुनाव सहित वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराया। इस क्रम में गुलाम अहमद मीर ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट की परिस्थितियों से अवगत कराते हुए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले हमने चुनाव में अच्छा संघर्ष किया, लेकिन आशातीत सफलता प्राप्त नहीं कर पाए। हम जीत और हार के कारणों की विस्तृत समीक्षा करेंगे और इसके लिए समीक्षात्मक बैठक 12 जून को बुलाई गई है। जिसमें हारी गयी सीटों का निचले से लेकर ऊपर स्तर तक गहनता से समीक्षा की जाएगी ताकि जहां हमसे चुक हुयी हैं वहां स्थितियों को अपने अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि लोकसभा के परिणाम के साथ ही झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए संगठन सक्रिय हो गया है। झारखंड में संगठन की मजबूती के लिए हर प्रयास किया जा रहे हैं और आगामी चुनाव तक संगठन पूरी तरह चुस्त दुरुस्त रहेगा। इस दौरान राजेश ठाकुर ने बताया कि इस चुनाव में जनता ने हमारा नेतृत्व किया है और हमें सफलता दिलाई है और आगे भी हम बेहतर परिणाम के लिए संघर्ष करेंगे। झारखंड की जनता पूरी तरह से हमारे साथ है और इन 5 वर्षों में गठबंधन की सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बाद भी जनता के हित में बेहतर फैसले लेकर उनके जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि हम समय-समय पर अपने घोषणा पत्र की समीक्षा करते रहते हैं ताकि अपने घोषणा पत्र में किए वादों के अनुसार जनहित के फैसलों को लागू कर उसकी निगरानी करते रहे। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड,ओबीसी आरक्षण, रोजगार, किसानों की ऋण माफी, पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने जैसी घोषणाएं हमारी सरकार ने पूरे किए हैं, लेकिन कुछ बिलों को केंद्र सरकार के स्तर पर लंबित रखा गया है।

### लोको रनिंग काउंसिल खलारी सेक्शन के अध्यक्ष बने बी कच्छप व सचिव आरपी कुमार


# संगठित होकर ही समस्याओं का होगा समाधान : मो जियाउद्दीन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा के अंतर्गत लोको रनिंग काउंसिल खलारी सेक्शन का गठन मंगलवार को खलारी स्टेशन परिसर में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा एआईआरएफ के जनरल सेक्रेटरी ओपी शर्मा उपस्थित थे। बैठक में खलारी में पदस्थापित लोको पायलटों के बीच लोको रनिंग काउंसिल का गठन किया गया। बैठक में शामिल लोको पायलटों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को केंद्रीय पदाधिकारियों के समक्ष रखा और कहा कि काफी दिनों से किसी दूसरे संगठन के अंतर्गत रहकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन कर रहे थे। परंतु उन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। ऐसे में हमलोगों ने ये समझा ईसीआरकेयू ही वह मान्यता प्राप्त संगठन है जो मजदूरों के बीच जा जाकर उनके समस्याओं को सुनता है और प्रबंधन के साथ आमने सामने बैठकर समस्याओं को रखकर समाधान करवाने का काम करता है। इसलिए हम लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर मान्यता प्राप्त संगठन ईसीआरकेयू की सदस्यता ग्रहण करने का निश्चय किया। मौके पर एक सौ से अधिक लोको पायलटों ने ईसीआरकेयू की सदस्यता ग्रहण की। अपने संबोधन में मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि संगठित होकर ही हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि रनिंग कर्मचारी फ्रंट लाइन कर्मचारी हैं और रेल प्रबंधन सहित केन्द्र सरकार को भी हमारी समस्याओं का निदान करना होगा परंतु इसके लिए हमें एकजुट होकर आंदोलन करना होगा।

**सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि रनिंग कर्मचारी फ्रंट लाइन कर्मचारी हैं और रेल प्रबंधन सहित केंद्र सरकार को भी हमारी समस्याओं का निदान करना होगा**

# 5 दिनों से ट्रांसफार्मर जला, उपभोक्ता परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड के धोवाटीकरा गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर 5 दिन पूर्व से जला है। इस ट्रांसफॉर्मर के जलने से लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोगो का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गया है। इसके साथ ही पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण स्थानीय किसानों की सिंचाई कार्य ठप हो गया है ।जिससे उनके सब्जी की फसले बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है ।इधर उपभोक्ताओं के शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने जल्द ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की है। समस्या को लेकर विधायक से मिलेंगे उपभोक्ता धोवा टिकरा निवासी जगदीश चंद्र महतो, राजेन महतो,उपेंद्र महतो, छोटू महतो ,मंजीत महतो ने बताया ट्रांसफार्मर समस्या को लेकर बुधवार को विभाग द्वारा किए जा रहे लापरवाही एवं विजली समस्याओं को लेकर सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो से मिलकर अवगत कराएंगे।

### आईएचएम रांची में रोजगार मेला, झारखंड के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**मांडर।** आईएचएम रांची में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि आज के समय में युवा वर्ग के लिए रोजगार की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है` साथ ही बताया कि यह राज्य में पहली बार है, जब कोई होटल प्रबंधन संस्थान रोजगार मेला आयोजन किया हो तथा इस रोजगार मेले से झारखण्ड राज्य के युवा जो नौकरी या रोजगार की तलाश में हैं। कियोरफूड्स जोकि देश की सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्लाउड किचन है। राज्य के युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से आईएचएम रांची में 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करेगी` कंपनी 45 शहरों में स्थापित है तथा इनके ब्रांड्स में ईटफिट, शरीफ भाई, ओलियो, ग्रेट इंडियन खिचड़ी, रोल्स ऑन व्हील्स, नोमाड पिज्जा, केक जोन, मिलेट एक्सप्रेस, चाट स्ट्रीट, जूनोस एवं फ्रोजेन बोतल जैसी कंपनियां सम्मलित है` साथ हीं इनके 450 से ज्यादा आईएसओ प्रमाणित किचन हैं जिसमें 4000 से ज्यादा कर्मी कार्यरत है।

# आजसू ने विद्युत व्यवस्था के सुधार को लेकर जेवीबीएनएल के प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली संविधान सभा क्षेत्र में लचर बिजली व्यवस्था को लेकर मंगलवार को आजसू पार्टी के प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह के नेतृत्व में जेवीएनएल के प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें 7 सूत्रीय ज्ञापन में अनियमित बिजली आपूर्ति से निजात दिलाते हुए कम से कम 20 घंटा बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, कनिया अभियंता की नियमित उपस्थिति एवं स्थाई कार्यालय की व्यवस्था की जाए, लो वोल्टेज की समस्या को यथाशीघ्र सुधार किया जाए, तमाम ट्रांसफार्मर में एवी स्विच की व्यवस्था एक हफ्ते के अंदर किया जाए,पुराने एवं झुलते तारों को अविलंब बदला जाए, विधानसभा के अंदर सभी खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मर को एक हफ्ते में बदला जाए एवं सिल्ली मेन रोड में लगे 200 केवीए ट्रांसफार्मर को अविलंब चालू किया जाए आदि शामिल है। वहीं ज्ञापन में दस दिनों के अंदर इन समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया गया है। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय सचिव शुशील महतो, जिप सदस्य सोनाहातु मंजु सिंह, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, सोनाहातु प्रमुख रमेश मुंडा एवं आजसू सोनाहातुप्रखंड अध्यक्ष शुशील कुमार प्रामाणिक शामिल थे।

# पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस पर ग्रामीणों की उपस्थिति हो : सोमा मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** कोयल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमटी की बैठक मंगलवार को शहीद भवन, तपकरा में उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सोमा मुंडा ने विषय प्रवेश करते हुए पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस तथा सांगठनिक मजबूती पर विशेष कार्य योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विजय संकल्प दिवस के दिन डूब क्षेत्र के घर-घर से ग्रामीणों की उपस्थिति जरूरी है, क्योंकि जब तक विनाशकारी कोयल कारो जल विद्युत परियोजना हमेशा के लिए रद्द नहीं हो जाती है, तब तक एकजुटता और ताकत को बनाए रखना है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्रामसभा से शीर्ष कमेटी के लिए प्रतिनिधियों का चयन कर भेजने के लिए पत्र सौंपा जाएगा। पूर्व की भांति गांव-गांव से युवाओं को कमांडर की जिम्मेवारी सौंप कर उन्हें जल-जंगल-जमीन के अधिकार के प्रति सजग किया जाएगा।

### पद मुक्त

### जेल में बंद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम ने पद से दिया इस्तीफा

# पुत्र तनवीर आलम ने मंत्री के इस्तीफे की पुष्टि की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री के नाम भेजे गये अपने त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है, राज्य मंत्रिमंडल के मंत्री पद से मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मंत्रिमंडल में एक सहयोगी के रूप में कार्य करने का जो अवसर मुझे दिया गया, उसके लिए मैं आभारी रहूंगा। आलमगीर आलम के पुत्र तनवीर आलम ने मंत्री के इस्तीफे की पुष्टि की है। तनवीर आलम ने बताया कि जेल मैन्युअल के हिसाब से जेल प्रशासन के माध्यम से उन्होंने अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भेजा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 7 जून को कांग्रेस कोटे के कैबिनेट मंत्री से सभी विभाग वापस ले लिए गए थे। उनके अधीन ग्रामीण विकास के अलावा संसदीय कार्य विभाग था। आलमगीर आलम पिछले चार सप्ताह से जेल में बंद हैं। विपक्ष लंबे समय से उन्हें पद से हटाने की मांग कर रहा था। झारखंड में इसके पहले भी कई मंत्री गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन जेल जाते ही उन्हें पद से हटना पड़ा था। यहां तक कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार करने का फैसला किया, तो उन्होंने हिरासत में लिए जाने से पहले रात 10 बजे राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया था। आलमगीर आलम की हैसियत राज्य की सरकार में मुख्यमंत्री के बाद नंबर दो की थी। उनके जिम्मे ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ग्रामीण कार्य के अलावा संसदीय कार्य विभाग भी था। विधानसभा सत्र आहूत करने से लेकर सदन के भीतर सरकार की ओर से विधेयक पेश किए जाने एवं विधायी कार्यों से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने में संसदीय कार्य मंत्री की अहम भूमिका होती है।

# राजधानिवासियों को लू से राहत की अभी उम्मीद नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में गर्मी चरम पर है। राज्य के कई भागों में हीट वेव (लू) के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लू से पीड़ितों की संख्या बढ़ गई है। रांची में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री ज्यादा है। राज्य में मंगलवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान गढ़वा में 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सबसे कम अधिकतम तापमान साहिबगंज में 37.8 दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने 12 एवं 13 जून के लिए गढ़वा, पलामू एवं चतरा के लिए रेड अलर्ट तथा लातेहार, देवघर, जामताड़ा, दुमका एवं गोड्डा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साहिबगंज और पाकुड़ के लिए किसी भी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। जबकि, रांची सहित शेष जिलों में हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी हुआ है। वैसे, कुछ जगहों पर आंधी चल सकती है। कुछ जगहों पर हल्की वर्षा भी हो सकती है। 14 एवं 15 जून को भी राज्य के अधिकांश इलाकों में तीव्र लू को लेकर चेतावनी जारी की गई है। तेज हवाएं भी चल सकती हैं।



### स्वयं को लू से इस तरह से बचाया जा सकता है

- जब तक आवश्यक न हो, दिन में 11:00 बजे से 3:00 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें।
- दिन में जितनी बार संभव हो पानी पियें।
- घर से बाहर निकलने पर अपने साथ पानी अवश्य रखें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें।
- बुजुर्ग, बच्चे, बीमार, गर्भवती महिला को अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत है।
- यदि बीमार महसूस कर रहे हों या चक्कर आ रहा हो, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें।
- घर को ठंडा रखने का प्रयास करें, पंखे का प्रयोग करें, रात में खिड़कियां खुली रखें।

## एक नजर

### बीएयू के छात्र को पीएचडी के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) से मास्टर डिग्री प्राप्त करने वाले अमित राज टोपनो को बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का, लिंकन में प्रवेश मिला है। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र जल संसाधन नियोजन एवं प्रबंधन रहेगा। अमित टोपनो को बायोलॉजिकल सिस्टम इंजीनियरिंग में 28 हजार यूएस डॉलर की वार्षिक ग्रेजुएट रिसर्च सहायता भी मिली है, जो जून 2024 से प्रारंभ होगी।

### आईडीबीआई में रांची कृषि महाविद्यालय के 5 विद्यार्थियों का हुआ चयन



**रांची।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, मुंबई ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के रांची कृषि महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रबंधक पद के लिए किया है। इन्हें सालाना 6.50 लाख रुपये का पैकेज दिया जाएगा। बीएयू के स्टूडेंट काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ बीके झा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में अपूर्व राज, दिव्या पाठक, मोनिसा दुबे, एलीना सुसान जोस तथा हतिका गणेश शामिल हैं। आईडीबीआई द्वारा सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्ति के लिए बीएयू परिसर में इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर इनका चयन किया गया है।

### गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा और आरती प्रतियोगिता 16 को

**रांची।** सनातन धर्म और संस्कृति की शिक्षा देने के उद्देश्य से हिंदू सहायक मंच की ओर से सनातनी बच्चों के बीच गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ और हनुमानजी की आरती प्रतियोगिता की जाएगी। यह आयोजन रातू रोड स्थित श्रीराम मंदिर चौक के श्री श्री 107 राम जानकी पंच देवता मंदिर में 16 जून को आयोजित की जाएगी। मंदिर के शंकर प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि 6 से 13 वर्ष के बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# राज्य सरकार का कोचिंग संस्थानों पर नहीं है किसी प्रकार का नियंत्रण

अमित कुमार

**रांची।** राज्य में शिक्षा का 'कारोबार' काफी विस्तारित हो चुका है। 'कारोबार' इसलिए कि कई कोचिंग संस्थान अब शिक्षा देने से ज्यादा अपने लाभ पर ध्यान दे रहे हैं। 'कारोबार' के कारण ही 'शिक्षा दान' करने की भारतीय परंपरा अब विलुप्त होने लगी है। 'शिक्षा दान' अब बिजनेस का स्वरूप ग्रहण करने लगा है। वहीं, बिना नियम के चलने वाले इस 'कारोबार' पर राज्य सरकार की ओर से कोई दबिश नहीं है। कोचिंग शुल्क का क्या मापदंड हो, यह तय करने का अधिकार स्वयं संस्थान को है। बच्चे को पढ़ाने के लिए समय सीमा भी निर्धारित नहीं है। राजधानी रांची में ही सैकड़ों कोचिंग संस्थान हैं। लगता है कि अभिभावक भी अपने बच्चों का भविष्य इन कोचिंग संस्थानों में देख रहे हैं। क्योंकि, कोचिंग संस्थानों के ड्रेस में बच्चे हर ओर दिख जाते हैं।

इधर, राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा पूर्व में राज्य भर में संचालित कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के लिए गाइडलाइन बनाने की बात हुई थी। लेकिन, इस पर केवल चर्चा हो कर रह गई। कुछ भी ऐसा ठोस नहीं हुआ, जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा नहीं मिलने की बात अक्सर कही जाती है। परेशान अभिभावक भी अपने बच्चों को कोचिंग संस्थान में डाल देते हैं। ऐसे में जनता के टैक्स से संचालित स्कूलों का हाल खराब हो गया है। वहीं, कई निजी स्कूलों में कम अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने का असर बच्चों के परफार्मेंस और उनके करियर पर भी पड़ रहा है। इस वजह से भी अभिभावक निजी कोचिंग संस्थानों की बातों में आ जाते हैं।

### गर्मी में दोपहर में क्लास के लिए जाना पड़ रहा बच्चों को

रांची में गर्मी चरम पर है। दोपहर में क्लास करने के लिए जाना बच्चों के लिए किसी पीड़ा से कम नहीं है। भीषण गर्मी के कारण 12 से 15 जून तक राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। वहीं, सभी कोचिंग संस्थान सुबह के सात बजे से रात के सात बजे तक संचालित होते हैं। ऐसे में बच्चों समेत अभिभावकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



*राज्य सरकार के पास निजी कोचिंग संस्थानों के लिए किसी प्रकार की कोई गाइडलाइन निर्धारित नहीं है। यह सरकार पर निर्भर करता है कि वे कब उन संस्थानों पर नियंत्रण के लिए गाइडलाइन बनाएगी।*

***- मिथलेश केरकेट्टा, डीईओ, रांची।***

### किस तरह संचालित हैं कोचिंग संस्थान

**बीएससी एकेडमी** : दिल्ली हेड ऑफिस से संचालित इस संस्थान में बैंकिंग, एसएससी, रेलवे सहित अन्य कंबाइंड परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वर्गानुसार पढ़ाई होती है। कम शुल्क होने की वजह से यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ने आते है।

**वेव दा जॉब मेकर** : हरिओम टावर में संचालित इस संस्थान में बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, कंबाइंड परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। सुबह 7:00 से 10:00 बजे और शाम में 3:00 से 6:00 बजे तक बैच बना कर बच्चों को पढ़ाया जाता है। वाजिब शुल्क होने से सरकारी और निजी स्कूल के 11वीं और 12वीं के बच्चे भी तैयारी करने आते है।

**ऐम एंट्रेंस इस्टीट्यूट एनईईटी, आईआईटी जेईई** : 11वीं तथा 12वीं के बच्चे बेहतर तैयारी के लिए यहां दाखिला लेकर एक साल से दो साल तक का कोर्स करते है। यहां पर अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का बेसिक कोर्स मजबूत कराने के साथ परीक्षा पास कराने की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में सुबह से शाम तक बच्चों को तैयारी कराई जाती है। यहां पर कुल 2.40 लाख का पैकेज दिया जाता है।

**रॉ डिफेंस** : यहां पर एनडीए, सीडीएस, एएफ कैट, नेवी, एयर फोर्स, एसएसबी इंटरव्यू आदि की तैयारी अलग-अलग पैकेज के रूप में कराई जाती है। यहां 11वीं और 12वीं के बच्चों की भी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। यहां दोपहर 1:30 से शाम 5:30 बजे तक पढ़ाई होती है।

# मादक पदार्थों के सेवन से बचें युवा : डॉ ब्रजेश कुमार

## मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया 'हस्ताक्षर अभियान'



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश पर मंगलवार को विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत 'हस्ताक्षर अभियान' शुरू किया। रांची के मोरहाबादी स्थित नीलांबर-पीतांबर पार्क (ऑक्सीजन पार्क) में 'हस्ताक्षर अभियान' का शुभारंभ एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन करने वालों को बीमारियां उपहार मिलती हैं। उन्होंने कहा कि युवा मादक पदार्थों के सेवन से बचें और समाज के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। आज के अभियान में झारखंड सरकार के पूर्व खेल निदेशक अनिल कुमार सिंह ने एनएसएस के स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मादक पदार्थों की चपेट में आने से न केवल सेहत खराब होती है, बल्कि इससे उनका भविष्य भी प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि नशाखोरी समाज के लिए घातक है। आज के हस्ताक्षर अभियान में ऑक्सीजन पार्क में सुबह मॉर्निंग वाकरों ने एनएसएस के इस अभियान की सराहना करते हुए अपने हस्ताक्षर भी किए।

# वज्रपात से मृत 20 व्यक्तियों के आश्रितों को मिलेगी मुआवजा राशि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रभावित व्यक्तियों के आश्रितों, घायलों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि की निकासी और वितरण की स्वीकृति दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले के 10 अंचल के स्थानीय प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रभावित व्यक्तियों-आश्रितों के लिए कुल 60 लाख 21 हजार 500 रुपये की निकासी और वितरण की स्वीकृति दी गई।

कुल 20 लोगों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। स्थानीय प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से प्रत्येक मृतक के आश्रित को चार लाख एवं घायल को चार हजार तीन सौ रुपये क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को मिलेगा 1-1 लाख का क्षतिपूर्ति मुआवजा

**रांची।** स्थानीय आपदा से प्रभावित लोगों की क्षतिपूर्ति के लिए रांची जिला प्रशासन ने मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी। रांची जिले के तीन अंचलों के तीन आवेदकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान किया जाएगा। इनमें बुंडू, बड़गाईं और तमाड़ अंचल के एक-एक आश्रितों को एक-एक लाख की मुआवजा राशि दी जाएगी। इनमें बुंडू अंचल निवासी गिरिधारी महतो, बड़गाईं अंचल निवासी सुखदेव सिंह और तमाड़ अंचल निवासी किरण देवी शामिल हैं। संबंधित अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन पर उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर और बुंडू की अनुशंसा के आलोक में राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा के लिए अनुदान की स्वीकृति दी गई है।

### मृत पशु के मालिकों के लिए मुआवजा राशि स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशु के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि की निकासी एवं वितरण की स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले के नौ अंचल के 30 प्रभावितों के बीच कुल 08 लाख 44 हजार 500 रुपये की निकासी एवं अधियाचना के अनुरूप वितरण की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गई है। बेड़ो अंचल के 9, अनगड़ा के 8, राहे के 4, इटकी के 3, चान्हो के 2, नामकुम, सिल्ली, लापुंग और तमाड़ के 1-1 प्रभावितों के बीच नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा।

**पहल**

## एफजेसीसीआई की स्टार्टअप उप समिति की हुई बैठक

# जुलाई के प्रथम सप्ताह में होगा स्टार्टअप कॉन्क्लेव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) जुलाई के प्रथम सप्ताह में वृहद स्तर पर स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा। कॉन्क्लेव में राज्य की सभी स्टार्टअप्स कंपनियां, विभिन्न कॉलेजों के स्टार्टअप्स सेल के विद्यार्थी, निवेशक, बैंक के अधिकारी, उद्यमी और विशेष रूप से स्टार्टअप्स के क्षेत्र में सफल रूप से कार्यरत स्टार्टअप्स कंपनियों के उद्यमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में स्टार्टअप के क्षेत्र में यूनिकॉर्न उद्यमी को भी मेंटर के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को चैंबर भवन में स्टार्टअप उप समिति की बैठक में लिया गया।





यह जानकारी देते हुए उप समिति के चेयरमैन अमित अग्रवाल ने कहा कि झारखंड में स्टार्टअप्स उद्यमियों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सेलेक्टेड स्टार्टअप कंपनियों को कॉन्क्लेव के माध्यम से ही सफल उद्यमियों से मिलाकर उनका निवेश कंफर्म कराया जाएगा। कॉन्क्लेव में संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि स्टार्टअप्स के क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक युवा उद्यमियो को विभागीय मदद मिल सके।

चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि स्टार्टअप के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक फंडिंग तक पहुंच है। सरकार स्टार्टअप्स के लिए विशिष्ट बजटीय प्रावधानों के माध्यम से उनकी वित्त पोषण संबंधी चुनौतियों को कम करने में मदद कर सकती है। हमारा प्रयास होगा कि विभाग के साथ सामंजस्य बनाकर, राज्य में स्टार्टअप के क्षेत्र में बेहतर इकोसिस्टम स्थापित किया जा सके।

चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि मेक इन इंडिया जैसी पहल से युवाओं में उद्यमिता के अपने सपने को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास की नई भावना उत्पन्न हुई है। बैठक में स्टार्टअप उप समिति के चेयरमैन अमित अग्रवाल, सदस्य प्रखर मिनोचा, ऋतु राज, सौरभ कुमार, अनिकेत कुमार, राकेश राज, अभिषेक प्रमोद, आनंद केसरी, श्रेया सिंह राजपूत, मनीष पियूष, आदित्य कुमार, अमित कुमार सहित अन्य स्टार्टअप्स उद्यमी उपस्थित थे।

### चैंबर स्टार्टअप के इवैल्यूएशन व मेंटरिंग में सहयोग करेगा

बैठक की अध्यक्षता कर रहे चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी इनोवेशन लैब के पदाधिकारी भी राज्य में स्टार्टअप की संख्या में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। चैंबर स्टार्टअप के इवैल्यूएशन और मेंटरिंग में भी अपना सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1 अगस्त से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1, 2 और 3 अगस्त को अग्रेसन भवन अपर बाजार में लगेगा। मेले की स्टाल बुकिंग शुरू हो गई है। अग्रेसन भवन के तीनों फ्लोर में प्रदर्शनी लगेगी। मेले में कपड़े, राखी, ज्वेलरी, शादी के सामान बेडशीट, अचार-पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड सामान, भगवान की पोशाक आदि का स्टॉल लगेगा। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, बहुत सी महिलाएं हैं, जो घर में सामान बनाती हैं, लेकिन वे सेल नहीं कर पातीं। ऐसी महिलाओं के लिए शाखा यह मेला ऑर्गेनाइज करती है, ताकि उन्हें अपना समान सेल करने के लिए एक प्लेटफार्म मिल सके। मेले की संयोजिका पूरी तरह से मेले की तैयारी में लगी हुई हैं। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया, आज अग्रेसन भवन में मेले का पोस्टर लांच किया गया।

## रिम्स ओपीडी में आज





रिम्स में आज का सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक

1. मेडिसिन विभाग
   प्रो (डॉ) संजय कुमार सिंह
2. नेत्र विभाग
   डॉ राहुल प्रसाद
3. ईएनटी और एचएनएस विभाग
   प्रो संदीप कुमार तथा डॉ बीके सिन्हा
4. मनोचिकित्सा विभाग
   डॉ अजय कुमार बाखला
5. पेडियाट्रिक विभाग
   डॉ यूपी साहू
6. चर्म रोग विभाग
   डॉ डीके मिश्रा

## न्यूज बॉक्स

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ संगीतमय पाठ



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 105वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को किया जाने वाला यह कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। जयमाला सिंह ने परिवार के संग हनुमान जी की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा, केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार, लड्डू प्रसाद सेवा भगवती प्रसाद भुवालका, फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवं गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई।

#### श्री श्याम भंडारा 15 को

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आगामी शनिवार (15 जून) को 116वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### डीपीएस रांची में 11वीं कक्षा के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में मंगलवार को 11वीं कक्षा के नए छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा में उनकी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने उभरते विद्वानों को अमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. राम सिंह ने स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं विशेष रूप से सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर जोर दिया। परिणाम विश्लेषण ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, जिससे छात्रों में उनके आगामी शैक्षणिक प्रयासों के लिए आत्मविश्वास पैदा हुआ। इसके अलावा, ओरिएंटेशन कार्यक्रम में डीपीएस रांची से जेईई एडवांस्ड 2024 और नीट 2024 में आसाधारण प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी भी मौजूद थे।

### सरला बिरला स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित



**रांची।** कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए मंगलवार को स्कूल परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को उनकी लगन और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की गई। प्रकृति के प्रति प्रेम को पोषित करने और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को पूरा करने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पौधे उपहार में दिए गए। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के निरंतर प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्रम को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रचा इतिहास : सुनील कुमार सिंह



**रांची।** एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बनने और पीएम के रूप में नरेंद्र मोदी द्वारा शपथ लेने पर भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने हर्ष जताते हुए पीएम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, यह देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एक बार फिर नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। पीएम के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। उन्होंने पीएम की तारीफ में कहा, सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी जी को चुनते हैं। एनडीए की सरकार बनने पर उन्होंने कहा, हे नरेंद्र तू कभी घबराना मत, छल प्रपंच है बाहर-भीतर, इनके झांसे में आना मत, बाकी अभी तो कई धर्म युद्ध, सारा भीतर के अंतमुर्खी निष्क्रिय क्रुद्ध, अवसाद मुक्त संशय चक्रव्यूह निरुद्ध, ये बहता अंतर का रक्त देख भरमाना मत, हे नरेंद्र तू कभी घबराना मत। उन्होंने झारखंड कोटे से कोडरमा की लोकप्रिय सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री एवं रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### एनआईए ने पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ किया आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में मंगलवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपितों की पहचान निवेश कुमार उर्फ निवेश पोद्दार और रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित के रूप में की गई है। रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में इन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया गया है। दोनों पर झारखंड में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन को पुनर्जीवित करने और उसे मजबूत करने के उद्देश्य से आतंक एवं जबरन वसूली की साजिश में शामिल रहने का भी आरोप है। एनआईए जांच के अनुसार, वे झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों, व्यापारियों आदि से जबरन वसूली के जरिए धन जुटाने में लगे हुए थे। साथ ही सुरक्षा बलों पर आतंकी हमले, हत्या, आगजनी और विस्फोटकों, आईईडी से हमले करने की साजिश में भी शामिल थे। साजिश पीएलएफआई केंद्रीय समिति के सदस्यों मार्टिन केरकट्टा और दुर्गा सिंह ने रची थी, जिन्होंने कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के साथ मिलकर पीएलएफआई सशस्त्र दस्ते की कमान संभाली थी।

### गैंगस्टर अमन साहू के सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू का सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। आकाश की ओर से वरीय अधिवक्ता दीपक कुमार ने कोर्ट से जमानत की मांग की थी। उन्होंने दलील में कहा कि आकाश राय निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमा में फंसा कर पिछले तीन साल से जेल में रखा गया है।

# कुलविंदर की अनुशासनहीनता की निंदा, तो कंगना को भी नसीहत

## बॉलीबुड एक्ट्रेस व हिमाचल प्रदेश के मंडी से नवनिर्वाचित सांसद और महिला कांस्टेबल का थप्पड़ कांड

**उपेंद्र गुप्ता, रांची। चंडीगढ़ हवाई अड्डा पर भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रणावत के साथ हुए थप्पड़ कांड के बाद देश भर में तरह- तरह की प्रतिक्रियां सामने आ रही हैं। जहां कुछ लोग कंगना रणावत के समर्थन में हैं तो कुछ लोग महिला सुरक्षा कर्मी का समर्थन भी कर रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ महिला सुरक्षा कर्मी कुलविंदर कौर के अनुशासनहीनता को जहां हर कोई गलत ठहरा रहा है, वहीं कुछ लोगों ने कंगना रणावत को किसी धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करने की भी सलाह दी। कुछ लोग इसे सुरक्षाबल में कार्यरत लोगों के लिए अक्षम्य बताया। प्रस्तुत है इस चचर्ति मामले में रांची के लोगों को राय।**



### ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी का किसी पर भी हाथ उठाना सही नहीं : डॉ भूमिका सच्चर (मनोवैज्ञानिक)

पहले तो मैं ये प्रत्यक्ष करना चाहती हूं कि मेरी राय इस मामले में व्यक्तिगत है और किसी भी राजनैतिक विचारधारा से प्रेरित नहीं है। मैं जो हुआ उसके बारे में मानवीयता के दायरे में ही रहकर बात करुंगी। मेरे मुताबिक एक सुरक्षा कर्मी को किसी भी व्यक्ति पर , वह विशेष हो या सामान्य, हाथ नहीं उठाना चाहिए। एक डॉक्टर जिस तरह मरीज को कभी जानबूझकर व्यथा पहुंचाने की कोशिश नहीं करता, उस तरह एक सुरक्षा कर्मी का ये व्यवहार सरासर गलत है। ये उस पेशे के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उस सुरक्षा कर्मी को कोई मनोरोग या मनोवैज्ञानिक परेशानी है या नहीं इस बारे में बगैर उस व्यक्ति से बात किये कोई भी टिप्पणी करना भी मैं उचित नहीं समझती। अगर समाज का एक तबका सुरक्षा कर्मी के गलत व्यवहार को प्रोत्साहित करता है तो वो किसी भी तरह से स्वीकारणीय नहीं है। किसी भी व्यक्ति के गलत बयान का जवाब थप्पड नहीं हो सकता। हम एक प्रजातांत्रिक देश में रहते है और कोई भी गलत बयान का विरोध या प्रतिक्रिया भी लोकतान्त्रिक तरीके से होना चाहिये।



### सरकारी सेवक का सांसद पर हाथ उठाना अक्षम्य अपराध : डॉ हरेन्द्र सिन्हा

सीआईएसएफ की सुरक्षा कर्मी कुलविंदर कौर द्वारा सांसद कंगना राणावत को थप्पड़ मारे जाने की घटना देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। किसी भी दृष्टिकोण से यह सामान्य घटना नहीं प्रतीत होती, क्योंकि लगभग 4 साल पूर्व की एक घटना पर प्रतिशोध स्वरूप आज ऐसी निंदनीय कार्रवाई किया जाना एक सुविचारित षड्यंत्र के सिवाय कुछ भी नहीं । अगर ये सामान्य घटना होती तो अब धीरे-धीरे इसके पीछे से किसान आंदोलन के आंदोलनकर्मियों, शाहीन बाग के आंदोलनकर्मियों, किसान मजदूर संघर्ष समिति, शिरोमणि अकाली दल आदि की शक्लें नहीं उभरने लगतीं। फिर यह मामला हरियाणा क्षेत्र का है जहां फिलहाल भाजपा सरकार कार्यरत है, जिससे विपक्ष नाराज चल रहा है, विशेष कर कांग्रेस पार्टी की नाराजगी है। स्पष्ट है कि इस मामले का राजनीतिकरण किया जा रहा है जिसकी पृष्ठभूमि में विपक्ष की सक्रिय एवं सुनियोजित भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता । जहां तक कुलविंदर कौर का मामला है सेवा नियमों के अंतर्गत तत्काल उसे हिरासत में लेकर निलंबित कर दिया गया है। मामले का राजनीतिकरण न हो तो इस मामले में उन्हें कठोर सजा, यानी सेवा से बर्खास्तगी तक भी, हो सकती है, बल्कि होनी ही चाहिए। यह एक सरकारी सेवक द्वारा विशेषाधिकार प्राप्त सांसद पर बिना उत्तेजित किये हाथ उठाने का गंभीर मामला है जो आक्रमणकारी का बिल्कुल व्यक्तिगत मामला था। अतः हर दृष्टिकोण से यह एक अक्षम्य अपराध है। इस प्रकार यह मामला बिल्कुल नियम विरुद्ध है इसमें सरकारी सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन जान-बूझकर किया गया है। अतः इसमें त्वरित एवं कठोर से कठोर विभागीय कार्रवाई की आवश्यकता है । विलंब होने से इसका गंभीर राजनीतिकरण भी होने की संभावना है। जहां तक कंगना का सवाल है, उन्हें भी अपने बयानों पर ध्यान देना चाहिए, अपनी जिम्मेदारियां नहीं भूलनी चाहिए और शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए।

### भावनाओं से परे 'वर्दी' का अपना अनुशासन है : मीना सिन्हा



चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक महिला वदीर्धारी सुरक्षा कर्मी द्वारा कार्यावधि में नवनिर्वाचित सांसद को थप्पड़ मारने का कुकृत्य अनुचित एवं निंदनीय है, जिसकी भरपूर भर्त्सना की जानी चाहिए। समाज में हम सभी के एक-दूसरे से वैचारिक मतभेद होते हैं ,टीका टिप्पणियां होती हैं, लेकिन भावनाओं से परे 'वर्दी' का अपना अनुशासन है । वदीर्धारी को जब आम आदमी छू नहीं सकता तो बिना किसी लिखित आदेश के वह भी आम आदमी को छू नहीं सकता है। वर्दी धारण करने वक्त सुरक्षा कर्मी शपथ लेते हैं कि इस वर्दी के आन-बान शान के लिए हम समर्पित रहेंगे । यह कौन सा आन-बान शान हुआ? वदीर्धारी को केवल और केवल सुरक्षा देना है न कि आने-जाने वालों का अध्ययन करना है। यह दुष्कृत्य सौ प्रतिशत कर्तव्यहीनता और गंभीर सुरक्षा चूक का मामला है । देश विभिन्न तरह की समस्याओं, भीतरघातियों से जूझ रहा है। आतंकवादियों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है । आम आदमी अपने को कैसे सुरक्षित समझ सकते हैं, जब एक महिला सांसद को थप्पड़ मार कर उससे अभद्र भाषा बोली जाती है । प्रजातंत्र में संसद सर्वोपरी है। 1984 के अक्टूबर माह में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सुरक्षाकर्मियों द्वारा निर्मम हत्या इतिहास का एक काला अध्याय है। इससे सबक लेते हुए ऐसी उटपटांग हरकतों पर सुरक्षा अंकुश निहायत जरूरी है । यदि सीआइएसएफ जवान माफी भी मांगती है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।

**देश की सुरक्षा के मद्देनजर**

एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मी द्वारा इस हरकत के लिए उसे नियम संगत सख्त सजा अवश्य मिलनी चाहिए । कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। देश की सुरक्षा के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान की जरूरत है न कि किसी ऐसी सोची-समझी चाल का महिमा मंडन करते हुए समर्पण भाव के तहत देश की सुरक्षा व्यवस्था को झोंकने की होनी चाहिए। देश की गरिमा, अक्षुण्णता, संप्रभुता, सौहार्द, सद्भाव की अत्यधिक जिम्मेदारी जिन कंधों पर है उनके द्वारा की गई ऐसी हरकतों पर वैधानिक रोकथाम की अनिवार्यता की नितांत आवश्यकता है।

### कुलविंदर कौर का कृत लोकतंत्र के अनुकूल नहीं : मनोज मिश्रा



हिमाचल से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कंगना रणौत जब मोहाली एयरपोर्ट पर दिल्ली जाने के लिए पहुंचीं तो सुरक्षा के मामले को लेकर सीआईएसएफ की मुलाजिम कुलविंदर कौर ने ड्यूटी निभाते हुए सभी यात्रियों से सामान चेक करवाने को कहा तो कंगना ने उससे बहस की और भला-बुरा बोला। इससे गुस्सा होकर कुलविंदर कौर ने कंगना को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद मामला तुल पकड़ता चला गया। अनेक लोगों की अनेक प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी। किसान आंदोलन फिर एक बार सक्रिय होने की स्थिति में आ गई। किसानों का समर्थन कुलविंदर कौर को मिलने लगा है, जिससे हो सकता है कि वाद विवाद का दौर बढ़ता जाए। मगर यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि किसी को भी भारतीय संविधान ने कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं दिया है। एक सीआईएसएफ की सिपाही जिसे सुरक्षा देने के लिए एयरपोर्ट पर तैनात किया गया था, अपना आपा खो के किसी को भी थप्पड़ जड़ दें। यह न तो नैतिक रूप से सही है न ही कानूनी रूप से सही। अगर यही घटना आम आदमी के साथ होती तो कोई जानता भी नही। लेकिन एक आम आदमी तो अब इस घटना के बाद इतना सहम गया है कि अगर कोई सिपाही गलत भी हो तो कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करेगा। कुलविंदर कौर का यह कृत लोकतंत्र के अनुकूल नहीं दिखाई पड़ता है यह कहीं न कहीं वर्दी के रौब का परिचायक है। जिसे सभी आम आदमी निंदा ही के दृष्टि से देख रहा है।

### महिला पुलिस कर्मी का थप्पड़ मारना अनुशासनहीनता और अपराधिक कृत्य : देव बिहारी शर्मा (सेवा निवृत्त आईजी)



यह सत्य है कि देश और अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं से हम पुलिस वाले और दूसरे वदीर्धारी भी समाज के अन्य वर्ग के लोगों की तरह प्रभावित होते हैं, क्योंकि हम इसी समाज के हिस्सा हैं। हम अपने गांव अथवा शहर में अपना परिवार छोड़ कर आते हैं, जिसमें हमारे माता-पिता,सगे सम्बंधी,भाई-बंधु और अन्य रिश्ते-नाते होते हैं। अतः किसी भी प्रकार का उथल पुथल हमें भी भीतर से उद्वेलित करता है जिसका सीधा असर हमारे मनोदशा पर पड़ता है, लेकिन समाज के बाकी लोगों और हम सरकारी कर्मियों, विशेष कर वदीर्धारियों में यही अंतर होता है कि हम अपनी भावनाएं उसी तरह से प्रकट नहीं कर सकते जैसे कि कोई आम नागरिक, और हिंसात्मक अभिव्यक्ति/ प्रतिरोध तो बिल्कुल ही अस्वीकार्य है। ऐसी परिस्थिति में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना राणावत पर सीआईएसएफ के महिला पुलिस कर्मी द्वारा थप्पड़ चलाना शत-प्रतिशत अनुशासनहीनता और अपराधिक कृत्य है, जिसमें साजिश की बू आती है, इसलिए वह कतई क्षमा की पात्र नहीं है, बल्कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हवाई अड्डा एक बहुत ही संवेदनशील स्थान है, जिसे देखते हुए इसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अगर ऐसे गंभीर अपराध को हल्के से लिया गया तो इसका परिणाम विनाशकारी हो सकता है। गनीमत है कि वह महिला पुलिसकर्मी आग्नेयास्त्र से लैस नहीं थी, नहीं तो बहुत ही भयानक परिणाम सामने आ सकता था।

### भाजपा सांसद के बड़बोलेपन के कारण हुई यह घटना, असलियत सामने आने दें : ज्योति सिंह मथारू (कांग्रेस नेता)



कांग्रेस नेता ज्योति सिंह मथारू ने सांसद थप्पड़ कांड मामले में कहा कि जब तक पूरे मामले की असलियत सामने नहीं आती तब तक कुछ भी कहना सही नहीं होगा, सोशल मीडिया में थप्पड़ कांड को लेकर कई तरह की बातें चल रही है। लेकिन अभी तक सही बात सामने नहीं आयी है। लेकिन यह भी सही है कि भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रणावत के साथ यह उनके बड़बोलेपन के कारण हुई है। उन्हें कब कहां क्या बोलना चाहिए, इसका उन्हें तनिक भी ज्ञान नहीं है। यह उनकी मानसिक दिवालियपन है या मोदी की अंधभक्ति हो सकती है। महिला सुरक्षा कर्मी कुलविंदर कौर की मां किसान आंदोलन में धरने पर बैठी थी। उस समय कंगना रणावत ने बयान दिया था, उसे सभी जानते हैं। आज युवा वर्ग सोशल मीडिया से अधिक प्रभावित है। जिसका असर दिखता है। लेकिन यह भी सही है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी सुरक्षा कर्मी के इस तरह के व्यवहार को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

### भाजपा सांसद ने सिख समुदाय पर की थी अभद्र टिप्पणी : डॉ हरमिंदर वीर सिंह (शिक्षाविद्)



भाजपा सांसद कंगना रणावत थप्पड़ कांड मामले में शिक्षाविद् हरविंदर वीर सिंह ने कहा कि यह घटना भाजपा सांसद कंगना के सिख समुदाय पर अभद्र टिप्पणी करने के कारण हुई है। दरअसल, एयरपोर्ट पर कंगना से मोबाइल और पर्स रखने को कहा गया तो वह महिला सुरक्षा कर्मी पर भड़क उठीं और उसके नेम प्लेट पर उसका नाम कुलविंदर कौर देख कर सिख समुदाय को ही आतंकवादी और खालिस्तानी कहने लगी, जाहिर है महिला कर्मी अपने धर्म के उपर अभद्र टिप्पणी के कारण धैर्य नहीं रख पाई और सांसद को थप्पड़ मार दी। डॉ हरमिंदर ने साफ कहा कि मैं सिख समुदाय के प्रति किसी तरह के गलत भाषा के इस्तेमाल का कड़े शब्दों में विरोध करता हूं। जानबूझ कर महिलाकर्मी के धर्म के प्रति उकसाया गया, उसकी भावना के साथ छेड़छाड़ किया गया, जिसके कारण यह घटना हुई।

### सैनिकों के इस तरह के व्यवहार को कतई सही नहीं ठहराया जा सकता : कैप्टन (सेनि)प्राण रंजन



वैसे तो किसी भी व्यक्ति के गलत आचरण को सही नहीं ठहराया जा सकता है, खासकर सैनिकों एवं अर्द्धसैनिक बलों के सैनिकों के तो बिलकुल ही नहीं। कंगना रणावत के साथ दुर्व्यवहार करने वाली सीआईएसएफ कांस्टेबल का व्यवहार पहले से ही अस्थिर रहा होगा। विभाग को निश्चित रूप से अपने कर्मचारियों की काउन्सलिंग करने की आवश्यकता है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं गति अंतिम व्यक्ति को मिले लाभ : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त से साफ तौर कहा कि योजनाओं में गति लाएं ताकि राज्य वासियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की गति तेज करने में आपका अहम रोल है। ऐसे में सभी विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**▸ ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की पूरी व्यवस्था हो । बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपूर्ण और लंबित आवासों का निर्माण कर जल्द से जल्द पूरा हो। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को मोबिलाइजेशन कर विभिन्न योजनाओं में इंवॉल्व करें।



**▸ पंचायती राज विभाग की समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा में 15वें वित्त आयोग से मिली राशि का इस्तेमाल और पंचायत सचिवालय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कहा कि राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। बिजली, इंटरनेट, सोलर पैनल, कम्प्यूटर सेट एवं प्रज्ञा केंद्र स्थापित हो यह सुनिश्चित करें। राज्य के सभी पंचायतों में अपना पंचायत भवन होनी चाहिए। सभी पंचायत सचिवालयों तक पहुंच पथ हो यह भी सुनिश्चित करें। सभी पंचायत सचिवालय पूर्णतः क्रियाशील हो, यह सुनिश्चित करें । पंचायत सचिवालय में कार्यरत कर्मी बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाए, यह लागू करें। 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय शत प्रतिशत हो, इस निमित्त 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सभी योजनाओं का संचालन ससमय पूरा करें। 15वें वित्त आयोग के तहत होने वाले कार्यों में तेजी लाएं।

**▸ राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**

सीएम ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के तहत रेवेन्यू कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी और अंचल अधिकारियों को नियमित कोर्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही जमीन से जुड़े मामले का निष्पादन करने, सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए मुकदमों का निपटारा प्राथमिकता के साथ हो यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। एसटी कोर्ट द्वारा एसटी जमीन से संबंधित मामलों में जो डिग्री हुई है उसकी सूची पब्लिक डोमेन में प्रकाशित करने का निर्देश भी दिया।

**▸ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**

मुख्यमंत्री ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की समीक्षा करते हुए राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय जनजातीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को जनजातीय भाषा की शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को कहा। जनजातीय भाषा- संताली, हो, कुडुख, खड़िया, मुंडारी सहित सभी जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया।

**▸ उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का पोर्टल 20 जून से एक्टिव करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन प्रावधान है, ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी लाभ ले सकें, इसके लिए इसका प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। इसके साथ नौ हजार से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं उन्हें शिक्षा लोन देने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करें।

**▸ स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम-एबीएचआईएम योजना के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण इस वर्ष नवंबर तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। सभी स्तर के सरकारी अस्पतालों के एक ही भवन में ही ओपीडी और जांच की सुविधा हो। यहां सभी दवाई भी होनी चाहिए। अस्पताल परिसर में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में नियमित रूप से रहें। अस्पताल परिसरों में वृक्षारोपण किया जाय।

**▸ श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

मुख्यमंत्री ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को झारखंड में अवस्थित विभिन्न निजी उद्योगों तथा कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने जो कानून बनाए हैं, उसका हर हाल में पालन सुनिश्चित करें। इसे एक अभियान के रूप में चलाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय और मूलवासी को अपने ही प्रदेश में रोजगार मिल सके। बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी करें। बोकारो और देवघर में ईएसआईसी का अस्पताल बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**▸ कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग**

मुख्यमंत्री ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में जेपीएससी और जेएसएससी विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करें। जाति प्रमाण पत्र जारी करने में जो भी भी विसंगति है उसे दूर करें। इसे सरल बनाएं। आवेदकों को समय पर जाति प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। जाति प्रमाण पत्र से जुड़े आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए।

**▸ एससी-एसटी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की गति में तेजी लाएं तथा इसकी अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से देने का निर्देश दिया।







# कल्पना सोरेन से मिले कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ सहित अन्य नेता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित आवास पर मंगलवार को झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुआ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इनके अलावा कल्पना सोरेन से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि कल्पना सोरेन ने गत सोमवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली थी। वहीं झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भी उनसे शिष्टाचार मुलाकात की।

## एक नजर

### गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में निःशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य शिविर 14 को

**रामगढ़।** आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल नई सराय के सौजन्य से आगामी 14 जून को मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकू ने स्वस्थ दृष्टि उज्जवल भविष्य का नारा बुलंद करते हुए 14 जून शुक्रवार को सुबह साढे दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक भुरकुंडा गुरूद्वारा में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में ससमय पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गुरूद्वारा प्रबंधन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को भी ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री रंधावा ने कहा कि यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

### झारखंड में भीषण गर्मी का कहर, केजी से 12वीं तक की कक्षाएं 15 तक बंद

**बरकट्ठा।** भीषण गर्मी को देखते हुए झारखंड सरकार ने 12 जून से 15 जून तक विद्यालय बंद करने का आदेश दिया है। झारखंड में भीषण गर्मी के कारण विद्यालय बंद करने का फैसला किया है। 12 जून से 15 जून तक सभी कोटि के स्कूल बंद कर दिए गए हैं । झारखंड में इन दिनों लू चल रही है। दिन में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है जिससे बच्चों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान स्थिति यह है कि जिस तरह से गर्मी का प्रकोप है उससे लोग बाहर निकलने से बेहोश तक हो रहे हैं। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है कि लोग जब भी बाहर निकलें तो अपने आपको पूरी तरह से सुरक्षित होकर घरों से निकलें। बाहर निकलने से समय पानी अच्छी से पीएं और सर को अच्छी तरह से ढंकें, जिससे लू लगने की संभावाएं कम होती है।

### रिपब्लिकन पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

**रामगढ़।** रामदास आठवले को मोदी मंत्रीमंडल में लगातार तीसरी बार मंत्री बनाएं जाने पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) झारखंड प्रदेश की तरफ से रामगढ़ में भव्य जुलूस एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डब्लू महतो के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष गोविंद बेदिया के सफल संचालन में जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरूआत पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद रपब्लिकन पार्टी के कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ टायर मोड, कॉलेज गेट, ब्लॉक चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक एवं अंबेडकर पार्क पहुंची। यहां भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।

**झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई**


# जयराम महतो जिन्हें भी प्रत्याशी बनाएंगे सभी को मानना होगा : रमेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेबीकेएसएस रामगढ़ विधानसभा के उम्मीदवार के लिए सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रत्याशी, उम्मीदवार के नामों की घोषणा अपने हिसाब से कोई नहीं करें। उन्होंने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो जिनको भी रामगढ़ विधान सभा से उम्मीदवार बनाते है। उनके नाम को जेबीकेएसएस रामगढ़ के सम्मानित केंद्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्यों को आदर पूर्वक मानना होगा। पार्टी विरोधी कार्य करने पर पार्टी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। कहा की 15 नवंबर 2000 को झारखंड संवैधानिक दृष्टिकोण से अलग हुआ है, लेकिन आज भी राज्य के लोगों की अपेक्षा पूरी नही हुई है। भारत का संविधान 309 विधानसभा को शक्तियां देता है ।उन्होंने कहा कि अनुसूची सात राज्यों की सूची है।सूची 41 के अनुच्छेद 16 का 4 कहता है कि राज्य के हितार्थ में बैरियर लगाकर कानून बना सकता है। कहा की झारखंड राज्य के वैकेंसी में पहला अधिकार यहां के नौजवानों को योगदान, अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। क्योंकि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ से अलग हुआ दबदबा शून्य है, उतर प्रदेश उत्तराखंड से अलग हुआ है, दबदबा शून्य है। लेकिन झारखंड बिहार से अलग हुआ है, लेकिन दबदबा अभी भी है। सभी को पता है की जमीन का बंटवारा करने पर खाता नंबर और प्लॉट नंबर नहीं बदलता है , लेकिन जब बिहार में 1932 लागू है तो झारखंड में फिर असंभव कैसे हैं। कहा की झारखंड बने 24 साल हुए लेकिन आज तक परिभाषित नहीं हो पाया कि झारखंडी कौन है। यहां के उद्योग नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, स्थानीय नीति क्लियर नहीं हो पाया। इसलिए झारखंड के सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है।

**झारखंड बिहार से अलग हुआ है, लेकिन दबदबा अभी भी है। सभी को पता है कि जमीन का बंटवारा करने पर खाता नंबर और प्लॉट नंबर नहीं बदलता है**

# पार्किंग जोन को लेकर बिफरा दुकानदार संघ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** फुटपाथ दुकानदारों ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर गुरुगोविंद सिंह पार्क में मंगलवार को एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक मेंगरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने निर्णय लिया कि नगर निगम द्वारा पार्किंग जहां-जहां किया जा रहा है। इससे फुटपाथ दुकानदारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यदि नगर निगम जहां तहां पार्किंग को कहीं एक जगह नही किया तो गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ इसका घोर आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, कुंती देवी, प्रदीप प्रसाद, समीम भाई, जय मंगल पांडेय, मो.खालिद, शंकर ठाकुर, मो. आदिल, मो. खलील सहित दर्जनों फुटपाथी दुकानदार संघ मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अस्पताल परिसर में लिए जा रहे पार्किंग टैक्स से प्राइवेट एंबुलेंस चालक परेशान



**हजारीबाग।** जिले के सबसे बड़े अस्पताल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लिए जा रहे पार्किंग शुल्क से परेशान प्राइवेट एंबुलेंस चालक मंगलवार को दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय पहुंचे तथा न्याय की गुहार लगाई।प्रदीप प्रसाद ने कहा कि एंबुलेंस सेवा जरूरी सेवाओं में आता है जिसके कारण एंबुलेंस का सड़क पर लगने वाला टोल टैक्स भी नहीं लिया जाता है।परंतु जिले के सबसे बड़े अस्पताल में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। श्री प्रसाद ने चालकों को आश्वस्त करते हुए भरोसा दिलाया कि इस बाबत वे नगर आयुक्त एवं डीसी से भी मुलाकात करेंगे अगर फिर भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन भी किया जाएगा। हम तरह से अपनी आवाज को वहां पहुंचायेंगे। मौके पर एंबुलेंस संघ के पवन मिश्रा, सुनील पांडे, जितेंद्र साहू, अरविंद कुमार, निरंजन साव, छोटन साव, सिकेन्द्र प्रजापति, संतोष साव, पिन्टु कुमार, तेज कुमार महतो, रंजीत कुमार, राजेश राम, टिंकु यादव, शंकर सोनी, संजय राणा, लखन साव, बबन पासवान, सोनू कुमार सहित कई एंबुलेंस चालक उपस्थित थे।

### चमेली झरना में डूबे जीशान का शव निकला




**हजारीबग।** जैन मंदिर के समीप निवासी जीशान अब्बास का शव मंगलवार छठे दिन एनडीआरएफ की मदद से बाहर निकाला गया। वह गत गुरुवार को इचाक के चमेली झरना नहाने गया था। इसी दौरान जीसान गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत पानी मे डूबने से हो गई। बताया जाता है कि जीसन अपने चार पांच साथियों के साथ रील बनाने के उद्देश्य से आया हुआ था।रील बनाकर नहाने के लिए पानी मे उतरा,गहरे गढ़े में जाने के बाद उसका अता पता नही चल पाया। काफी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह शव को निकाला गया। इधर जीसान के शव पानी से बाहर निकलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### भाजपा और आजसू पार्टी में समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करूंगा : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में आजसू पार्टी कार्यकताओं ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को शॉल उढ़ाकर एवं बुके देकर सम्म्मानित किया और जीत की बधाई दी। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा और आजसू पार्टी में समन्वय स्थापित कर विकास कार्य करूंगा। हजारीबाग की जनता ने जो विश्वास मेरे ऊपर किया है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हजारीबाग को आदर्श और मॉडल लोकसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करें। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बहुत सारी समस्या है जिसका निराकरण करने की जरुरत है नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग अगले पांच वर्ष में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रचनात्मक विकास करेंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, जितेन्द्र कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार, रणधीर कुमार, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारु प्रखण्ड अध्यक्ष राजू प्रसाद, युवा आजसू के विशाल कुमार प्रजापति, रुपेश राणा, विजय कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### येलो अलर्ट पर हजारीबाग उपायुक्त ने की सावधानी बरतने की लोगों से अपील




**हजारीबाग।** मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक हिट वेव व गर्मी की संभावना बनी रहेगी। संभावित लू के कारण आम जनजीवन पर इसका ज्यादा असर पड़ता है। इसको लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें, जितनी बार हो सकें पानी पीयें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें, जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढीले-ढीले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्में का इस्तेमाल करें, गमछा या टोपी से अपने सिर को ढंकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें, अधिक तापमान में कठिन काम न करें, हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटिन वाले भोजन का सेवन ना करें, जानवरों को छांव में रखें उन्हें खूब पानी पीने को दें। उन्हों ने कहा है कि अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें साथ ही लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें। लू लगे व्यक्ति की हालत में सुधार ना हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जायें।

# खंडेलवाल वैश्य पंचायत के मीडिया प्रभारी बने रितेश खंडेलवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष राहुल वैध एवं सचिव पवन खण्डेलवाल के द्वारा युवा रितेश खण्डेलवाल को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। समाज के निजी ग्रुप के मध्यम से मीडिया प्रभारी की घोषणा की गई, समाज के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। घोषणा के साथ ही समाज के अध्यक्ष राहुल वैध ने कहा कि समाज सेवा के साथ रितेश अपने दायित्व पर सदैव खरा उतरेगा, रितेश सामाजिक क्षेत्र में काफी रुचि रखता है साथ ही पत्रकारिता का कार्य भी काफी बखूबी निभाता है इसी दृष्टिकोण से समाज के मीडिया प्रभारी के रूप में रितेश खंडेलवाल को चयनित किया गया है। समाज के सचिव पवन रावत खण्डेलवाल ने बताया गया की रितेश खण्डेलवाल पिछले 11 वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं, इसके साथ ही पिछले दो वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। यहां तक की रितेश खण्डेलवाल एक निजी संस्था के बतौर कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं रितेश सामाजिक क्षेत्र में काफी बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका अदा करते हैं। अब तक 15 बार से भी अधिक रक्तदान किए है, वही अपने जीवन काल में 500 से भी अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सराहनीय प्रयास किया है। साथ ही कहा समाज के उन्नति में पत्रकारिता की अहम भूमिका होती है। रितेश खंडेलवाल ने कहा कि वैश्य पंचायत के प्रति आभार प्रकट करता हूं, मैं सदैव अपनी लेखनी के माध्यम से समाज हित में कार्य करता रहूंगा, समाज ने जो विश्वास मुझ पर भरोसा व विश्वास जताया हैं मैं उस पर सदैव खरा उतरूंगा।

**अबुआ आवास में 374 वर्ग फीट में तीन कमरा और एक बरामदा का होना है निर्माण**

# लाभुकों को सवा दो लाख की राशि का मिलेगा लाभ : भारती




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना अबुआ आवास अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 में प्रखंड में कुल 922 लाभुको का आवास आवंटित किए गए हैं. इसमें लगभग 850 लाभुकों को पहली किस्त की राशि 30,000 रुपए निर्गत किए जा चुके है. दूसरी किस्त की राशि 50,000 रुपए निर्गत होना प्रारंभ हो चुका है. आवास प्रखंड समन्वयक कमलेश कुमार भारती से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 30 लाभुकों को दूसरी किस्त की राशि भेजी जा चुकी है. शेष लाभुको को भी शीघ्र ही भेजी जायेगी. किस्त में देरी का कारण कई लाभुको का जाति प्रमाण पत्र नहीं होना बताया गया है. श्री भारती ने बताया कि दूसरी किस्त के लिए लाभुक का जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है. इसके बिना किस्त जारी नहीं किया जा सकता है. उन्होंने बताया कि लगभग 75 लाभुक का जमीन के कागजात और अन्य दस्तावेजों में त्रुटि के कारण पहली किस्त भी नहीं भेजे जा सके है. इन लोगो को यथाशीघ्र दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. प्रखंड समन्वयक ने बताया कि अबुआ आवास के तहत लाभुक को 364 वर्ग फीट में तीन कमरा व एक बरामदा वाला पक्का मकान बनाया जाना है. अबुआ आवास के लिए राज्य सरकार ने कुल दो लाख रुपए और मजदूरी के लिए मनरेगा से 25 हजार रुपए, कुल मिलाकर 2.25 लाख रुपए लाभुक को उनके खाते में ट्रांसफर किया जायेगा. जिसे चार किस्तों में भुगतान किया जाएगा.

**प्रखंड में 922 लाभुकों को मिला है अबुआ आवास, तकनीकी कारणों से करीब 75 को नहीं मिल सके हैं लाभ**

### पीवीयूएनएल में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

**पतरातू।** पीवीयूएनएल में आयोजित समर कैंप का समापन सोमवार की रात समारोह पूर्वक हुआ। आयोजित इस समर कैंप में छात्र छात्राओं को योग, आत्मरक्षा की कला और अन्य जीवन कौशल से अवगत कराया गया। इस बीच समर कैंप में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। समर कैंप के मुख्य अतिथि पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने इस आयोजन को सफल बनाने में किए गए उत्कृष्ट प्रयास के लिए टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समर कैंप 2024 में सभी बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें पिछले दिनों में सीखे गए कौशल और अनुभवों को अपने सहयोगियों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया। जबकि स्वर्ण रेखा महिला समिति के अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि यह सीएसआर की अच्छी पहल है। जिसका उद्देश्य उनके सपनों को और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाना है। शिविर में आसपास के कॉलोनी और गांव के 75 छात्र-छात्रा शामिल हुए। जिन्होंने समर कैंप के विभिन्न कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। जिनके बीच सीईओ आरके सिंह ने समर किट का वितरण किया।

# भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष ने महिलाओं को टब उपलब्ध कराया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** मंगलवार को भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा के सौजन्य से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुंदरु कला गांव में 21 घरों कि महिलाओं को टब का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने किया। मौके पर विनोद जायसवाल ने कहा कि पशु पंछियों के लिए पूरे रामगढ़ जिले में तब वितरण करने का निर्णय लिया गया है। उसी के तहत 11 जून को कुंदरु कला गांव की महिलाओं को टब प्रदान किया गया। बताया की समाजसेवी मनमोहन सिंह लांबा ने कहा कि ज्ञान महिला समिति के कार्यों से प्रभावित होकर 21 घरों की महिलाओं के लिए टब प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से यह अपील किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए घर के बाहर छत के ऊपर पेड़ की छांव में पानी भरा टब जरूर रखें। ताकि इस भीषण गर्मी में पशु पंक्षियों को पीने के पानी के लिए परेशानी नहीं हो। जिस तरह से झारखंड में गर्मी पड़ रही है उससे हम सभी को सर्तक रहने की जरूरत है। जो भी बाहर निकलें पुरी सावधानी के साथ निकलें ताकि लू न लग सके। अभी पारा 40 से 42 पार होता जा रहा है। सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुगर्बों को सतर्क रहने की जरूरत है। ताकि इन्हीं लोगों को लू लगने की आशंका होती है। इस मौके पर लीला देवी, सरिता देवी, पानो देवी, राधिका देवी, सुनीता कुमारी, छोटेलाल महतो, अंजू देवी, लक्ष्मी देवी, रूपा देवी, उर्मिला देवी, चिंता देवी, प्रभा देवी, मधु देवी सहित दर्जन महिलाएं उपस्थित थी।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सांसद मनीष जायसवाल को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नवनिर्वाचित लोक सभा सांसद मनीष जायसवाल से फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने मंगलवार को उनके झंडा चौक स्थित सेवा कार्यालय के सभागार में शिष्टाचार मुलाकात कर सांसद निर्वाचित होने पर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सांसद श्री जायसवाल से अनुरोध किया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में व्यापारियों के हित में भी कार्य किया जाए ताकि व्यापारी कुशलता पूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर सके।कहा कि आए दिन व्यापारियों के ऊपर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए उनसे दुर्व्यवहार किया जाता है। नवनिर्वाचित सांसद ने बधाई को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि व्यापारियों के साथ वे सदैव खड़े हैं।मौके पर चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर,उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल समेत फेडरेशन के कई अन्य साथी मौजूद थे।

**परेशानी**

**दाखिल खारिज व भूमि विवाद समेत कई विभागीय कार्य ठप**

# अंचलाधिकारी के अभाव में विभाग के सारे कार्य बाधित : बीस सूत्री अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में अंचलाधिकारी के अभाव में इन दिनों विभाग के सारे कार्य धरा का धरा रह गया है। पूर्व अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी का तबादला होने के बाद करीब पांच माह बीत जाने के बाद भी अंचलाधिकारी का पद खाली पड़ा है, जिससे विभाग के सारे कार्य बाधित है। भूमि का दाखिल खारिज, भूमि विवाद समेत कई विभागीय कार्य बाधित रहने से आमजन परेशान हैं। इस निमित्त मंगलवार को 20-सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने उपायुक्त महोदय को प्रखंड अंचल कार्यालय की समस्याओं से अवगत कराते हुए अविलंब अंचलाधिकारी पद को भरने और विभागीय सेवा बहाल करने का आग्रह किया है। उन्हों ने बताया कि पिछले करीब पांच माह से अंचल अधिकारी का पद रिक्त हैं जिससे अंचल कार्यालय से संबंधित सभी प्रकार का कार्य बाधित है । जिसमें आम जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस गर्मी भरी दिन में लोग दूर दराज से आते हैं और अधिकारियों के नहीं रहने के कारण काम नहीं होने पर लोग उदास होकर अपने घर की ओर लौट जाते हैं। लोगों का कहना है कि ब्लौक में तरह के कार्यों के लिए हमलोगों को आना पड़ता है लेकिन कमियों के कारण वापस लौट पड़ पड़ता है। वृद्धों का पेंशन योजना, विधवाओं के लिए कई योजनाएं ऐसी हैं जो बलॉक स्तर पर ही कार्य होता है जो कर्मियों की कमी के कारण नहीं हो पा रहा है।
मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आश्वाशन दिया है कि बरकट्ठा अंचल में जल्द ही अंचल अधिकारी की पद भरी जाएंगी और अविलंब सेवा बहाल की जाएगी, जिससे लोगों को अंचल से संबंधित कोई परेशानी न हो ।

**करीब पांच माह से खाली है बरकट्ठा अंचलाधिकारी का पद लोगों को हो रही है परेशानी**

### कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास व महिलाओं का उत्थान होना तय : कुमकुम देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनने पर जिप सदस्या कुमकुम देवी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अब पूरे भारत के साथ साथ झारखंड की महिलाओं का भी उत्थान होगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री बनने के बाद अन्नपूर्णा देवी से क्षेत्र के लोगों में काफी आश जगी है। इस बार इनका कार्यकाल स्वर्णिम काल रहेगा और क्षेत्र का चहुमुखी विकास होना तय है।कुमकुम ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा भारी मतों से चुनाव जीतेगी और बरकट्ठा में परिवर्तन निश्चित है। विदित हो कि कुमकुम देवी लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के लिए कड़ी मेहनत कर वोटरों को उत्साहित किया था। मंत्री पद शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में कुमकुम, अन्नपूर्णा देवी का साथ देते हुए भाजपा कार्यालय दिल्ली पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया था।

## एक नजर

### बकरीद पर्व को लेकर बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई

**बानो।** बानो थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति के बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विकास कुमार ने किया। बैठक में बकरीद का पर्व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर लोगों से थाना प्रभारी ने अपील किया किसी प्रकार की अपवाह ना फैलाएं, व्हाट्सएप फेसबुक पर किसी का प्रकार का भ्रामक संदेश ना डालें। किसी प्रकार की सूचना पर तत्काल थाना का सूचित करें उन्होंने कहा कि बकरीद का पर्व भाईचारे और मेल जोल के साथ बनाएं और आपसी सौहार्द नश बनाए रखें.। इस अवसर पर लोगों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में थाना प्रभारी को अवगत कराया. । मौके पर सी आई विलशन केरकेट्टा, आरपीएफ इंस्पेक्टर रजनीश प्रसाद, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, अटल लुगुन, हाजी मो अंजुम अंसारी मो साबिर मोहम्मद आलम, मोहम्मदमझहर, मो फैज आदि लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 13 जुलाई को कोडरमा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी ने की। प्रधान जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में जरूरी पहल करने, अपने-अपने कोर्ट से राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन योग्य मामलों को चिन्हित कर सबंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है, तो दूसरी ओर कोर्ट से मुकदमों का बोझ कम होता है।

### अन्नपूर्णा देवी के कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाइयों का तांता

**कोडरमा।** सांसद अन्नपूर्णा देवी को केन्द्रीय मंत्री बनने पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बनाए जाने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट में महिला बाल विकास मंत्री का प्रभार जो मिला है,इससे सभी क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के विकास कार्यों में गति मिलेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि आज देश में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण नई वंदन योजना के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कोडरमा लोकसभा में विकास की गंगा बहती रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताया कि मंत्री अन्नपूर्णा द्वारा सभी वर्गों का खास ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर अन्नपूर्णा देवी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार जताया।

### सिमडेगा शहर में नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# भविष्य में अगर कोई गलती की, तो होगी कार्रवाई : सिटी मैनेजर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा नगर परिषद की ओर से शहर को साफ सुथरा एवं जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को शहर के डेली मार्केट एरिया में जेसीबी के माध्यम से बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान में मुख्य रूप से नगर परिषद के सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, निशांत तिर्की एवं पुलिस बल शामिल रहे। जहां पर सब्जी मंडी का वैसा क्षेत्र जहां पर अतिक्रमण के नाम पर अवैध शराब का धंधा तथा अलग-अलग प्रकार के झुकी झोपड़ी बनाकर दुकान कर रहे दुकानदारों का तोड़ते हुए सामानों को जप्त किया। इसके अलावा तार जाली लगाकर अतिक्रमण मुक्त कराया, अचानक प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने से हड़कंप मच गया और कई लोग अपने-अपने सामान को लेकर इधर-उधर भागते हुए नजर आए। मौके पर सिटी मैनेजर ने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी बनाकर धड़ल्ले से देसी शराब का कारोबार किया जाता है, जिससे की शराबी लोगों का यहां पर जमावड़ा लगता है और इसकी वजह से शहर में कई प्रकार की अप्रिय घटना होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों की शिकायत पर कार्रवाई की गई है ।साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में दोबारा इस क्षेत्र में अगर सरकारी भूमि पर कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण करता है तो उनके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### मारवाड़ी युवा मंच व मेदांता अस्पताल के सहयोग से लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिमडेगा।** मारवाड़ी युवा मंच सिमडेगा एवं मेदांता अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को आनंद भवन सिमडेगा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस शिविर में मेदांता अस्पताल रांची से आए प्रख्यात चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया, साथ ही साथ निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ऑक्सीजन लेवल एवं ईसीजी. जांच भी किया गया। शिविर में कुल 150 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया जिसमें 90 मरीजों का निःशुल्क इसीजी किया गया एवं सभी मरीजों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल जांच किया गया। शिविर को सफल बनाने में मंच के सौरभ बंसल, बसंत शर्मा, दीपक मित्तल, डॉ. रीतेश अग्रवाल, गुलाब जैन, अंकित अग्रवाल, नमन बोंदिया, रवि बामलिया, अमन अग्रवाल, अभिजीत मित्तल, सौरभ शर्मा के साथ अन्य सदस्यों, शहर के गणमान्य महिला एवं पुरुष, सदर अस्पताल के नर्सों का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### दूर जाते जलस्रोत और सूखते हलक से जनता परेशान, शासन व प्रशासन विवश



**बरही ।** जब तक बरही जवाहर घाट से जलापूर्ति प्रारंभ नही होता है तब तक बरही चौक क्षेत्र वासियों को पेयजल के लिए जूझना होगा. उक्त बातें पेयजल व स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता विमल किशोर ने कही. उन्होंने बताया कि गर्मी होते ही चौक क्षेत्र का जलस्रोत दूर चला जाता है, डीप बोरिंग भी असफल हो चुका है. जब तक जलमिनार चालू नही होता है तब तक अस्थाई व्यवस्था से लोगो को पानी की समस्याओं का समाधान करना होगा. जलमिनार चालू होने में अभी वक्त लगेगा. इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि को पहल करनी होगी. यदि कोई हैंडपंप खराब है तो विभाग उसकी मरम्मती करवा सकता है परंतु जब जलस्रोत ही दूर चला जाए तो विभाग भी विवश है. ज्ञातव्य हो कि बरही पश्चिमी पंचायत के मल्लाह टोली, तेली टोला, पूर्वी के धोबी टोला, कोनरा के कुछ वार्डो में पेयजल की जटिल समस्या से जनता परेशान है. इस क्षेत्र ने स्थानीय जनप्रतिनिधि टैंकर से पानी की आपूर्ति करवा रहे हैं. बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि असलम ऊर्फ टिंकू ने बताया करीब 350 मतदाताओं वाला तेली टोला में पानी का लेयर दूर होने से दो हैंडपंप बंद हो चुका है. यहां किसी भी प्रकार का जलमिनार या पानी का अन्य कोई साधन नही है.
वही स्थिति 400 मतदाताओं वाला मल्लाह टोली की है.

### जहरीले सांप के काटने से दो लोगों की बिगड़ी तबीयत



**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दोनों जहर का कहर देखने को मिल रहा है और सांप काटने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं बीती रात दो अलग-अलग स्थान में सांप काटने की वजह से दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है ।पहला मामला सिमडेगा सामटोली की है जहां की शांता खेस नामक महिला को सांप ने काटा ,इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी जिसे परिवार वालों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है ।वहीं दूसरा मामला रांची निवासी प्रकाश लकड़ा नामक युवक जो मेहमान के रूप में सिमडेगा आया था और जमीन में सोया था इसी दौरान सांप ने काटा बाद में उसकी तबीयत बिगड़ी फिलहाल दोनों के इलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में चल रही है।

### कुरडेग में बाइक की टक्कर से मुक बधिर बच्ची घायल



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के करमडीह के समीप बाइक के धक्के से मुक वधिर बच्ची घायल घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोनम कुमारी 12 बर्ष पिता भुनेश्वर यादव ग्राम भैसामारा पंचायत बड़की विउरा सड़क पार कर रही थी इसी क्रम में बाइक चालक पिन्टू राणा पिता सुरेन्द्र राणा निवासी करमडीह कुरडेग से अपने घर करमडीह जा रहा था , बाइक से नियंत्रण खोते हुए बच्ची को धक्क मार दिया जिसे 108 एम्बुलेंस से कुरडेग अस्पताल लाया गया जहाँ डॉ अभिनव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिये डॉ ने बताया कि बच्ची के कान से खुन बह रहा है वही कुरडेग पुलिस मौके पर अस्पताल पहुंच कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई ।

### खिंडा में जेसीबी के माध्यम से मनरेगा कूप की खोदाई, जांच में जुटा प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
प्रखण्ड के खिंडा पंचायत में मनरेगा कूप निर्माण में जेसीबी से खुदाई का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सूचना पर मीडिया कर्मी कार्य स्थल पर पहुंचे और सत्यता की जांच की तो पाया कि उक्त कार्य मे जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया है। उसका चिन्ह दिख रहा है साथ ही जेसीबी के आने जाने का चिन्ह भी रास्ते से नहीं मिटा है। गांव वाले ने दबी जुबान में बताया की जेसीबी से कूप निर्माण कार्य किया गया है। कोल ढोढ़ी में सत्यवती तिर्की के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण 2023-24 मनरेगा वर्क कोड 708090 2722037 है जिसमें अवैध रूप से 13 मास्टर रोल का उपयोग करते हुए 94656 रुपये का निकासी किया गया है वहीं ग्रामीणों ने बताया इस कार्य को गांव के ही एक ठेकेदार कर रहा था। कार्य स्थल पर पत्थर सहित अन्य पदार्थ रखा गया है कूप निर्माण का गहराई लगभग 12 फीट के आसपास दिख रहा है। मामले की पड़ताल पर बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा तक खबर पहुंचने पर ,उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जाएगी और सत्यता पाए जाने पर इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बानो वन विभाग टीम ने की बड़ी कार्रवाई

# लकड़ी तस्करों में मचा हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
वन विभाग टीम की बड़ी कार्रवाई, वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में बानो प्रखंड क्षेत्र के गटीबंदू से भारी मात्रा में सखुआ का बोटा बरामद किया गया है सखुआ का बोटा 25 पीस है ।सखुआ का बोटा सहित बोटा से लदा हुआ ट्रक भी जप्त ।वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि वन विभाग बानो रात के करीब 10:30 बजे गुप्त सुचना मिली थी की गटिबांदु क्षेत्र से लकड़ी तस्करी होने वाली है,सूचना उपरांत ही रेंजर बानो अभय कुमार के नेतृत्व में वनपाल विवेक कुमार वर्मा,वनरक्षी लखिंदर कुमार सिंह,सुरेश टेटे, मनीष डुंगडुंग, वन कर्मी उदय प्रताप सिंह, दीप नारायण सिंह, संदीप नायक, होमगार्ड केनन बा, फुलजेम्स एक्का, श्याम बरवा, चंद्रमोहन बड़ाइक की एक टीम गठित की गई। विभाग की टीम तैयार होकर रात्रि लगभग 12 बजे गटिबांदु पहुंची, वहां पर 407 ट्रक में कुछ लोग लकड़ी (सखुआ बोटा)लोड कर रहे थे। घात लगाई वन विभाग की टीम ने गाड़ी और लकड़ी समेत दो लकड़ी तस्करों को धर दबोचा तत्पश्चात वाहन की तलाशी ली कुल 25 की संख्या में सखुआ बोटा पाया गया। बोटों पर कोई संपत्ति चिन्ह अंकित नहीं था, ट्रक में जांच करने पर भी लकड़ी बोटों से संबंधित कोई कागजात प्राप्त नहीं हुआ,अतः उसे वन विभाग की टीम ने अवैध मानते हुए जब्त कर लिया और अंग्रतर कारवाई हेतु बानो वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया।भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41,42 के तहत लकड़ी बोटों के अवैध परिवहन का दोषी पाते हुए दोनों लकड़ी तस्करों तोरपा निवासी उपेंद्र ओहदार व सालेगुटु कामडारा थाना निवासी ईश्वर गोप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है,आगे मामले की अनुसंधान जारी है।

### सिमडेगा में दो सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिले में एक बार फिर से रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और रफ्तार की कहर की वजह से लोगों की जान जा रही है। मंगलवार को भी दो अलग-अलग जगह में सड़क हादसे की वजह से दो लोगों की जान चली गई ।पहला मामला सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग बीरू हाई स्कूल के पास की है जहां पर सोमवार की देर रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बंगरू निवासी मारियानुष डुंगडुंग नामक 34 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था जिसकी मंगलवार की सुबह इलाज के क्रम में मौत हो गई ।मामले की जानकारी परिजनों को दी गई जिसके बाद परिजन सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचे वहीं पुलिस भी पहुंची एवं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। दूसरा मामला सिमडेगा शहर क्षेत्र के खमहनटोली के पास की है जहां पर सुंदरपुर निवासी अनूप केरकेट्टा नामक 24 वर्षीय स्कूटी सवारी युवक की मंगलवार की शाम में मौत हो गई ।बताया जा रहा है कि अनूप अपने घर से शहर की ओर आने के लिए स्कूटी लेकर निकला था और अचानक सड़क हादसे का शिकार हो गया ।वहां के स्थानीय लोगों की मदद से उसे सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां पर डॉक्टर ने बताया कि माथे सहित कहीं हिस्सों में अंदरूनी चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। इधर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे जहां पर उनका रो-रो कर बुरा हाल था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस नहीं पहुंची थी।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले सांसद व विधायक

# संगठन के बारे में दी विस्तार से जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
खूंटी लोकसभा के कालीचरण मुंडा, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और खुंटी लोकसभा के पर्यवेक्षक डॉ अजय शाहदेव मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से शिष्टाचार भेंट की। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुंटी लोकसभा से चुनाव में शानदार जीत करने पर कालीचरण मुंडा को बधाई दी। साथ उन्होंने आशीर्वाद भी दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुंटी लोकसभा में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के एवं कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश देते हुए सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधायक भूषण बाड़ा को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी सिमडेगा विधानसभा से एकतरफा जीत दर्ज करने के लिए अभी से ही पूरी प्लानिंग के साथ तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने सांसद और विधायक को उनकी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का दिया निर्देश**

वहीं विधायक ने संगठन की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिले में संगठन मजबूती को लेकर उनके द्वारा एवं जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अस्वस्थ किया कि लोक सभा चुनाव की तरह आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एकतरफा जीत मिलेगी। क्षेत्र की जनता का भी पूरा समर्थन कांग्रेस पार्टी के साथ है। वहीं खुंटी लोकसभा पर्यवेक्षक डॉ अजय शाहदेव ने भी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए आगे और अधिक मजबूती के साथ काम करने का भरोसा जताया। मौके पर मदन मिश्रा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा आदि उपस्थित थे।

### स्कॉर्पियो की चोरी पुलिस जुटी जांच में

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह रोड विधायक आवास के समीप से सोमवार की देर रात स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई। घटना को लेकर स्कॉर्पियो के मालिक जलवाबाद निवासी मो शाहबाज आलम, ने मंगलवार को कोडरमा थाना में चोरी का आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनका ड्राइवर बंटी कुमार पासवान उनके स्कॉर्पियो को अपने घर के बाहर खड़ी कर रात्रि विश्राम कर रहा था।

### इंतजार

### दिव्यांगों को योजनाओं का नहीं मिल रहा है लाभ

# दिव्यांग असरीता को ट्राई साइकिल की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सरकार कई तरह की योजना चला रही है लेकिन भी दिव्यांगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसा ही एक मामला जलडेगा प्रखंड के जलडेगा डीपा टोली से सामने आया है। जहां 37 वर्षीय असरीता आइंद, पति बिपिन आइंद एक पैर से दिव्यांग होने के बाद भी उसे आज तक ट्राई साइकिल नसीब नहीं हुआ। राष्ट्रीय नवीन मेल से बात चीत के दौरान असरीता आइंद ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, दिव्यांग होने के कारण एक पैर काम नहीं करता है गर्मी हो या बरसात, चाहे कितने भी पथरीले रास्ते हो वो बिना चप्पल के ही अपने काम पर जाती है और पति के साथ वो खुद भी घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करती है। असरीता चमेली महिला समूह की सदस्य भी है, उनको लगा था कि समूह में जुड़ने से दिव्यांगता के कारण जेएसएलपीएस के माध्यम से उन्हें कुछ न कुछ मदद मिल जायेगा। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नही हुआ। आज तक किसी ने भी असरीता को मदद करने का नही सोचा, यही कारण है कि वो अब जगह - जगह हाथ फैलाना छोड़ चुकी है। अब वो अपने किस्मत को कोसती है और कहती है कि इस दुनिया में गरीब होना पाप है, क्यूंकि गरीब को जल्दी कोई नही पूछता है ना ही कोई मदद करना चाहता है। दिव्यांग पेंशन के तहत असरीता को हर माह एक हजार रुपए मिलता है, उसके पास सब कागजात है एक नही है तो सिर्फ ट्राई साइकिल।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक घायल, रिम्स रेफर

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के मुख्य पथ आनंद भवन धर्मशाला के पास मंगलवार के सामने दो मोटरसाइकिल में हुई सीधी टक्कर में सिमडेगा प्रिंस चौक निवासी सतीश केसरी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सतीश मोबाइल दुकान संचालक है ,वह किसी सामान को लेने के लिए नीचे बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हैं मोटरसाइकिल सवार से भिड़ंत हो गई।


ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा
Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

अति अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेंस नं०– 01/2024-25/EE/BCD/BD,SIMDEGA. दिनांक–10-06-2024

| 1. | कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| (i) | Construction of Block Level Stadium at S.S.+2 High School Jaldega in Jaldega Block. | 82,93,000.00 | 10 (Ten) Months |
| (ii) | Construction of Block Level Stadium at Upgrade High School Keshalpur in Pakartand Block. | 82,93,000.00 | 10 (Ten) Months |
| (iii) | Construction of Block Level Stadium at S.S. +2 High School Bansjor in Bansjor Block. | 82,93,000.00 | 10 (Ten) Months |
| (iv) | Construction of Block Level Stadium at Swami Sradhanand +2 High School Tainsera in Simdega Block. | 82,93,000.00 | 10 (Ten) Months |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.06.2024 को 11:00 बजे | |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25.06.2024 को दोपहर 11:00 बजे तक | |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 26.06.2024 के अपराह्न 11:30 बजे तक अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, अंचल संख्या – 2, राँची। | |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 | |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 | |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03-10-2023 के द्वारा निर्गत **SOP** (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06-10-2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा **SOP** के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.**

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 325904 Building(24-25).D

# न्यूज बॉक्स

## बिजली के अनुबंधकर्मियों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी



**तिसरी।** पॉवर सब स्टेशन में ड्यूटी के दौरान विधुत आघात की चपेट में आकर अपना एक हाथ गंवा चुके अनुबंधकर्मी विपुल सिंह द्वारा विभाग के विरुद्ध पावर सब डिवीजन ऑफिस के समक्ष दिया गया धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। मामले की जानकारी मिलने पर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विपुल सिंह व उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभाग के एसडीओ से फोन पर वार्ता की साथ ही झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कार्य से हटाए गए विपुल को पुनः कार्य पर रखने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि विपुल सिंह विधुत आघात के शिकार होने के बाद दिव्यांग होने के बावजूद भी अपना काम कर रहे थे।

## स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो लोग हुए घायल

**छतरपुर।** छतरपुर स्थित नवनिर्मित फोरलेन सड़क उदयगढ़ मोड़ के समीप सोमवार के रात्रि स्कार्पियो ने बाइक सवार को धक्का मार दी जिससे छतरपुर के दीनादाग निवासी सुनील यादव और अवधेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें रिम्स रांची के लिए रेफर किया गया था जहां उन्हें इलाज किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलती है छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन के द्वारा स्कॉर्पियो को पकड़ लिया गया है।

## नए डीएल कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**गिरिडीह।** जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देश पर मंगलवार को नये डीएल लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट का बरवाडीह ग्राउंड, गिरिडीह में रोड़ सेफ्टी मैनेजर मो॰ वाजिद के द्वारा प्रशिक्षु चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया और साथ में हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया. बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें. इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन उपस्थित थे.

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के मंगरोडीह में सोमवार की देर रात एक घर में आग लग गयी. घटना के बाद थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया. हो-हल्ला पर लोग जमा हुए और फिर सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया. घटना को लेकर गृहस्वामी महेंद्र सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से उनके घर में आग लग गयी. उन्होंने बताया कि अगलगी की इस घटना में मवेशियों के खाने को लेकर रखा गया बिचाली, पंखा, मोटर समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गयी. बताया कि उनके पास करीब दर्जनभर मवेशी हैं. जिसका चारा जल जाने से उनके सामने विकत परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है. उन्होंने प्रशासन और प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगायी है.

## कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत, मानसिक रूप से था बीमार

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित उदनाबाद के जम्बाद में कुएं में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गयी. मृतक 60 वर्षीय रूपलाल दास था. घटना को लेकर मृतक के दामाद ने बताया कि उसके ससुर की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. उन्हें हल्का पैरालाइसिस भी था. इसी बीच कल वो कुएं में डूब गए. घटना के बाद रात के करीब 12 बजे शव को कुएं से बाहर निकाला गया. इधर घटना को लेकर पुलिस को भी जानकारी दी गयी. सूचना पर महतोडीह पिकेट प्रभारी संजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.

## हीट वेव को लेकर जारी की गई है विशेष एडवाइजरी

**गिरिडीह।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके।

## हैवल्स कंपनी और प्रदीप इलेक्ट्रिक स्टोर्स के डीलर मीट का हुआ आयोजन

**गिरिडीह।** इलेक्ट्रिक उपकरणों में अग्रणी ब्रांड हैवल्स और गिरिडीह का विश्वसनीय इलेक्ट्रिक प्रतिष्ठान प्रदीप इलेक्ट्रिक स्टोर्स के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मैन रोड राजा बंगला स्थित होटल संगम गार्डन में डीलर मीट का आयोजन किया गया। डीलर मीट में झारखंड ब्रांच के हेड सुधांशु नंदा अपनी पूरी टीम के साथ शामिल हुए। वहीं प्रदीप इलेक्ट्रिक स्टोर्स के संचालक प्रदीप अग्रवाल एंड टीम समेत जिलेभर के 250 से अधिक रिटेलर इस मीट में उपस्थित थे। इस अवसर कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद सभी को कंपनी से जुड़ी आवश्यक जानकारी साझा की गई। साथ ही उपहार भी भेंट किया गया। इस बाबत हैवल्स इंडिया लिमिटेड के झारखंड स्टेट हेड सुधांशु नंदा एंड टीम ने कंपनी के आने वाले प्रोडक्ट से सभी को रूबरू करवाया। साथ ही प्रोडक्ट से जुड़े बेनिफिट्स और सर्विस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेहद ही खुशी की बात है कि आज के डीलर मीट में हैवल्स परिवार से जुड़े 250 लोग शामिल हैं। वहीं प्रदीप इलेक्ट्रिक स्टोर्स के संचालक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि इलेक्ट्रिक ट्रेड में 1971 से यह कंपनी लोगों के भरोसे पर खड़ी उतरी है।

# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड (एन0एच0–33) से डुमरौन होते हुए बहिमर चौक पी0डब्लु0डी0 पथ तक चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–46, जिला–हजारीबाग में कुल 6.816 एकड़ यानि 2.7595 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से केमोवेश कुल 6.816 एकड़ यानि 2.7595 हेक्टेयर है और जो ग्राम–डांड, थाना–कटकमसांडी, थाना–सं0–46, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

पार्ट–02

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 119 | 92 | 1748/2 | निजी | टांड–। | 0.04 | इदरीष मियॉं पिता सफी मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट न0–1749 | नीज | रास्ता |
| 120 | 143 | 1753 | निजी | टांड–। | 0.025 | जाकीर हुसैन पिता सफी मियॉं, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1749 | प्लौट न0–1754 | प्लौट न0–1752 | रास्ता |
| 121 | 34 | 1754/1 | निजी | खेत | 0.009 | अर्जुन यादव वगै0 पिता बद्री महतो ,निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1753 | प्लौट न0–1758 | प्लौट न0–1755 | रास्ता |
| 122 | 34 | 1754/2 | निजी | खेत | 0.009 | जरीना खातुन पति जाकिर हुसैन वो अनवर हुसैन पिता ..............., निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1753 | प्लौट न0–1758 | प्लौट न0–1755 | रास्ता |
| 123 | 104 | 1759 | निजी | टांड–। | 0.016 | मो0 अकबर वगै0 पिता स्व0 मुस्तिकिम मियॉं, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1758 | प्लौट न0–1760 | नीज | रास्ता |
| 124 | 104 | 1760 | निजी | टांड–। | 0.01 | मुस्तिकिम मियॉं पिता हमीद मियॉं, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1759 | प्लौट न0–1761 | नीज | रास्ता |
| 125 | 87 | 1761 | निजी | टांड–। | 0.028 | अब्दुल रसीद पिता स्व0 पीरमोहम्मद मियॉं, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1760 | प्लौट न0–1762 | नीज | रास्ता |
| 126 | 185 | 1921 | निजी | मकान | 0.003 | षिक्षा विभाग (मध्य विद्यालय) | प्लौट न0–1723 | प्लौट न0–1726 | प्लौट न0–1723 | नीज |
| 127 | 82 | 1926 | निजी | टांड–।। | 0.085 | थनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विषुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1523 | प्लौट न0–1559 | रास्ता | नीज |
| 128 | 82 | 1959 | निजी | परती कदीम | 0.054 | थनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विषुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1526 | प्लौट न0–1560 | रास्ता | नीज |
| 129 | 75 | 1960 | निजी | खेत | 0.024 | आदित्य सोनार वगै0 पिता स्व0 लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1559 | प्लौट न0–2165 | रास्ता | नीज |
| 130 | 82 | 1961 | निजी | परती कदीम | 0.008 | थनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विषुन सोनार वो मोती सोनार वगै0 पिता हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1962 | प्लौट न0–2164 | नीज | रास्ता |
| 131 | 82 | 1962 | निजी | धानखेत–।।। | 0.001 | थनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1989 | प्लौट न0–1961 | प्लौट न0–1962 | प्लौट न0–1963 |
| 132 | 82 | 1963 | निजी | टांड–।।। | 0.052 | थनु सोनार पिता शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता विषुन सोनार निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1964 | प्लौट न0–1962 | नीज | रास्ता |
| 133 | 124 | 1964 | निजी | खेत | 0.075 | राजकुमार पासवान वगै0 पिता धमन राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1965 | प्लौट न0–1963 | नीज | रास्ता |
| 134 | 158 | 1965 | निजी | खेत | 0.023 | सुखदेव राणा वगै0 पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1966 | प्लौट न0–1964 | नीज | रास्ता |
| 135 | 157 | 1966 | निजी | खेत | 0.017 | सुखदेव राणा वगै0 पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1967 | प्लौट न0–1965 | नीज | रास्ता |
| 136 | 22 | 1967 | निजी | खेत | 0.001 | सुरेष राणा वगै0 पिता हरिहर राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1522 | प्लौट न0–1966 | नीज | रास्ता |
| 137 | 4 | 2021 | निजी | परती कदीम | 0.049 | कनी मियॉं वगै0 पिता रूपन मियॉं, निवासी नीज ग्राम | सीमाना.... | प्लौट न0–2023 | रास्ता | नीज |
| 138 | 38 | 2022 | निजी | खेत | 0.021 | पारो मियॉं पिता......................, निवासी नीज ग्राम | सीमाना... | प्लौट न0–2023 | नीज | रास्ता |
| 139 | 157 | 2023 | निजी | परती कदीम | 0.036 | युगल महतो वगै0 पिता स्व0 फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2022 | प्लौट न0–2024 | प्लौट न0–2023 | रास्ता |
| 140 | 76 | 2024 | निजी | खेत | 0.084 | रामकुमार मेहता पिता स्व0 मुलचन्द मेहता, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2023 | प्लौट न0–2033 | प्लौट न0–2026 | प्लौट न0–2021 |
| 141 | 101 | 2033 | निजी | धानखेत–।। | 0.517 | महेन्द्र किषोर मेहता पिता स्व0 जगदीष महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट न0–2024 | प्लौट न0–2035 | नीज | नीज |
| 142 | 133 | 2034 | निजी | परती कदीम | 0.035 | चन्द्रषेखर यादव वगै0 पिता स्व0 उदयनाथ यादव, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2032 | प्लौट न0–2040 | नीज | रास्ता |
| 143 | 101 | 2037 | निजी | धानखेत–।। | 0.16 | महेन्द्र किषोर मेहता पिता स्व0 जगदीष महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट न0–2035 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 144 | 153 | 2038 | निजी | टांड–। | 0.034 | युगल महतो वगै0 पिता स्व0 फुलचन महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2041 | प्लौट न0–2037 |
| 145 | 152 | 2040 | निजी | टांड–।। | 0.374 | अयोध्या प्रसाद मेहता वगै0 पिता रामेष्वर महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2034 | चादर न0–05 | सीमाना.... | प्लौट न0–3038 |
| 146 | 154 | 2041 | निजी | टांड–। | 0.285 | जयकिषोर महतो वगै0 पिता स्व0 हरिहर महतो, निवासी ग्राम लुपुग | नीज | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 147 | 47 | 2095/1 | निजी | खेत | 0.032 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व0 जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2101 | रास्ता |
| 148 | 47 | 2095/2 | निजी | खेत | 0.032 | बंगाली महतो वगै0 पिता स्व0 महाबीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2101 | रास्ता |
| 149 | 47 | 2095/3 | निजी | खेत | 0.03 | लखन यादव पिता स्व0 जयलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2101 | रास्ता |
| 150 | 75 | 2101/1 | निजी | टांड–।। | 0.081 | आदित्य सोनार वगै0 पिता स्व0 लोचन सोनार, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2042 | प्लौट न0–2095 |
| 151 | 75 | 2101/2 | निजी | टांड–।। | 0.081 | मिन्हाज हुसैन पिता पारो मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2042 | प्लौट न0–2095 |
| 152 | 95 | 2104 | निजी | टांड–।। | 0.119 | मुस्लिम मियॉं पिता करमली मियॉं वो थनु सोनार पिता शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2103 | प्लौट न0–2105 |
| 153 | 86 | 2105/1 | निजी | टांड–।। | 0.04 | बीबी सैरून निषा पति मो0 दिलावर हुसैन, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2104 | प्लौट न0–2106 |
| 154 | 86 | 2105/2 | निजी | टांड–।। | 0.04 | समुनाथ यादव पिता छत्रधारी यादव वो मुस्लिम मियॉं वगै0 पिता करमली मियॉं वो रामकिषोर सोनी वो राजेन्द्र सोनी पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2104 | प्लौट न0–2106 |
| 155 | 86 | 2105/3 | निजी | टांड–।। | 0.036 | रामकिषोर सोनी वो राजेन्द्र सोनी पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दषरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2104 | प्लौट न0–2106 |
| 156 | 62 | 2106 | निजी | धानखेत–।। | 0.102 | बीबी सैरून निषा पति मो0 दिलावर हुसैन वो मो0 कषीदा ,खातुन पति स्व0 रहमत हुसैन वो मो0 वाहिदा खातुन पति स्व0 रजबली मियॉं, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2105 | प्लौट न0–2107 |
| 157 | 62 | 2107 | निजी | टांड–।। | 0.076 | अषोक सोनी वगै0 पिता लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2106 | प्लौट न0–2108 |
| 158 | 75 | 2108 | निजी | धानखेत–। | 0.097 | झमन साव पिता टनक साव, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2109 | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 159 | 86 | 2109/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.04 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2112 | प्लौट न0–2108 | नीज | रास्ता |
| 160 | 86 | 2109/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.035 | रामकिषोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दषरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2112 | प्लौट न0–2108 | नीज | रास्ता |
| 161 | 86 | 2110 | निजी | टांड–।। | 0.008 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी वो रामकिषोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अजय सोनी पिता स्व0 दषरथ सोनी, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट न0–2357 | प्लौट न0–2358 | रास्ता |
| 162 | 85 | 2112 | निजी | धानखेत–।।। | 0.025 | सुफिया खातुन पति मो0 कैषर अंसारी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2114 | प्लौट न0–2109 | नीज | रास्ता |
| 163 | | 2114 | निजी | धानखेत–। | 0.012 | लुरकी सोनार वगै0 पिता स्व0 गंगु सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2115 | प्लौट न0–2112 | नीज | रास्ता |
| 164 | 75 | 2115 | निजी | धानखेत–।।। | 0.009 | दिनेषर मेहता पिता ................., निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2116 | प्लौट न0–2114 | नीज | रास्ता |
| 165 | 95 | 2116 | निजी | धानखेत–।।। | 0.022 | महेष सोनी वगै0 पिता प्रमेष्वर सोनी वो किषुन राणा पिता रघु राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2118 | प्लौट न0–2115 | नीज | रास्ता |
| 166 | 61 | 2118 | निजी | धानखेत–।।। | 0.011 | छटु यादव वगै0 पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2119 | प्लौट न0–2116 | नीज | रास्ता |
| 167 | 62 | 2119 | निजी | धानखेत–।।। | 0.015 | छटु यादव वगै0 पिता सोहन महतो, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2120 | प्लौट न0–2118 | नीज | रास्ता |
| 168 | 75 | 2122 | निजी | परती कदीम | 0.038 | दिनेष्वर मेहता पिता ....................., निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट न0–2125 | प्लौट न0–2119 | प्लौट न0–2121 | रास्ता |
| 169 | | 2125 | निजी | धानखेत–।। | 0.057 | प्लौट 2125 का रैयत | प्लौट न0–2164 | रास्ता | प्लौट न0–2154 | प्लौट न0–2124 |
| 170 | 86 | 2164/1 | निजी | टांड–।।। | 0.032 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी वो रामकिषोरी सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1961 | प्लौट न0–2125 | नीज | रास्ता |
| 171 | 86 | 2164/2 | निजी | टांड–।।। | 0.013 | अन्तु साव पिता स्व0 मेघन साव, निवासी ग्राम कंचनपुर जेलमा | प्लौट न0–1961 | प्लौट न0–2125 | नीज | रास्ता |
| 172 | 86 | 2164/3 | निजी | टांड–।।। | 0.022 | अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1961 | प्लौट न0–2125 | प्लौट न0–1989 | रास्ता |
| 173 | 86 | 2165 | निजी | टांड–।।। | 0.022 | रामकिषोर सोनी पिता स्व0 लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वो लक्ष्मण सोनी पिता भीखन सोनी वो मो0 यषोदा पति दषरथ राणा, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–1960 | प्लौट न0–2166 | रास्ता | नीज |
| 174 | 82 | 2166 | निजी | टांड–।।। | 0.051 | थनु सोनार पिता स्व0 शंकर सोनार वो सहदेव सोनार पिता स्व0 विषुन सोनार वो मोती सोनार पिता स्व0 हेमराज सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2165 | प्लौट न0–2182 | रास्ता | नीज |
| 175 | 95 | 2181 | निजी | टांड–।।। | 0.002 | थनु सोनार पिता स्व0 शंकर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2166 | प्लौट न0–2182 | रास्ता | नीज |
| 176 | 150 | 2185 | निजी | टांड–।। | 0.009 | प्लौट न0–2185 का रैयत | प्लौट न0–2184 | प्लौट न0–2187 | रास्ता | नीज |
| 177 | 61 | 2187 | निजी | धानखेत–। | 0.009 | महेष सोनी वगै0 पिता स्व0 प्रमेष्वर सोनार, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2185 | प्लौट न0–2188 | रास्ता | नीज |
| 178 | 62 | 2188 | निजी | धानखेत–।।। | 0.008 | अषोक सोनी वगै0 पिता स्व0 लखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2187 | प्लौट न0–2189 | रास्ता | नीज |
| 179 | 86 | 2189 | निजी | धानखेत–।।। | 0.008 | रामकिषोर सोनी वगै0 पिता लोकन सोनी वो अर्जुन सोनी वगै0 पिता भीखन सोनी, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–2188 | प्लौट न0–2190 | रास्ता | नीज |
| 180 | 95 | 2190 | निजी | धानखेत–।। | 0.003 | अवध मेहता वगै0 पिता स्व0 लालजी महतो, निवासी ग्राम लुपुंग | प्लौट न0–2189 | प्लौट न0–2191 | रास्ता | नीज |
| 181 | 31 | 2358 | निजी | खेत | 0.002 | शम्भु यादव वगै0 पिता स्व0 छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2361 | प्लौट न0–2357 |
| 182 | 108 | 2906/1 | निजी | खेत | 0.01 | मोमताज मियॉं पिता ईसाक मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट न0–2907 | प्लौट न0–2910 | प्लौट न0–2904 |
| 183 | 108 | 2906/2 | निजी | खेत | 0.01 | समसुदीन मियॉं पिता ईसाक मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2907 | प्लौट न0–2905 |
| 184 | 44 | 2910/1 | निजी | खेत | 0.007 | मोहम्मद सरफुदीन मियॉं पिता ईसाक मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2911 | प्लौट न0–2909 |
| 185 | 44 | 2910/2 | निजी | खेत | 0.007 | मिनहाज मियॉं पिता स्व0 उसमान मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2911 | प्लौट न0–2909 |
| 186 | 44 | 2910/3 | निजी | खेत | 0.007 | सजसुदीन मियॉं पिता रजाक मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट न0–2911 | प्लौट न0–2909 |
| 187 | 47 | 2974 | निजी | मकान | 0.048 | मथुरा प्रसाद यादव पिता स्व0 जानकी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 188 | 60 | 2976 | निजी | खेत | 0.017 | षिवमंदिर | प्लौट न0–2990 | प्लौट न0–2977 | रास्ता | नीज |
| 189 | 101 | 2977 | निजी | खेत | 0.04 | महेन्द्र किषोर मेहता पिता स्व0 जगदीष महतो, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | प्लौट न0–2976 | रास्ता |
| 190 | 31 | 2984/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | फुलो महतो वगै0 पिता बुलाकी महतो वो राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 191 | 31 | 2984/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | अर्जुन यादव वगै0 पिता स्व0 बद्री यादव, निवासी नीज ग्राम | फुलो महतो | रामस्वरूप यादव | रास्ता | रास्ता |
| 192 | 31 | 2984/3 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | रामस्वरूप यादव वगै0 पिता स्व0 यादव महतो, निवासी नीज ग्राम | अर्जुन यादव | बासदेव यादव | रास्ता | रास्ता |
| 193 | 31 | 2984/4 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | बासुदेव यादव वो राजेन्द्र यादव पिता लालकिषुन यादव, निवासी नीज ग्राम | रामस्वरूप यादव | केदार यादव | रास्ता | रास्ता |
| 194 | 31 | 2984/5 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | केदार यादव वो उमेष यादव पिता स्व0 बाबुलाल यादव, निवासी नीज ग्राम | बासदेव यादव | राजेन्द्र प्रसाद यादव | रास्ता | रास्ता |
| 195 | 31 | 2984/6 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव वो यादव महतो वगै0 पिता फुलचन्द महतो, निवासी नीज ग्राम | केदार यादव | देवाली यादव | रास्ता | रास्ता |
| 196 | 31 | 2984/7 | निजी | धानखेत–।।। | 0.027 | देवाली यादव वगै0 पिता स्व0 प्रयाग महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लुकेष्वर यादव | रास्ता | रास्ता |
| 197 | 71 | 2992/1 | निजी | खेत | 0.006 | लुकेष्वर यादव वो मोती यादव पिता बडहन महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | देवाली यादव | सतनारायण यादव |
| 198 | 71 | 2992/2 | निजी | | 0.005 | सतनारायण यादव पिता सोहन यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | लुकेष्वर यादव | कैलाष यादव |
| 199 | 71 | 2992/3 | निजी | खेत | 0.005 | कैलाष यादव पिता दुलार महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | सतनारायण यादव | भोला यादव |
| 200 | 71 | 2992/4 | निजी | खेत | 0.005 | भोला यादव पिता बसंत यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | कैलाष यादव | बुधन राम |
| 201 | 151 | 3005/1 | निजी | टांड–। | 0.021 | बुधन राम पिता स्व0 लिलो राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सुलेमान मियॉं |
| 202 | 151 | 3005/2 | निजी | टांड–। | 0.021 | बसंत नारायण राम वो रामनारायण राम पिता स्व0 भीली राम, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बुधन राम | सुलेमान मियॉं |
| 203 | 98 | 3006/1 | निजी | टांड–। | 0.015 | सुलेमान मियॉं पिता जमरूदीन मियॉं, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | बसंत नारायण राम | सकिला खातुन |
| 204 | 98 | 3006/2 | निजी | टांड–। | 0.015 | सकीला खातुन पिता सुलेमान मियॉं, निवासी नीज ग्राम | नीज | रास्ता | सुलेमान मियॉं | रास्ता |
| 205 | 141 | 3007 | निजी | टांड–। | 0.003 | काषी महतो वगै0 पिता स्व0 हरिहर महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 206 | 31 | 3008 | निजी | मकान सहन | 0.002 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेष यादव वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | लालजी यादव | सकिला खातुन | नीज | रास्ता |
| 207 | 31 | 3009 | निजी | टांड–। | 0.029 | लालजी यादव पिता प्रयाग महतो वो उमेष यादव वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | राजेन्द्र प्रसाद यादव | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 208 | 31 | 3020 | निजी | टांड–।। | 0.02 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | लालजी यादव | नीज | रास्ता |
| 209 | 98 | 3021 | निजी | टांड–।। | 0.001 | राजेन्द्र प्रसाद यादव पिता छोटु यादव, निवासी नीज ग्राम | केदार महतो | राजेन्द्र प्रसाद यादव | नीज | रास्ता |
| 210 | 135 | 3023 | निजी | टांड–।। | 0.09 | केदार महतो वगै0 पिता बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 211 | 135 | 3024 | निजी | टांड–।। | 0.02 | गणेष यादव वो केदार महतो वो उमेष यादव पिता स्व0 बाबुलाल महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 212 | 135 | 3025 | निजी | मकान सहन | 0.02 | गणेष यादव वो केदार महतो वो उमेष यादव पिता स्व0 बाबुलाल महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | रास्ता |
| 213 | 98 | 3026 | निजी | टांड–।। | 0.19 | शम्भुनाथ महतो पिता छत्रधारी महतो, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 214 | 60 | 3032 | निजी | धानखेत–।। | 0.019 | अब्दुल बारिक पिता स्व0 बक्षी मियॉं, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–3029 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 215 | 120 | 3035 | निजी | टांड–।। | 0.004 | प्लौट न0–3035 का रैयत | प्लौट न0–3033 | नीज | रास्ता | नीज |
| 216 | 120 | 3036 | निजी | मकान सहन | 0.01 | छकना यादव पिता महबीर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | प्लौट न0–3035 |
| 217 | 60 | 3038 | निजी | खेत | 0.015 | सबीता देवी पति तिलेष्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | प्लौट न0–3039 | रास्ता | प्लौट न0–3039 |
| 218 | 64 | 3039 | निजी | मकान | 0.008 | सबीता देवी पति तिलेष्वर यादव, निवासी नीज ग्राम | सबिता देवी | प्लौट न0–3041 | रास्ता | नीज |
| 219 | 144 | 3041 | निजी | टांड–।।। | 0.006 | मो0 राधा पति स्व0 लोधी राम, निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–3039 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 220 | 11 | 3049 | निजी | खेत | 0.022 | प्रमेष्वर मित्री वगै0 पिता जागो मित्री निवासी नीज ग्राम | प्लौट न0–3042 | मो0 फारूक वगै0 | रास्ता | नीज |
| 221 | 76 | 3050 | निजी | टांड–। | 0.102 | मो0 फारूक वगै0 पिता अब्दुल हमीद मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज |
| 222 | 31 | 3052 | निजी | टांड–। | 0.057 | मो0 पियास जोजे मन्टु राम वो रामकिषोर राम पिता प्रमेष्वर राम, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 223 | 14 | 3078 | निजी | धानखेत | 0.012 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियॉं, निवासी नीज ग्राम | मो0 पियास | नुर मोहम्मद | नीज | रास्ता |
| 224 | 133 | 3080 | निजी | खेत | 0.004 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियॉं, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 225 | 133 | 3088 | निजी | मकान | 0.003 | नुर मोहम्मद वो मुख्तार पिता स्व0 अब्दुल मियॉं, निवासी नीज ग्राम | रास्ता | मो0 अयुब | नीज | रास्ता |
| 226 | 23 | 3089 | निजी | टांड–।।। | 0.015 | मोहम्मद आयुब पिता स्व0 दुखन मियॉं, निवासी नीज ग्राम | नुर मोहम्मद | मो0 सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 227 | 39 | 3125 | निजी | खेत | 0.023 | मो0 सरफुदीन वो मो0 नईम मियॉं पिता स्व0 दुखन मियॉं, जाति अंसारी, निवासी नीज ग्राम | मो0 अयुब | नीज | नीज | रास्ता |
| 228 | 57 | 3126/1 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | खैरून निषा पति स्व0 मनीरूदीन मियॉं, निवासी नीज ग्राम | मो0 सरफुदीन | मो0 हासिम | नीज | रास्ता |
| 229 | 57 | 3126/2 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | मो0 हासिम वगैरह पिता अजीम मियां निवासी नीज ग्राम | खैरून निषा | मो0 नईम | नीज | रास्ता |
| 230 | 57 | 3126/3 | निजी | धानखेत–।।। | 0.016 | मो0 नईम पिता स्व0 दुखन मियां निवासी नीज ग्राम | मो0 हासिम | मो0 सरफुदीन | नीज | रास्ता |
| 231 | 57 | 3126/4 | निजी | धानखेत–।।। | 0.017 | सरफुद्दीन अंसारी पिता स्व0 दुखन मियां निवासी नीज ग्राम | मो0 नईम | मो0 सलीम | नीज | रास्ता |
| 232 | 71 | 3127 | निजी | – | 0.027 | मो0 सलीम मियां पिता स्व0 नाजुम मियां निवासी नीज ग्राम | मो0 सरफुदीन | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 233 | 77 | 3150 | निजी | धानखेत–।।। | 0.06 | रौनक अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम मियां पिता दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 234 | 133 | 3151 | निजी | परती कदीम | 0.123 | चन्द्रषेखर यादव पिता उदय नाथ यादव वो नरेन्द्र यादव वो राकेष यादव पिता स्व0 रामलाल यादव वो चन्द्रदेव यादव पिता स्व0 उमर महतो निवासी नीज ग्राम | रास्ता | रौनक अंसारी | नीज | नीज |
| 235 | 156 | 3152/1 | निजी | परती कदीम | 0.074 | मो0 कुदुस वो मो0 नसरूद्दीन वो मो0 अक्तर पिता गुलाम हुसैन निवासी नीज ग्राम | रौनक अंसारी | मो0 इसराईल | नीज | नीज |
| 236 | 156 | 3152/2 | निजी | परती कदीम | 0.073 | मो0 इसराईल वो मुस्तकिम अंसारी वो बसीर अंसारी वो नईम अंसारी पिता स्व0 दिलावर हुसैन निवासी नीज ग्राम | मो0 कुदुस | सीमान पिचरी | नीज | नीज |
| | | कुल | | | 6.816 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह/–

उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 326037 Land Reforms(24-25)D

**सुप्रभात**

**शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है, विश्वास और शक्ति दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक है: सरदार वल्लभ भाई पटेल**

# चीन की चालों का जवाब उसी की भाषा में

**चीन** द्वारा जिन 30 स्थानों के नाम बदले गए, उनके विरोध का प्रयास कर रही है सेना ने अपने लोगों के साथ प्रसारित विस्तृत ट्वीट में अरुणाचल प्रदेश के सात स्थानों के नाम बदलने को चुनौती दी है और अब उन्होंने तिब्बत के 30 स्थानों की एक सूची को भी अंतिम रूप दे दिया है, तथा ऐतिहासिक अभिलेखों से भारतीय भाषाओं में उनके प्राचीन नामों को पुनः प्राप्त किया है। भारतीय सेना का सूचना युद्ध प्रभाग इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है, जिसे कोलकाता स्थित ब्रिटिशकालीन एशियाटिक सोसाइटी जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों का समर्थन प्राप्त है। यह भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य और विवादित सीमा के अन्य हिस्सों पर चीनी दावों के खिलाफ एक मजबूत जवाबी आख्यान प्रस्तुत करने के वैश्विक अभियान का हिस्सा है। अब चूंकि केंद्र में नई सरकार का गठन हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसलिए चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत के स्थानों का नाम बदलने का इस्तेमाल अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावे को खत्म करने के लिए बदले के तौर पर किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि नए नाम व्यापक ऐतिहासिक शोध के आधार पर रखे जाएंगे। पूर्व खुफिया ब्यूरो के अधिकारी बेनु घोष, जिन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्षों काम किया है और जिन्हें पर्वतारोहण में भी दिलचस्पी है, कहते हैं, 'जब भी ऐसा होगा, यह भारत द्वारा तिब्बत के प्रश्न को फिर से उठाने की तरह होगा। जब से बीजिंग ने तिब्बत पर जबरन कब्जा किया है, तब से भारत ने इसे चीनी हिस्सा माना है, लेकिन अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण संबंधी आक्रामकता को कम करने के लिए अपना रुख बदलने को तैयार है।' भारतीय सेना ने हाल के हफ्तों में इन विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में मीडिया के कई दौरे आयोजित करवाए हैं तथा मीडिया को उन स्थानीय लोगों से बात करने का मौका दिया है, जो चीनी दावों का कड़ा विरोध करते हुए कहते हैं कि वे हमेशा से भारत का हिस्सा थे। नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर इस अभियान से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि भारत का 'अंतिम लक्ष्य क्षेत्रीय और वैश्विक मीडिया के माध्यम से विवादित सीमा पर भारत के जवाबी आख्यान को आगे बढ़ाना है, जो ठोस ऐतिहासिक शोध और स्थानीय निवासियों के जनमत पर आधारित है। इसी वर्ष कुछ समय पूर्व अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए चीन ने इस राज्य में एलएसी के पास के 30 स्थानों का नाम बदल दिया। हांगकांग स्थित एक दैनिक के अनुसार, प्रशासनिक प्रभागों की स्थापना और नामकरण के लिए जिम्मेदार चीनी असैन्य मामलों के मंत्रालय ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है, जिसे बीजिंग जंगनान कहता है। यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का एकतरफा नामकरण किया है। इससे पहले उसने ऐसा वर्ष 2017, 2021 और 2023 में किया था। चीन द्वारा नाम बदले गए स्थानों की सूची में 11 आवासीय क्षेत्र, 12 पर्वतीय, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा और एक भूखंड है। इन नामों में चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षर हैं, जो मंदारिन चीनी का रोमन वर्णमाला संस्करण है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने मंत्रालय के बयान को उद्धृत किया है, जो कहता है कि 'भौगोलिक नामों के प्रबंधन पर राज्य परिषद (चीनी मंत्रिमंडल) के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, हमने संबंधित विभागों के साथ मिलकर चीन के जांगनान में कुछ भौगोलिक नामों को मानकीकृत किया है।' बीजिंग ने वर्ष 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के कथित मानकीकृत नामों की पहली सूची जारी की थी, फिर वर्ष 2021 में 15 स्थानों की दूसरी सूची जारी की और उसके बाद वर्ष 2023 में 11 स्थानों के नामों की एक और सूची जारी की। भारत ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीनी कदम को बार-बार खारिज करते हुए कहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है और 'मनगढ़ंत' नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदल जाती। वर्ष 2023 में तत्कालीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था, 'हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने ऐसा प्रयास किया हो। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।' उन्होंने आगे कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। मनगढ़ंत नाम रखने की कोशिशें इस सच्चाई को नहीं बदल पाएंगी।

इन दिनों

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

**देश** में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुबार्नी दी थी। गुरु गोविन्द सिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## आपकी बात

### गठबंधन : जरूरी सहमतियाँ



राकेश दुबे

**अब** ऐसा लगता है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार देश की नैसर्गिक राजनीतिक व्यवस्था का अंग है और बीते 10 वर्ष इस लिहाज से थोड़ा अलग थे। बीते 10 वर्षों को छोड़ दिया जाए तो सन 1989 से ही देश में गठबंधन की सरकारें रही हैं। उससे पहले 1984 में कांग्रेस को ऐतिहासिक बहुमत मिला था लेकिन 1989 में कांग्रेस पार्टी हार गई थी। बीते दो आम चुनावों की प्रकृति तो वैसे भी अलहदा थी। जब भाजपा को 2014 में महत्त्वपूर्ण जीत मिली थी और उस चुनाव में जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया था। 2019 में पुलवामा और बालाकोट के बाद पार्टी ने राष्ट्रवाद के मुद्दे पर और मजबूत जीत हासिल की। इस बार अपेक्षाकृत सामान्य चुनाव में पार्टी सामान्य बहुमत से पीछे रह गई। इस चुनाव में शासन और स्थानीय मुद्दे प्रमुख थे। अब भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। देश के राजनीतिक फलितव्य को देखें तो पता चलता है कि हालात केंद्र में गठबंधन सरकार के अनुकूल रहे हैं। देश में 11 ऐसे राज्य हैं जहां क्षेत्रीय दलों की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति है-उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर तथा केरल (यदि वाम को क्षेत्रीय ताकत माना जाए)। इन राज्यों में 347 लोक सभा सीट हैं। अन्य 10 राज्य ऐसे हैं जहां राज्यस्तरीय दलों का पराभव हुआ है या उनका कोई अस्तित्व ही नहीं था। ये राज्य हैं- कर्नाटक, तेलंगाना, असम, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड। इन राज्यों में 169 लोक सभा सीटें हैं। कुल मिलाकर इन सभी राज्यों में 500 से अधिक सीटें हैं। हाल ही में आए परिणाम कहते हैं कि कांग्रेस ने दूसरी श्रेणी के कुछ राज्यों में भाजपा को चुनौती देने का तरीका तलाश लिया है। कांग्रेस का पराभव भी भाजपा के बहुमत तक पहुंचने की एक वजह थी। समाजवादी पार्टी ने भी उत्तर प्रदेश में जबरदस्त प्रदर्शन किया है और लोक सभा में भाजपा को बहुमत नहीं मिलने देने में उसकी भी अहम भूमिका रही है। ऐसे में देश के राजनीतिक हालात को देखते हुए भाजपा को अब अपने हिंदुत्ववादी बयानों को नियंत्रित करना होगा ताकि क्षेत्रीय दल उसके साथ बने रहें। अगर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जनता दल यूनाइटेड समय पर साथ नहीं आया होता तो भाजपा के लिए हालात बहुत मुश्किल हो जाते। कांग्रेस की क्षेत्रीय दलों में स्वीकार्यता बढ़ी है तथा वह उनके लिए जगह खाली करने की इच्छुक है। यह बात भी बताती है कि गठबंधन देश में प्राकृतिक हैं। वित्तीय बाजारों में तथा अन्य स्थानों पर यह चिंता है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार होने से सुधार प्रभावित होंगे, लेकिन इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि गठबंधन सरकारें सुधारों के क्रियान्वयन के मामले में बेहतर साबित हुई हैं। वास्तव में राजग सरकार में जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी के रूप में दो क्षेत्रीय दलों की मौजूदगी के कारण केंद्र और राज्यों के बीच रिश्ते और सहज होने चाहिए। सरकार में क्षेत्रीय दलों की इस प्रकार मौजूदगी से जरूरी सुधारों को लेकर सहमति बनाने में मदद मिलेगी। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नई राजग सरकार इसे लेकर किस प्रकार आगे बढ़ती है। **(भोपाल)**

राजनीति

# निरंतरता, अनुभव व उत्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल



डॉ.संजय द्विवेदी


**केंद्र** सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है। यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश ), शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल (हरियाणा), सवानंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस.जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे, विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दोराय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव,जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ.वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं।

> **लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

**Buddhi Nath Mishra** is with **पंकज प्रियम** and **6 others.**
2 h ·




गीता चौबे गूँज and 44 others 7 comments 1 share

Like Comment Send Share

**Prashant Karan**
एकदम सटीक टिप्पणी , आदरणीय अग्रज .
सादर चरणस्पर्श

Like Reply

## X - से

**Narendra Modi** @narendramodi

अपने करोड़ों देशवासियों के गरिमापूर्ण जीवन और Ease of Living को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम!


हमारी सरकार ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना को विस्तार देते हुए गांवों और शहरों में 3 करोड़ नए पक्के घर बनाने का फैसला किया है। यह निर्णय लोगों का जीवन स्तर आसान बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इससे ना सिर्फ लोगों की घरों की आवश्यकता पूरी होगी, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण जीवन भी मिलेगा। PMAY का विस्तार सबका विकास और समाज कल्याण के हमारे दृढ़ संकल्प को भी सामने लाता है।

Translate post

10:59 PM · 10/06/24 From Earth · 436K Views

2K Reposts 93 Quotes 13K Likes 69 Bookmarks

**आदियोगी** @AMAN33323 · 55m
गिरते हैं शहसवार (घुड़सवार) ही मैदान-ए-जंग में,
वो तिफ़्ल (छोटा बच्चा) क्या गिरे जो घुटनों के बल चले।




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# बाल श्रम पर लगे लगाम



रमेश सर्राफ धमोरा

**किसी** देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। अगर बच्चे ही किताबों को छोड़कर कल-कारखानों में काम करने लगेंगे तो देश और समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इसीलिए लोगों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं। जहां दो जून पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है। बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण लोगों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें। इस दिन जागरुकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। लोगों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर

**इंजीनियर** ने सरकार को बताया कि रेलवे लाइन बिछाने के लिए मदिर को तोड़ना अनिवार्य है। यह खबर जैसे ही आम लोगों को लगी तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। स्थानीय बाशिंदों ने ब्रिटिश समय के तत्कालीन जिलाधिकारी के पास भी गुहार लगाई। कहा गया कि इससे पहले बख्तियार खिलजी ने इस मदिर को ध्वस्त कर दिया था। अब दोबारा से मदिर तोड़ने नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जन भावना का सम्मान करते हुए रेलवे लाइन बिछाने का रास्ता बदल दिया।

**कोर्ट में लड़ी गई मदिर के हक की लड़ाई**

आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं कि महावीर मदिर की स्थापना में अलखिया बाबा ने प्रमुख भूमिका निभाई थी मगर 1934 में उनके वशजों ने इस मदिर को प्राइवेट ट्रस्ट बताकर विवाद खड़ा कर दिया। इस बात को



लेकर लोगों ने कोर्ट में केस दर्ज कराया। साल 1936 से लेकर 1948 इस मामले की सुनवाई चली। साल 1948 में पटना हाई कोर्ट ने इस मदिर को सार्वजनिक मदिर घोषित किया। उस समय पटना हाई कोर्ट के जस्टिस बीपी सिन्हा व महावीर प्रसाद की बेंच ने मदिर को निजी नहीं बल्कि सार्वजनिक बताया। साल 1952 में धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया गया। 1955 तक धार्मिक न्यास बोर्ड और ट्रस्ट के बीच विवाद चलता रहा। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयरिंग का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस



WhatsApp का स्क्रीन शेयरिंग फीचर बहुत उपयोगी और सुविधाजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत उपयोग के लिए बल्कि प्रोफेशनल उपयोग के लिए भी बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। ऊपर दिए गए स्टेप्स को फॉलो करके आप आसानी से हँ३२अस्त्रस्त्र पर अपनी स्क्रीन शेयर कर सकते हैं और इस नए फीचर का पूरा लाभ उठा सकते हैं। WhatsApp हमेशा अपने यूजर्स के लिए नए-नए फीचर्स लाता रहता है, जिससे इसका उपयोग और भी सरल और प्रभावी हो जाता है। स्क्रीन शेयरिंग भी ऐसे ही एक फीचर में से एक है, जो आपकी डिजिटल लाइफ को और भी आसान और मजेदार बना सकता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में लगी भीषण आग

एजेंसी

**कोलकाता।** सेंट्रल कोलकाता के बिजी पार्क स्ट्रीट इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन कई घंटे बाद भी अग्निशमन विभाग आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सका है। आग लगने की खबर सबसे पहले सुबह करीब 10.45 को मिली। खबर मिली कि पार्क स्ट्रीट चौराहे पर एक बहुमंजिला इमारत में स्थित पब-कम-रेस्तरां में आग लग गई है। पांच दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, और आग बुझाने का काम शुरू हुआ। हालांकि, आग धीरे-धीरे और बढ़ती गई। खबर लिखे जाने तक कुल 15 दमकल गाड़ियां आग पर पूरी तरह काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। राज्य के मंत्री सुजीत बोस भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की प्रक्रिया की निगरानी करते नजर आए। बोस ने कहा, ꠸सौभाग्य से, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हमारा मुख्य लक्ष्य आग पर पूरी तरह से काबू पाना है।

हम आग के पीछे के कारणों की जांच बाद में करेंगे। हम यह भी जांच करेंगे कि मानदंडों का उल्लंघन तो नहीं हुआ है। फिलहाल इलाके में यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित है, जिससे आस-पास की सड़कों पर जाम लग गया। अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने कहा कि पूरी संभावना है कि आग रेस्तरां के खाना पकाने के कमरे में रखे रसोई गैस सिलेंडरों से लगी है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा, आग के पूरी तरह से बुझ जाने और कूलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फोरेंसिक विभाग के अधिकारी आग के पीछे के कारण और स्रोत का पता लगाने के लिए मौके की जांच करेंगे।

## भारत में प्रवेश करने वाले गिरफ्तार चीनी नागरिक की अस्पताल में मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में इलाजरत चीन के एक नागरिक की मंगलवार को मौत हो गई। उसे भारत में अवैध रूप से घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुजफ्फरपुर के ब्रहपुरा थाना क्षेत्र में छह जून को बिना वीजा के देश में घुसने के आरोप में पकड़ा गया चीनी नागरिक ली जियाकी की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। आत्महत्या के प्रयास के बाद घायल अवस्था में चीनी नागरिक को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ली जियाकी को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा भेज दिया गया था। जेल में जियाकी ने सात जून को आत्महत्या का प्रयास किया था। बंदियों से पूछताछ में पता चला था कि चीनी नागरिक ने अपने चश्मे के शीशे को तोड़कर खुद को जख्मी करने का प्रयास किया था, जिससे वह शौचालय में ही बेहोश हो गया।

# यूपी कैबिनेट में तबादला नीति को मिली मंजूरी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में तबादला नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद योगी कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इसमें नई तबादला नीति समेत 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक रही। सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार ने नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत 30 जून तक ट्रांसफर हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो जिले में 3 साल, मंडल में 7 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें ट्रांसफर की कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। समूह क और ख के 20 प्रतिशत



सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक रही

अधिकारियों का तबादला हो सकता है। समूह ग और घ के 10 फीसद कर्मचारियों का ट्रांसफर विभाग अध्यक्ष करेंगे। इससे ज्यादा संख्या में ट्रांसफर के लिए मंत्री की अनुमति अनिवार्य होगी। पहले उन कर्मचारियों का तबादला किया जाएगा, जो लंबे समय से एक ही जगह पर तैनात हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की 50 में से 26 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि निजी विश्वविद्यालय को प्रमोट करना और हर मंडल में एक सरकारी विश्वविद्यालय को मंजूरी दी गई है। विश्वविद्यालय के नाम से राज्य हटा कर नाम छोटा कर दिया गया है। मुरादाबाद विवि का नाम गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय किया गया है। बरेली में हरित गाजियाबाद और फ्यूचर विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। इसके अलावा यूपी के सभी ग और घ यानि ग्रुप सी और डी कर्मियों के तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए होंगे। वेतन वृद्धि से एक दिन पहले रिटायर होने वाले राज्य कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

## पवन कल्याण चुने गए जन सेना विधायक दल के नेता

एजेंसी

**अमरावती।** एक्टिंग की दुनिया से राजनीति में आए जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण को मंगलवार को सर्वसम्मति से पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया। मंगलगिरी में पार्टी मुख्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता के तौर पर पवन कल्याण के नाम पर सहमति जताई गई। पार्टी के राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष और तेनाली विधायक नादेंदला मनोहर ने नेता के रूप में पवन कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा और इसे सभी अन्य विधायकों ने सर्वसम्मति से अपना समर्थन दिया। बैठक में जन सेना के सभी 22 नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। जन सेना ने टीडीपी और भाजपा के साथ गठबंधन में सभी 22 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की। पार्टी अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण 70,354



जन सेना ने टीडीपी और भाजपा के साथ गठबंधन में सभी 22 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की

वोटों के अंतर से काकीनाडा जिले के पिथापुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए हैं। उनकी यह पहली चुनावी जीत थी। इससे पहले, 2019 में दोनों विधानसभा सीटों पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जन सेना ने दोनों लोकसभा सीटों पर भी जीत हासिल की।

टीडीपी-जन सेना-बीजेपी गठबंधन ने 175 सदस्यीय विधानसभा सीटों में 164 सीटें पर अपना कब्जा जमाया है।

## केंद्रीय कैबिनेट में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं: तेजस्वी

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में किसी भी मुस्लिम सांसद को शामिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे उनकी धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि इन लोगों को उन लोगों से घृणा तो है ही। सब लोग यह बात को जानते हैं।

सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक बात तो तय हो गई है कि इस बार पीएम मोदी बहुत कमजोर प्रधानमंत्री साबित होंगे। देश की जनता ने इस बार भाजपा को नकार दिया है और 240 सीट पर



देश की जनता ने इस बार भाजपा को नकार दिया है और 240 सीट पर ले आई।

ले आई। जनता ने एक संदेश दिया है। हम विपक्ष के तौर पर मजबूती से उभरे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष में ज्यादा सीटों का अंतर नहीं है। लालू यादव के जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश के लोग बधाई दे रहे हैं। हम लोग यही चाहते हैं कि आगे भी वे ऐसे ही जनता की सेवा में लगे रहें। उन्हें सभी लोग गरीबों का मसीहा मानते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**सिंह** — खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**तुला** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** — परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुम्भ** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## जम्मू आतंकवादी हमले में मारे गये चार लोगों के शव जयपुर पहुंचे



मुरलीपुरा थाने के बाहर पूजा और लिवांश के परिवार के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

एजेंसी


**जयपुर।** जम्मू में बस पर आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर जिले के चार लोगों के शव मंगलवार को यहां लाये गये। यहां से शवों को चोमू और मुरलीपुरा में उनके पैतृक स्थानों पर भेजा जाएगा। इस बीच, पीड़ित परिवारों के लिए सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग करते हुए हजारों लोग यहां रेलवे स्टेशन पर, और चोमू तथा मुरलीपुरा में एकत्र हुए। ट्रेन के जयपुर पहुंचने से पहले ही कई राजनीतिक कार्यकर्ता भी रेलवे प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता भूपेंद्र सैनी के खिलाफ नारेबाजी भी की। मुरलीपुरा थाने के बाहर पूजा और लिवांश के परिवार के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वे शव तभी स्वीकार करेंगे जब उन्हें न्याय मिलेगा क्योंकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ आश्वासन दिया है।

आतंकवादी हमले में घायल पवन के चाचा सत्यनारायण ने कहा, हमारी मांगे ऑन द स्पॉट पूरी की जानी चाहिये। कल हम मुख्यमंत्री आवास पर गये थे, और एसडीएम तथा कलेक्टर से मिले थे।

# जमुई में भीषण सड़क हादसा, 3 युवकों की मौत

एजेंसी

**जमुई।** बिहार के जमुई में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के अंडीडीह मोड़ के पास घटी है। हादसे में कार के परखच्चे भी उड़ गए। घटना के बाद चंद्रमंडी पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बताया जा रहा



है कि देर रात को तीनों युवक पटना से देवघर जा रहे थे। इसी दौरान अंडीडीह गांव के पास कार चला रहे युवक को नींद आ गई। जिससे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे रखे ईंट से टकराते हुए पलट गई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से कार चलते हुए देवघर की तरफ जा रहे थे। सड़क किनारे ईंट रखी हुई थी, उससे टक्कर गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने चंद्रमंडी थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जेसीबी और गैस कटर की मदद से गाड़ी में फंसे तीन युवकों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गोरेलाल यादव, अमन कुमार और संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है।

## हत्या के मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन हिरासत में

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक पुलिस ने 33 साल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और 10 अन्य को हिरासत में ले लिया। कथित तौर पर दर्शन की दूसरी पत्नी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण उसकी हत्या हुई थी। पुलिस ने आज मैसूरु स्थित उसके फार्महाउस से दर्शन और उसके साथियों को गिरफ्तार किया।

## भूख हड़ताल के चौथे दिन जरांगे-पाटिल की हालत बिगड़ी

### कहा- नहीं कराएंगे इलाज न लेंगे दवा

**जालना।** मराठा आरक्षण के लिए अपने पांचवें अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन के चौथे दिन मंगलवार को शिवबा संगठन के प्रमुख मनोज जरांगे और पाटिल की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने इलाज कराने से इनकार कर दिया। एक सहयोगी ने कहा कि एक मेडिकल टीम ने जरांगे-पाटिल की जांच की और पाया कि वह कमजोरी, लो ब्लड प्रेशर, कम वजन और दूसरी बीमारियों से पीड़ित हैं। हालांकि, उन्होंने कोई भी दवा लेने से इनकार कर दिया है और कहा कि मराठा आरक्षण पर सरकार द्वारा मांगें माने जाने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू का शपथ ग्रहण समारोह आज

**अमरावती।** विजयवाड़ा के गणनावरम हवाई अड्डे के निकट शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। चंद्रबाबू नायडू बुधवार सुबह 11.27 बजे केसरपल्ली के आईटी टॉवर में सीएम पद की शपथ लेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई एनडीए गठबंधन के नेता उपस्थित रहेंगे।

**सौगात** — स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# उपभोक्ताओं को 24,000 करोड़ की बिजली सब्सिडी

कैबिनेट की बैठक में 24,420 करोड़ की बिजली सब्सिडी मंजूर की गई।

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद मोहन यादव सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। राज्य के किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली में दी जाने वाली 24,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों और आम उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट की बैठक में 24,420 करोड़ की बिजली



सब्सिडी मंजूर की गई। घरेलू उपभोक्ताओं को 6,000 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। किसानों को 13,000 करोड़ और अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों के लिए 5,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य विभाग में जो पदोन्नति से पद भरे जाने हैं, उनके लिए अगर योग्यताधारी नहीं मिल रहे हैं तो उन पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। कुल 1,214 पद हैं, इनमें से 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में नए पदों का सृजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मानक के अनुसार 46,491 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। इसमें तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के साथ पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। इसी तरह पैरामेडिकल स्टाफ के पदों का सृजन कर स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन विश्वविद्यालय, अवंती बाई विश्वविद्यालय, टंट्या भील विश्वविद्यालय और तात्या टोपे विश्वविद्यालय, स्थापित किए गए हैं। तीनों विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा विभाग से जोड़कर उनकी जरुरतों की पूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। भोपाल के गैस हादसे के पीड़ितों के अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भी चिकित्सक भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। इसके मुताबिक इस वर्ष 'गोवंश रक्षा वर्ष' मनाया जाएगा। यह गुड़ी पड़वा से शुरू होकर अगले वर्ष तक मनेगा। इस दौरान गौशालाओं को उन्नत किया जाएगा। सड़क पर घूमने वाले गोवंश को गौशाला में पहुंचाया जाएगा।

## एक नजर

### चेन्नईयिन एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मार जॉर्डन गिल के साथ किया करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सीजन से पहले मंगलवार को कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन गिल के साथ करार किया है। विल्मर ने 2022 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ आईएसएल में पदार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अगले सीजन में आईएसएल में पदार्पण करने वाले पंजाब एफसी के साथ अपना शानदार सफर जारी रखा, जिसमें उन्होंने 15 मैचों में आठ गोल किए। दो बार के आईएसएल विजेता चेन्नईयिन में शामिल होने पर जॉर्डन ने कहा, ₹मैं इस बेहतरीन क्लब और टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मुझे दिए गए इस शानदार अवसर के लिए निर्देशकों और कोच का बहुत आभारी हूं। मैंने हमेशा चेन्नई में खेलने का सपना देखा है और अब मुझे यह खूबसूरत मौका मिला है। बहुत मेहनत, विनम्रता और त्याग के साथ, हम अपने लिए निर्धारित सभी उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं और खिताब जीत सकते हैं।

### कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान को हर हाल में जीतना होगा मैच

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 के 22वें मैच में मंगलवार को पाकिस्तान और कनाडा के बीच टक्कर होगी। टूनार्मेंट में बने रहने और सुपर-8 में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को हर हाल में यह मैच जीतना होगा। पाकिस्तान का अब सुपर-8 में क्वालीफाई करना लोहे के चने चबाने जैसा है। टूनार्मेंट की शुरूआत में यूएसए और फिर भारत से हारने के बाद अब बाबर सेना पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रुप-ए में पाकिस्तान पहले दो मैचों में दो हार के साथ चौथे स्थान पर है। यूएसए ने टूनार्मेंट में अब तक दमदार प्रदर्शन किया है और ग्रुप-ए में भारत के बाद दूसरे नंबर पर है। वहीं, कनाडा तीसरे नंबर पर है। बड़े-बड़े दावे करने वाली पाकिस्तानी टीम को अब अगले राउंड में प्रवेश करने के लिए न सिर्फ.खुद के खेल में सुधार करने की आवश्यकता है, बल्कि अब उसे अपने ग्रुप में अन्य मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया। यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इकराम ने कहा, इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है और मैं अगले साल हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक



**अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है : अध्यक्ष तैयब इकराम**

और शानदार आयोजन आयोजित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं!

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है। हम इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दशार्ता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम एफआईएच के हम पर भरोसे की सराहना करते हैं।


# एमएमए की दुनिया में भारतीय पहलवान संग्राम सिंह की एंट्री

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस कदम के साथ, वह एमएमए को अपनाने वाले पहले पुरुष पहलवान और एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं।

भारत के लिए कुश्ती में लगभग 25 वर्षों तक अपने शानदार करियर के साथ, संग्राम एक एमएमए फाइटर के रूप में अपने नए कदम के लिए तैयार हैं, एक ऐसी शैली जिसमें मूल रूप से पहलवानों के पास मौजूद कौशल शामिल है। संग्राम ने एमएमए फाइटर के रूप में अपने बदलाव पर कहा, ₹एमएमए भविष्य है, पिछले कुछ सालों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में ही सब कुछ बयां करती है। भारत में इस खेल को सबसे ज्यादा दर्शक मिलते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक भी इसी तरह मेरा समर्थन करेंगे। कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे उम्मीद है कि वे मेरे नए सफर में भी ऐसा ही करते रहेंगे। एमएमए विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे



लिए सम्मान की बात है और उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करूंगा जो एमएमए फाइटर के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। संग्राम ने हाल ही में दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में 6 साल के अंतराल के बाद वापसी कर कुश्ती जगत में हलचल मचा दी और उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ अपने कुश्ती करियर को जारी रखना है। संग्राम का कमबैक सफल रहा। उन्होंने पाकिस्तान के मुहम्मद सईद को लगभग एकतरफा मुकाबले में हराकर मैट पर अपनी क्षमता साबित की। इस सफल मुकाबले के बाद एमएमए में कदम रखना स्वाभाविक था क्योंकि एमएमए भविष्य की ओर अगला कदम है और इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

## एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का भारत-पाक मैच के बाद न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोल काले का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से अमेरिका में निधन हो गया। वह रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबला देखने के लिए एमसीए के दो अन्य अधिकारियों के साथ स्टेडियम पहुंचे थे। न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के बाद काले को दिल का दौरा पड़ा। वो एमसीए सचिव अजिंक्य नाइक और एपेक्स काउंसिल के सदस्य सूरज समत के साथ न्यूयॉर्क में थे। राज्य के एक प्रमुख बिजनेसमैन अनमोल काले ने अक्टूबर 2022 में एमसीए अध्यक्ष का पद संभाला और 19 महीने तक इस पद पर रहे। उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। काले नागपुर के रहने वाले हैं, जो विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन का मुख्यालय है। काले एक दशक से अधिक समय से मुंबई में बसे हुए थे और उन्होंने कई व्यवसायों में निवेश किया है। नागपुर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कर चुके काले जेके सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और अर्पिता एंटरप्राइजेज के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। एमसीए अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दो साल अभी पूरे नहीं किए हैं, मुंबई के क्रिकेटरों को बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली समान मैच फीस देने के एमसीए के फैसले के लिए सभी ने काले की प्रशंसा की।

## आप देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं सचिन ने पीएम मोदी को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को एक बार फिर से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। यह उनका बतौर प्रधानमंत्री तीसरा कार्यकाल होगा। इस मौके पर गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। भाजपा के एनडीए को बहुमत मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर बधाई। भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आपकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं। 10 सालों तक देश की सत्ता संभालने वाले पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में फिर से देश की कमान संभाल ली है। 9 जून की शाम वो तीसरी बार शपथ ग्रहण कर प्रधानमंत्री बने। वे जवाहरलाल नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को ढेर सारी बधाइयां मिली हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में नाकाम रही। अपनी सरकार बनाने के लिए बीजेपी को अपने दो सहयोगी टीडीपी और जनता दल (यूनाइटेड) पर निर्भर रहना पड़ा।

## पेरिस ओलंपिक टेनिस : रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल प्रतियोगिता में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल कर लिया है। टेनिस के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना ने आराम से अपना कोटा हासिल कर लिया, जो पिछले साल नवंबर से युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में शामिल हैं। पिछले हफ्ते एकल रैंकिंग में 18 स्थानों की छलांग लगाने के बाद नागल ने भी कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट

**▪पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे**



कॉम के अनुसार, रविवार को जर्मनी के हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद नागल 95वें स्थान से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 77वें स्थान पर पहुंच गए। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार पुरुष एकल स्पर्धा के शीर्ष 56 खिलाड़ियों को अपने कोटा मिल गए हैं। प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। फ्रांस के पास मेजबान देश के तौर पर एक कोटा स्थान आरक्षित था, ताकि अगर उनका कोई भी खिलाड़ी रैंकिंग के जरिए ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल न कर पाए तो उसे यह स्थान मिल सके। लेकिन चूंकि फ्रांस ने अपनी रैंकिंग के जरिए सभी चार पुरुष एकल कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए मेजबान देश के कोटे को पूल में वापस जोड़ दिया गया और कट-ऑफ 56 से बढ़कर 57 खिलाड़ी हो गया। नागल हालांकि रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाले पात्र खिलाड़ियों में वह अंतिम स्थान पर हैं।

## फुटबॉल पॉवर नेशनल चैंपियनशिप के बालक-बालिका वर्गों में झारखंड में बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सात से 10 जून तक आयोजित प्रथम फुटबॉल पावर नेशनल चैंपियनशिप (अंडर 14-17 बालक एवं बालिका) दोनों वर्गों में झारखंड की टीम चैंपियन बनी। झारखंड 14 बालक टीम ने सभी लीग मैच जीत कर सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को 5-0 से हराया।

टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फुटबॉल पावर एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शिव कुमार महतो के मुताबिक, 14 बालिका वर्ग में टीम ने सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 2-0 तथा फाइनल में उत्तर प्रदेश को 1-0 से परास्त कर चैंपियन बनी। 17 बालक वर्ग में टीम ने अपने सभी लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में दिल्ली को 3-1 से हराया और फाइनल में पश्चिम बंगाल को 2-1 मात देकर चैंपियन बनी। 17 बालिका वर्ग में भी टीम ने अपनी सभी लीग मैच जितने के बाद सेमीफाइनल में बिहार को 3-1 से हराकर फाइनल प्रवेश किया और अंत में मध्य प्रदेश को 6-0 से परास्त कर टीम चैंपियन बनी।

14 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अंशु उरांव को मिला। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर रीता कुमारी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। 17 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का अवार्ड आकाश कुमार साहू को दिया गया। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर अवार्ड आरती कुमारी को देकर सम्मानित किया गया। टीमों को चैंपियन बनाने में कोच अमित कुमार और सुमन होरो, 17 बालक टीम के कोच प्रिंस कुमार साहू तथा बालिका टीम की कोच करण कांसी का विशेष योगदान रहा।



# आईओएस में चैटजीपीटी जुड़ा तो हमारी कंपनियों में बैन हो जाएगा आईफोन : मस्क

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि अगर एप्पल आईओएस में चैटजीपीटी को जोड़ता है तो वह अपनी सभी कंपनियों में आईफोन के साथ कंपनी के अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को बैन कर देंगे।

एप्पल की ओर से सोमवार को आईओएस 18 पेश किया गया। इसकी मदद से यूजर्स सीरी और ओपन एआई से सवाल पूछ सकेंगे। मस्क ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि अगर एप्पल ओपन एआई को ओएस स्तर पर जोड़ता है तो एप्पल के उपकरणों को मेरी कंपनियों में बैन कर दिया जाएगा। हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं स्वीकार करेंगे। मस्क ने आगे कहा कि हम कंपनी के गेट पर आगुतंकों की जांच करेंगे कि उनके पास एप्पल के उपकरण हैं या नहीं। अगर होंगे तो उन्हें वहीं स्टोर कर लिया जाएगा। कुछ



एक्स यूजर्स ने कहा कि अब एक्स स्मार्टफोन लाने का समय आ गया है। हालांकि, एप्पल और ओपन एआई दोनों ने स्पष्टीकरण दिया है कि चैटजीपीटी को कोई सवाल, फोटो और दस्तावेज जाने से पहले यूजर्स की अनुमति ली जाएगी।

एक यूजर जिसने लिखा था कि ओपनएआई आईफोन के डेटा को एक्सेस नहीं करेगा। इस पर मस्क ने कहा कि फिर इसे एक ऐप के रूप में छोड़ दें। यह एक बकवास है। एक्स पर यूट्यूबर मार्केस ब्राउनली की एक पोस्ट का जवाब देते हुए मस्क ने लिखा कि एप्पल की ओर से 'आपकी निजता की सुरक्षा' जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है। वहीं, आपके डेटा को किसी थर्ड पार्टी एआई को दिया जा रहा है। जिसे वे नहीं समझते हैं और स्वयं नहीं बना सकते हैं। ऐसे निजता की रक्षा बिल्कुल भी नहीं की जा सकती है। 'डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 2024' इंवेट में ऐपल की ओर से चैटजीपीटी को आईओएस 18, आईपैडओएस 18 और मैकओएस सिकोइया के साथ जोड़ा गया है। इसके बाद जब जरूरत होगी, तब सीरी चैटजीपीटी की मदद ले सकता है। सीरी द्वारा चैटजीपीटी को कोई सवाल भेजने से पहले यूजर्स से पूछा जाएगा। इसके बाद सीरी सीधे जवाब प्रस्तुत करेगा।

कंपनी ने इसके अतिरिक्त कहा कि चैटजीपीटी आगे चलकर लिखने के टूल के रूप में आएगा, जिसकी मदद से यूजर्स कंटेंट जनरेट कर सकते हैं।

### नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों और पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया और इस क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री का कहना है कि ईंधन और ऊर्जा के मामले में 2047 तक आत्मनिर्भरता हासिल करना हमारा लक्ष्य है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम भारत के लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राकृतिक खेती को मजबूत करने के लिए सुधार किए जाएंगे। इस अवसर पर मौजूद संबंधित मंत्रालयों के निवर्तमान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और श्रीपद नाइक ने प्रह्लाद जोशी को कार्यभार सौंपा।

# प्याज की कीमत में भारी उछाल आलू भी पीछे-पीछे जाने लगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनाव संपन्न हो गए। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार केंद्र में बन गई है। इसके साथ ही प्याज बेलगाम हो गया है। दिल्ली एनसीआर के बाजार में पिछले एक सप्ताह के दौरान प्याज के दाम में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई है। इस समय भीषण गर्मी की वजह से हरी सब्जियों के भाव वैसे ही बढ़े हुए हैं। इस बीच प्याज के साथ-साथ आलू का दाम भी बढ़ रहा है।

**प्याज हुआ 50 फीसदी महंगा**

दिल्ली के बाजारों में एक सप्ताह के दौरान ही प्याज 50 फीसदी महंगा हो गया है। पिछले रविवार यानी दो जून 2024 को रिटेल बाजार में प्याज की कीमत 25 से 30 रुपये किलो थी। नौ जून को इसी बाजार में प्याज की कीमत 35 से 40 रुपये किलो हो गई थी। आज यानी 11 जून को बढ़िया प्याज की कीमत 50 रुपये किलो पहुंच गई। सब्जी विक्रेता बिजय कुमार बताते हैं कि आजादपुर मंडी में ही प्याज की कीमत 40 रुपये किलो हो गई है। यह खुदरा बाजार मे तो कम से कम 50 रुपये किलो तो बिकेगा ही।

**आलू भी हो गया महंगा**

आज भी इस समय महंगा हो गया है। दरअसल, अभी गर्मी की वजह से हरी सब्जियों की कीमत आसमान में पहुंच गई है। इस वजह से कम आमदनी वाले लोग आलू पर शिफ्ट हो गए। तभी तो बाजार में साधारण आलू की कीमत 35 से 40 रुपये किलो तक पहुंच गई है। आप यदि चिप्सोना या पहाड़ी आलू ढूढेंगे तो वह 45 रुपये किलो मिलेगा।

# गठबंधन सरकार में भी जारी रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी : रिधम देसाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) रिधम देसाई ने कहा है कि गठबंधन सरकार बनने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि दर जारी रहने की उम्मीद है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देसाई ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गठबंधन सरकार के सामने किसी प्रकार की कोई बाधा आएगी। 2014 और 2019 को छोड़ दिया जाए तो भारत में गठबंधन सरकारें 1989 से चली आ रही हैं। मौजूदा सरकार अगले पांच वर्ष तक चलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि सरकार की नीति में किसी भी प्रकार का बदलाव होगा। सरकार का ध्यान बड़े स्तर पर स्थिरता लाना और आपूर्ति श्रृंखला को बनाने पर होना चाहिए। ऐसा करने से भारत की वृद्धि दर 7 से 8 प्रतिशत से बीच रहेगी और महंगाई भी काबू में





रहेगी। देसाई ने घरेलू निवेशकों के पैसा लगाने पर कहा कि बाजार में दो बड़े खिलाड़ी हैं। पहला - घरेलू निवेशक और दूसरा- विदेशी निवेशक। फिलहाल घरेलू निवेशक खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में विदेशी निवेशकों को मौका नहीं मिल पा रहा है। जैसी ही कॉरपोरेट पैसा जुटाना शुरू करेंगे तो विदेशी निवेशकों को बाजार में एंट्री मिल सकती है। हमें लगता है कि आने वाले छह महीने में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लौट आएगी। बता दें, पिछले कुछ वर्षों में घरेलू निवेशकों ने बाजार में बड़ी मात्रा में निवेश किया है। अकेले मई में म्यूचुअल फंड्स में 34,697 करोड़ रुपये का निवेश आया है। वहीं, एसआईपी का आंकड़ा 20,904 करोड़ पर पहुंच गया है।

## इस वर्ष की पहली तिमाही में दोगुना हुआ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता का विस्तार हो रहा है। इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में देश में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर 1.8 गीगावाट हो गया है। अमेरिका की रिसर्च फर्म मेरकॉम कैपिटल के मुताबिक, पहली तिमाही में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर दोगुना हो गया है। यह 2023 की चौथी तिमाही में 909.3 मेगावाट हो गया है।'मेरकॉम इंडिया सोलर ओपन एक्सेस मार्केट' नाम से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में कुल सोलर इंस्टॉलेशन मार्च 2024 तक बढ़कर 14.3 गीगावाट हो गया है।मेरीकॉम इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) प्रिया संजय की ओर से कहा गया कि ग्रीन एनर्जी में ओपन एक्सेस सोलर की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह बचत और पावर मिक्स में रिन्यूएबल एनर्जी शामिल करना है। रिपोर्ट में बताया गया कि पहली तिमाही में राजस्थान ने 28 प्रतिशत के साथ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन में वृद्धि देखी। इसके बाद आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 21 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## आरबीआई ने एडलविस एआरसी के सीईओ पद पर राजकुमार बंसल की पुनर्नियुक्ति को किया खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एडलविस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर राजकुमार बंसल की दोबारा नियुक्ति को खारिज कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि उसने आरबीआई के इस कदम के पीछे के कारण के बारे में नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले





केंद्रीय बैंक ने एडलविस एआरसी के किसी जोखिम में पड़ी परिसंपत्ति के अधिग्रहण पर रोक लगा दी थी। आरबीआई ने पिछले महीने एडलविस समूह की कंपनियों के संबंध में कई चिताओं का उल्लेख किया था जिनकी वजह एआरसी की सहयोगी कंपनी ईसीएल फाइनेंस के जोखिम में पड़ी संपत्तियों के एक्सपोजर को छिपाने वाले ट्रांजेक्शन थे। नियामक ने अपने नोटिफिकेशन में ईसीएल फाइनेंस के कुल एक्सपोजर से संबंधित स्ट्रक्चर्ड ट्रांजेक्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि उसे पुनर्भुगतान और खातों को बंद करने की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा वित्तीय नियामक ने दोनों कंपनियों को अपने एश्योरेंस फंक्शन में मजबूती लाने की हिदायत दी थी।

## एक नजर

### भीषण गर्मी की चपेट में लोग, अस्पतालों में मरीज बढ़े

**चंदवा।** भीषण गर्मी में लोग तेजी से बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में बुखार, लू, पेट दर्द और उल्टी के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी देखी जा रही है। सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की लाइन लगी रहती है,वहीं देर शाम भी काफी संख्या में मरीज पहुंचते है। मंगलवार की सुबह से ही ओपीडी में मरीजों की लाइन लग गई। पर्ची काउंटर से लेकर दवा और पैथोलॉजी काउंटरों पर भी भीड़ रही। चिकित्सकों ने बताया कि ऐसी भीषण गर्मी में लोगों को लू से बचने का प्रयास करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का प्रयोग खाने में करें। समस्या होने पर किसी भी समय अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचकर इलाज करा सकते हैं। अस्पताल में इलाज से संबंधित पर्याप्त व्यवस्था है।

### भंडारा में गरीबों को कराया गया भोजन

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद स्वरूप पुड़ी, सब्जी, बुंदिया और रसगुल्ला का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कमलापुरी समाज के अध्यक्ष मनीष कमलापुरी, सुप्रीत गुप्ता व अर्णव गुप्ता उपस्थित थे। उक्त अवसर पर मनीष ने कहा कि संस्था का प्रयास सराहनीय है। संस्था के फूड फॉर हंगर कार्यक्रम से जरुरतमंदों को भोजन मिल रहा है। मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी, शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लकी मधेसिया, सत्यम कश्यप व संस्था के मीडिया प्रभारी अंशु कांस्यकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरवाडीह में 3 एक्सप्रेस ट्रेन का नहीं हुआ ठहराव

**बरवाडीह।** बरवाडीह में झारखंड स्वर्ण जयंती, हाबड़ा भोपाल और राजधानी एक्सप्रेस का बरवाडीह स्टेशन पर अब तक ठहराव नहीं हो सका है। इन एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चाह कर भी यात्री उक्त एक्सप्रेस से ठहराव के अभाव में यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। अनिल सिंह, मनोज आदि ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में खासकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का बरवाडीह में ठहराव होता था, लेकिन बाद में इसका ठहराव करना बंद कर दिया गया। वर्षों से इसका ठहराव नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने उक्त एक्सप्रेस का ठहराव के लिए कई बार रेल अधिकारियों से मांग की, लेकिन ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इधर, स्टेशन प्रबंधक अरुण कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की मांग से रेल अधिकारियों को हमेशा अवगत कराया जाता रहा है।

### टेपों पलटने से तीन लोग गंभीर, एक रेफर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के जपला - मोहम्मदगंज मुख्य सड़क के सोनबरसा गांव के समीप सोमवार की देर शाम को टेपों पलट जाने से उसपर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोनबरसा गांव निवासी ज्योति कुमारी, सरस्वती कुमारी व हीना परवीन आदि का नाम शामिल है ।सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद हीना परवीन की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी लोग मोहम्मदगंज से बाजार कर अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम में टेपों का चक्का खुलने से टेपों अनियंत्रित होकर पलट गई। जबकि अन्य दो लोगों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में चल रहा है।

# निगम क्षेत्र में 100 अतिरिक्त टैंकरों से होगी जलापूर्ति : केएन त्रिपाठी

■ जलापूर्ति योजना में दो और वाटर टैंक बढ़ाने की होगी कोशिश

**नवीन मेल संवाददाता**

**डालटनगंज।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल किल्लत को लेकर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि 100 अतिरिक्त टैंकरों से इस वर्ष भी जलापूर्ति शुरू करायी जायेगी। पिछले वर्ष भी इसी तरह की व्यवस्था देने पर लोगों को राहत मिली थी। सुदना, आबादगंज और निमियां इलाके से महिलाओं ने पेयजल को लेकर उन्हें फोन किया था। एक दिन गैप करके टैंकर से पानी दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति बढ़ाने की कोशिश की जायेगी। नगर आयुक्त से मिलकर बात की जाएगी।



मंगलवार को परिसदन में श्री त्रिपाठी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने के लिए जलापूर्ति योजना के तहत चार वॉटर टैंक और एक वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाने की योजना है, लेकिन ड्राई जोन एरिया आबादगंज और निमियां में दो वाटर टैंक की आवश्यकता है। इन इलाकों में वॉटर टैंक नहीं बनाने की योजना है, लेकिन एक्सटेंशन करके यहां भी वॉटर टैंक बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजना के लिए कोयल नदी में पानी रहना जरूरी है। इसके लिए कोयल में बराज की स्वीकृति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने की योजना है, लेकिन यह काफी कम पड़ जायेगा। 40 हजार घरों को पानी देने के लक्ष्य के साथ सप्लाई करना होगा।

मौके पर कई पूर्व वार्ड पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## नावाबाजार : कार व टेंपो में टक्कर एक व्यक्ति घायल



**नावाबाजार।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के सिंजो पिपरहवा एनएच 98 मुख्य मार्ग बीएसएनएल टावर के समीप पड़वा मोड़ की ओर से छतरपुर बाजार जा रही एक मुर्गी लोड टेंम्पू को विपरीत दिशा से आ रही कार ने ठोकर मारी। जिसमें टेंपो सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की जानकारी नावाबाजार थाना सशस्त्र पुलिस बल के साथ पहुंची। जहां जख्मी व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर भेज दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### गांजा व देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार



**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने सोमवार की शाम गांजा व देसी कट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया, पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के भुईयां कुरहा गांव स्थित सिंचाई विभाग के जर्जर भवन के समीप से चार किलो गांजा व देसी कट्टा के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पांकी थाना प्रभारी उतम तिवारी ने बताया कि पलामू एसपी से मिली सूचना पर छापामारी की गई, सूचना मिली की प्रभाकर पांडेय व शिपू पांडेय दोनों पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में चार किलो गांजा व देसी कट्टा के साथ छिपे हैं, टीम बनाकर दोनों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया। दोनों के पास से इसके अलावा चार मोबाइल फोन व एक बाइक जब्त की गई।

### स्कूल से नकद और टैब चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाला रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय से गत आठ जून को आफिस के आलमीरे का ताला तोड़कर दस हजार रुपये नकद और अटेंडेंस बनाने में प्रयोग होने वाले टैब चोरी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेदिनीनगर शहर थाना की पुलिस ने शहर नावाटोली मुहल्ले में पलामू क्लब के पास निवास करने वाले राजा कुमार को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर एचपी कंपनी का टैब बरामद कर लिया गया है। इसके बाद आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका रेखा रानी गुप्ता ने आठ जून को प्राथमिकी कराई थी।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**हरिहरगंज।** पिपरा पुलिस ने मंगलवार को दमवा मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दमवा मोड़ के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिक्की की जांच की गयी। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें नहीं तो होगी कार्रवाई।

### घटिया निर्माण की ग्रामीण खोल रहे पोल, कार्रवाई नहीं

**बरवाडीह।** बरवाडीह में विभिन विभागों से टेंडर की हो रहे सड़क और पुलिया आदि का घटिया निर्माण की पोल ग्रामीण आवाज उठा कर लगातार खोल रहे हैं,लेकिन बावजूद इसके विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां तक कि घटिया निर्माण का विरोध होने के बाद भी कार्य की गुणवत्ता में सुधार नही आने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों की आवाज को एक तरह से अनसुना कर दिया जा रहा है। बरवाडीह से छिपादोहर लेदगाई सड़क निर्माण की गुणवत्ता को दरकिनार कर जब संवेदक कार्य करा रहा था तो कुछ दिन पहले ग्रामीणों द्वारा इसके खिलाफ कार्य

### सतबरवा में लू लगने से फुटपाथ पर मिठाई बेचने वाले कमलेश की मौत

**सतबरवा।** लगातार लू चलने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लू से 9 जून को सतबरवा महावीर चौक निवासी कमलेश प्रसाद (45 वर्ष), पिता-स्वर्गीय कुंज बिहारी की मौत हो गई। मृतक फुटपाथ पर मिठाई बेचने का काम करता था। मृतक की पत्नी ललिता देवी ने बताया कि मेरा दो बेटा, एक बेटी है। बाजार में फुटपाथ पर मिठाई बेच कर जीविकापार्जन हो रहा था। रविवार को कड़ी धूप में बाजार में बैठ कर मिठाई बेच रहे थे, इसी दौरान लू लग गया और उसकी मौत हो गई। कमलेश की मौत के बाद लोगों ने दाह संस्कार में सहयोग किया। आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस परिवार को आर्थिक सहयोग की जरूरत है। दाह संस्कार की पूरी प्रक्रिया करने में भी यह परिवार सक्षम नहीं है। लोगों ने उपायुक्त पलामू से इस परिवार को सहयोग करने की अपील की है।

## कल्पना की जीत पर झामुमो युवा नेता विवेकानंद सिंह ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में कल्पना सोरेन की शानदार जीत पर हैदरनगर के युवा झामुमो नेता व पलामू जिला संघठन सचिव विवेकानंद सिंह ने गुलदस्ता देकर शुभकामना दी। उन्होंने कल्पना सोरेन को पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक जरुरतों व वर्तमान समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवाओं में अत्यंत सुधार की जरुरत है। इस उन्हें गंभीरता से लेकर ध्यान देंगी और विकास कार्यों में सेरात्मक रुप में प्राथमिकता देने का भरोसा कल्पना सोरेन ने दिया है। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान कल्पना सोरेन ने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता को देते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी क्षेत्र का समग्र विकास व लोगों की समस्याओं का समाधान करना होगा। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा को पलामू क्षेत्र में संगठन विस्तार में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# पीडीएस डीलर पर राशन गबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश पर हुसैनाबाद के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान ने जन वितरण प्रणाली विक्रेता- वैभव आजीविका सखी मण्डल, ग्राम टिकरपर, महुअरी के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वैभव आजीविका शखी मंडल की अध्यक्ष जयमाला देवी के द्वारा माह दिसम्बर 2023 से माह मार्च 2024 तक कार्डधारियों के शिकायत के अनुसार अंगूठा लगाकर लगभग 50 से 60 कार्डधारियों के बीच लगभग 41.20 (एकतालीस क्विंटल बीस किग्रा) खाद्यान्न नहीं देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मंडल के अध्यक्ष जयमाला देवी, ग्राम टिकरपर,





महुअरी को माह मार्च में कार्डधारियों के लिखित शिकायत के बाद स्थलीय जांच किया गया था। जांच के क्रम में जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मंडल के अध्यक्ष के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा निलंबन करने हेतु अनुशंसा की गई थी। फलस्वरूप जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शेष बकाया खाद्यान्न वितरण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन जन वितण प्रणाली विक्रेता के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया कि शेष बकाया राशन कार्डधारियों के बीच वितरण करते हुए 24 घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया। फिर भी उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान ने उपरोक्त वर्णित तथ्यों के अनुसार खाद्यान्न की कालाबाजारी करने मामला के आरोप में जन वितरण प्रणाली विक्रेता- वैभव आजीविका सखी मंडल की अध्यक्ष जयमाला देवी, पति राकेश सिंह पर हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करा दी है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# किसानों ने सीएम से की सिंचाई कार्य में मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों सहित किसानों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन झारखंड के मुख्यमंत्री को देकर सिंचाई कार्य में मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रतिवर्ष खरीफ व रबी फसल की उपज वर्षा के अभाव में करना दुर्लभ हो गया है। उनके खेतों में लगे फसल भी पानी के अभाव में सूख जाता है। जिससे उन्हें लगातार अकाल का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसानों को भोजन और मवेशियों के बीच चारा का संकट भी होता आया है। जिला पार्षद संगीता देवी सहित कई मुखिया ने मुख्यमंत्री को ध्यान दिलाते हुए कहा है कि बिहार के एक लाख 60 हजार किसानों को मुफ्त बिजली का कनेक्शन सिंचाई कार्य के लिये दिया गया। इसी तर्ज पर यहां के किसनों को बिजली का लाभ दिया जाना चाहिए। इससे उन्हें हरसंभव अकाल का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई पंपसेट से खेती करने के लिये बिजली का कनेक्शन का एग्रीमेंट कराने में उन्हें 20 - 25 हजार रुपये देने की बाध्यता है। जो लघु व सीमांत किसानों के लिये काफी कष्टदायक है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाले प्रखंड क्षेत्र के किसानों में रविरंजन कुमार, अजय सिंह, श्यामदेव सिंह, रमाशंकर सिंह, संजय सिंह, अनील कुमार सिंह, उमर सिंह, कुमार धनंजय सिंह, मिथिलेश सिंह, ललन सिंह, नरेन्द्र सिंह, संजीव कुमार सिंह सहित कई अन्य शामिल हैं।

## हैदरनगर में पंचायत सचिवों के कार्यभार में फेरबदल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड कार्यालय में नये पंचायत सचिवों के पदस्थापन के बाद कार्यभार मं फेरबदल किया गया है। इस संबध में सोमवार की शाम बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने आदेश पत्र जारी कर बताया है कि विकास कार्य में तेजी और जनहित को देखते हुए इनके कार्यभार में बदलाव किया गया है। वर्तमान आदेश के तहत पंचायत सचिव नन्देव उरांव को इमामनगर बरेवा, संड़ेया, कुकही, युगेश्वर यादव को परता, खरगाड़ा व जयकृष्ण सिंह को हैदरनगर पश्चिमी पंचायत का कार्यभार दिया गया है। जबकि पंकज कुमार दास हैदरनगर पूर्वी, चौकड़ी, महेन्द्र कुमार मोकहर कला, बरडंडा व शैलेन्द्र कुमार को बभंडी, बिलासपुर पंचायत का कार्यभार दिया गया है। इसके अलावे जयप्रकाश राम जनसेवक को यथावत रखा गया है। इन्हें आपस में एक दूसरे से प्रभार का आदान प्रदान कर कार्यालय को अविलंब सूचना देने को कहा गया है। तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश की प्रतिलिपि प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक के अलावे जिला पंचायती राज पदाधिकारी व उप विकास आयुक्त को दे दी गई है।

# पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पथरा ओपी पुलिस ने मंगलवार को छापामारी अभियान चलाकर अकौनी गांव के समीप चल रहे अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 10 ड्राम सहित शराब बनाने के कई उपकरण को भी नष्ट किया गया। ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अकौनी गांव के समीप अवैध रुप से महुआ शराब भट्टी संचालित की जा रही है। जिसपर कार्रवाई करते हुए भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं अवैध शराब भट्टी के संचालकों की पहचान की जा रही है। पहचान करने के बाद सभी पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। वही पूछे जाने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में महुआ शराब का धंधा नहा चलने दिया जाएगा। अभियान में पथरा पिकेट प्रभारी सहित पुलिस के कई जवान शामिल थे।

**लचर व्यवस्था** / बिजली, पानी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे आक्रोशित लोग

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं ग्रामीण

- *आदिवासी बहुल इलाका महुआडांड़ में लोगों ने कर दी नाकेबंदी*
- *मांग नहीं पूरी होने तक अनिश्चितकालीन चक्का जाम व बंदी का ऐलान*

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** सरकार के द्वारा विकास योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की तमाम प्रकार के दावे किए जाते हैं। परंतु सरकार के इन दावों में कितनी सच्चाई है। इसका उदाहरण आज लातेहार जिले के महुआडांड़ अनुमंडल मुख्यालय में देखने को मिला। यहां के लोग मंगलवार को बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए सड़क पर उतर गए हैं। क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा बेहतर हो, इसकी मांग को लेकर लोगों ने मंगलवार को महुआडांड़ बंद बुलाया है। वहीं मांग नहीं पुरी होने तक अनिश्चितकालीन चक्का जाम व बंदी की भी चेतावनी दी है।



दरअसल लातेहार जिले के महुआडांड़ का इलाका आदिवासी बहुल इलाका है। इसके बावजूद यह इलाका विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। इस इलाके में आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पेयजल और बिजली की समस्या सालों भर बनी रहती है। परंतु पिछले कुछ दिनों से तो यहां के लोग पानी और बिजली के लिए तरस रहे हैं।

बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था और पेयजल की कमी को दूर करने के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार अधिकारियों से गुहार लगाई जा रही थी। परंतु जब इन समस्याओं के समाधान के प्रति कहीं से कोई सकारात्मक पहल होता नहीं दिखा तो यहां के ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़ लिए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को महुआडांड़ को बंद रखा गया है।

बुनियादी सुविधा को बहाल करने की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह 3 बजे से ही स्थानीय लोग सड़क पर उतर गए हैं। पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी गई है। मामले की जानकारी देते हुए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने बताया कि महुआडांड़ के लोग आजादी के बाद से आज तक बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां बिजली की लचर व्यवस्था के कारण लोगों को इस भीषण गर्मी में दिन-रात परेशान रहना पड़ रहा है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति की भी व्यवस्था यहां अत्यंत दयनीय है।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति के नाम पर अब तक यहां 54 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई है, परंतु इस योजना का लाभ अभी तक यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाकर ग्रामीण थक गए हैं। इसलिए अब यहां के ग्रामीणों के पास आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा हुआ है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को महुआडांड़ को बंद किया गया है। इधर बंदी कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास स्थानीय प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। एसडीएम रतन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। पेयजल विभाग के अधिकारियों को भी पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन के द्वारा लोगों को समझाने का भी प्रयास किया जा रहा है ।हांलाकि महुआडांड़ सीओ संतोष बैठा और बिजली विभाग के जेई धरना-प्रदर्शन स्थल पहुंचे उस लोगो ने एसडीओ को बुलाने को लेकर भागया। वही सभी ने अनिश्चितकालीन बंद को लेकर चौक पर जामे रहे।

## पेज एक का शेष

### राज्य में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

**अवैध खनन से राज्य की छवि हुई धूमिल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन की वजह से राज्य की छवि पर असर पड़ा है । अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार काफी गंभीर है। विशेषकर कोयला, बालू, लौह अयस्क और पत्थर के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, संबंधित विभागीय सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जोनल आईजी, डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुप्रीम कोर्ट का नीट यूजी...

पवित्रता प्रभावित हुई है, और इसलिए हमें जवाब चाहिए। (याचिका पर जवाब देने के लिए) आपको कितना समय चाहिए? अदालत दोबारा खुलने के तुरंत बाद अन्यथा, काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। यदि आपको और समय चाहिए तो हम काउंसलिंग रोक देंगे। एनटीए के वकील ने बताया कि इसी तरह की एक याचिका पर 8 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई होनी है। इस पर अदालत ने कहा, हम इस मामले पर 8 जुलाई को सुनवाई करेंगे। हम इसे लंबित याचिका के साथ टैग कर देंगे। तब तक आप अपना जवाब दाखिल कर दें। इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा के परिणाम की घोषणा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि उसने एनटीए तथा अन्य को नोटिस जारी किया था। परीक्षा में शामिल छात्रों द्वारा दायर याचिका में 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा में कदाचार की गहन एवं जल्द जांच करने का निर्देश देने, और पेपर लीक की जांच पूरी होने तक परिणाम के प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसमें एनटीए को परीक्षा परिणाम वापस लेने और नये सिरे से परीक्षा के आयोजन का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# मणिपुर हिंसा और चुनाव पर मोहन भागवत के बयान ने बढ़ाई हलचल

## चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया, संसद में किसी भी प्रश्न के दोनों पहलू सामने आए इसलिए ऐसी व्यवस्था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान सामने आया है। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है, जब नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और मंत्रालय का भी बंटवारा हो चुका है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए बयान की टाइमिंग ने सियासी हलचल तेज कर दी है। इसके अलावा, उन्होंने अपने बयान में जिन विषयों का चयन किया है, वो भी बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरअसल, मोहन भागवत ने कहा, चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया है। सहचित्त संसद में किसी भी प्रश्न के दोनों पहलू सामने आए इसलिए ऐसी व्यवस्था है। चुनाव प्रचार में जिस प्रकार एक-दूसरे को लताड़ना, तकनीकी का दुरुपयोग, असत्य प्रसारित करना ठीक नहीं है। राजनीतिक जगत में मोहन भागवत के इस बयान को सत्तापक्ष के लिए नसीहत के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। इसके अलावा, वो विपक्ष पर भी जोर देते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि 'विरोधी' की जगह 'प्रतिपक्ष' होना चाहिए। उनके बयान से यह साफ जाहिर होता है कि वो ऐसा कहकर विपक्ष का पक्ष ले रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने मणिपुर हिंसा पर भी अपनी बात रखी। मणिपुर में अभी भी हिंसा की आग रह रहकर सुलग जा रही है। शांति स्थापित करने की दिशा में ढेर सारे कदम उठाए गए लेकिन अभी तक इस हिंसा के दबने और इन कदमों के कोई सकारात्मक नतीजे सामने नहीं आए हैं। उन्होंने मणिपुर हिंसा पर कहा, एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। इससे पहले 10 साल शांत रहा। पुराना गन कल्चर समाप्त हो गया ऐसा लगा और अचानक जो कलह वहां पर उपजा या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है।



### संघ की पत्रिका 'ऑर्गेनाइजर' ने लिखा

## संघ भाजपा की क्षेत्रीय ताकत नहीं है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव के नतीजे अति आत्मविश्वास वाले भाजपा कार्यकताओं और उनके कई नेताओं के लिए एक 'रियलिटी चेक' के रूप में सामने आए हैं, क्योंकि वे अपने बुलबुले में खुश थे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चमक का आनंद ले रहे थे, लेकिन सड़क पर आवाजें नहीं सुन रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका में यह बात कही गई है। 'ऑर्गेनाइजर पत्रिका' के ताजा अंक में छपे एक लेख में कहा गया कि आरएसएस भाजपा की क्षेत्रीय ताकत नहीं है। लेकिन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने चुनावी काम में स्वयंसेवकों से सहयोग मांगने के लिए उनके पास नहीं पहुंचे। इसमें कहा गया है कि उन पुराने समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा भी चुनाव परिणामों में स्पष्ट दिखाई दी, जिन्होंने नए दौर के सोशल मीडिया समर्थित सेल्फी कार्यकताओं से मान्यता के बिना काम किया। आरएसएस की आजीवन सदस्य रहे रतन शारदा ने लेख में कहा, 2024 के आम चुनाव के नतीजे अति आत्मविश्वास से भरे भाजपा कार्यकताओं और कई नेताओं के लिए रियलिटी चेक के रूप में आए हैं।

उन्हें इस बात का एहसास नहीं था कि प्रधानमंत्री मोदी का 400 से ज्यादा सीट का आह्वान उनके लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए यह एक चुनौती थी। बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई भाजपा। इन चुनावों में भाजपा 240 सीट के साथ बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाई। हालांकि, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने लोकसभा की 293 सीट के साथ जनादेश हासिल किया। वहीं, कांग्रेस को 99 सीट पर जीत मिली। जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 234 सीट पर जीत दर्ज की। चुनाव के बाद जीतने वाले दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी कांग्रेस को समर्थन देने का वादा किया है। जिससे विपक्षी गठबंधन में सीट की सीट की संख्या 236 हो गई।

### इन मंत्रियों ने संभाला पदभार



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कार्यभार संभाला।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेल भवन में अपना कार्यभार संभाल लिया।



गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया।



शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने मंगलवार को शास्त्री भवन में अपना कार्यभार संभाल लिया।

## नड्डा के मंत्री बनने के बाद भाजपा को अध्यक्ष की तलाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद पार्टी को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश करनी है। भाजपा में आमतौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के मुताबिक, सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने की परंपरा रही है। भाजपा के संविधान की धारा-19 के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश परिषद के सभी सदस्य शामिल होते हैं। इससे पहले पार्टी को जिला से लेकर राज्य स्तर तक चुनाव की लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्धारित नियमों के अनुसार ही कराया जाता है। पार्टी संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वही व्यक्ति हो सकेगा जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 वर्ष तक प्राथमिक सदस्य रहा हो। निर्वाचक मंडल में से कोई भी 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की अर्हता रखने वाले व्यक्ति के नाम का



*नामांकन पत्र पर उम्मीदवार की स्वीकृति आवश्यक है।*

संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकेंगे। यह संयुक्त प्रस्ताव कम से कम ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों। नामांकन पत्र पर उम्मीदवार की स्वीकृति आवश्यक है। इससे पहले आम तौर पर देशभर में पार्टी सदस्यता अभियान भी चलाती है। ऐसे में इस सारी प्रक्रिया को पूरा होने में तीन से चार महीने का वक्त लगता है। यही वजह है कि निर्वाचन प्रक्रिया से गुजर कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन में लगने वाले समय को देखते हुए पार्टी स्तर पर कई विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

## पीएम का सभी से नियमित योगाभ्यास का आह्वान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पोस्ट पर आज योग के महत्व पर चर्चा की है। उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

महत्वपूर्ण यह है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सूत्रधार प्रधानमंत्री मोदी हैं।



उन्होंने लिखा है, "जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है, मैं वीडियो का एक सेट साझा कर रहा हूं जो विभिन्न आसन और उनके लाभों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुझे आशा है कि यह आप सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, " योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। योग शांति का अभयारण्य प्रदान करता है, जो हमें शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।

## लोस चुनाव में मतदान करने वाले 4 बांग्लादेशी धराये

**मुंबई।** एटीएस ने मुंबई में फर्जी दस्तावेज से लोस चुनाव में मतदान करने वाले चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों को फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद करने वाले शख्स की तलाश जारी है। एटीएस ने रियाज हुसैन शेख (33 वर्ष) को अंधेरी से, सुल्तान सिद्दिकी शेख (54 वर्ष) को मालाड मालवणी से, इब्राहिम शफीउल्लाह शेख (46 वर्ष) को माहुल गांव और फारूक उस्मान गनी शेख (39 वर्ष) को जोगेश्वरी से गिरफ्तार किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सुल्तान ने फोन पर बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का फोन आया। सुल्तान हैथम बिन तारिक ने हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार तारिक ने ओमान और भारत के बीच सदियों पुराने मैत्री संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने भारत के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और दिसंबर 2023 में भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा का जिक्र किया, जिससे सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में मजबूती आई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए भारत-ओमान साझेदारी को और गहरा तथा मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने तारिक और ओमान के लोगों को आने वाली ईद अल अजहा पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## बालियान अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार : संगीत

**मेरठ।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं में आरोपों का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सपा प्रत्याशी को खुलकर चुनाव लड़ाया। इस पर पलटवार करते हुए संगीत सोम ने कहा कि उन्हें अपनी बात पार्टी फोरम पर रखनी चाहिए, हम भी वहीं अपनी बात रखेंगे। हार के लिए संजीव खुद जिम्मेवार हैं।

### सात पर सवाल

## यूपी के कई सांसदों के दोषी पाए जाने पर छिन सकती है सदस्यता

# अफजाल, धर्मेंद्र, इरफान व चंद्रशेखर के लिए खतरा

*दो वर्ष से अधिक की सजा हुई तो इनकी लोकसभा सदस्यता छीनी जा सकती है।*

एजेंसी

**लखनऊ ।** इंडिया ब्लॉक के कम से कम छह नवनिर्वाचित सांसदों के अलावा एक अन्य सांसद पर कई तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में उन्हें दो वर्ष से अधिक की सजा हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो इन सांसदों की सदस्यता खत्म की जा सकती है। गाजीपुर सीट से जीतने वाले अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में पहले ही चार साल की सजा सुनाई जा चुकी है। पिछले महीने इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी और इससे उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति मिल गई। इस मामले



की सुनवाई जुलाई में होनी है। अगर अदालत ने अंसारी की सजा बरकरार रखी तो उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। आजमगढ़ सीट से जीतने वाले धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भी चार मामले लंबित हैं, अगर उन्हें दो साल की सजा होती है तो उनकी सदस्यता भी जा सकती है। जौनपुर सीट से जीते बाबू सिंह कुशवाहा पर एनआरएचएम घोटाले से जुड़े कई मामले चल रहे हैं। यह घोटाला उस समय का है जब वह मायावती सरकार में मंत्री हुआ करते थे। उनके खिलाफ 25 मामले दर्ज है, जिसमें से आठ में आरोप तय हो चुके हैं।

सुल्तानपुर सीट से भाजपा की मेनका गांधी को हराकर जीतने वाले राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक मामला गैंगस्टर एक्ट के तहत भी है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव के कमजोर विजेताओं में भी शामिल हैं। चंदौली लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को हराने वाले वीरेंद्र सिंह पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के यह नेता अगर दोषी पाए गए तो यह उनके लिए बुरी खबर हो सकती है। वहीं सहारनपुर सीट से कांग्रेस के इमरान मसूद के खिलाफ भी आठ मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जिसे ईडी ने दर्ज किया है। वहीं दो मामलों में उनके खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं।

### चंद्रशेखर आजाद पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं

नगीना आरक्षित सीट से जीतने वाले आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार चंद्रशेखर आजाद पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अगर उन्हें किसी एक मामले में दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो यह उनके राजनीतिक करियर के लिए बुरा होगा। गौरतलब है कि आपराधिक मामलों में दोषी पाए जाने के बाद कई राजनीतिक नेताओं को अपनी सदस्यता खोनी पड़ी है।

## अमरावती ही है आंध्र प्रदेश की राजधानी : चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से एक दिन पहले मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी घोषित किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद नवनिर्वाचित विधायकों को संबोधित करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार तीन राजधानियों के नाम पर राज्य के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करेगी और अमरावती को राजधानी के रूप में विकसित करने का काम जारी रखेगी। राज्य की राजधानी के रूप में अमरावती के विकास को रोकने के लिए पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, राज्य से तेलंगाना के



*सरकार 3 राजधानियों के नाम पर राज्य के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करेगी*

अलग होने के 10 साल बाद भी हम यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि राज्य की राजधानी कहां है। जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के टीडीपी सरकार के निर्णय को 2019 में पलट दिया था।